RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 247
लखनऊ, मंगलवार, 28 जून, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



टीम की तैयारियों से संतुष्ट हैं कोच राहुल द्रविड़
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# सुप्रीम कोर्ट से शिंदे गुट को राहत

## अयोग्यता पर 11 जुलाई तक नहीं होगा निर्णय

- अयोग्यता नोटिस की वैधानिकता को चुनौती देने वाले बागी विधायकों की याचिकाओं पर जवाब मांगा
- एकनाथ शिंदे ने सर्वोच्च अदालत के फैसले को बाल ठाकरे के हिंदुत्व की जीत बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष द्वारा जारी अयोग्यता नोटिस के खिलाफ शिवसेना के बागी विधायकों को राहत प्रदान करते हुए सोमवार को कहा कि संबंधित विधायकों की अयोग्यता पर 11 जुलाई तक फैसला नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत ने अयोग्यता नोटिस की वैधानिकता को चुनौती देने वाले बागी विधायकों की याचिकाओं पर जवाब मांगा है। इसके साथ ही महाराष्ट्र सरकार को शिवसेना के सभी बागी विधायकों और उनके परिवार की सुरक्षा करने का निर्देश भी दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र सरकार की उस याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिसमें विधानसभा में बहुमत परीक्षण नहीं कराए जाने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने कहा कि वे किसी भी अवैध कदम के खिलाफ अदालत का रुख कर सकते हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को शिवसेना के 39 बागी विधायकों और उनके परिवार के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की सुरक्षा करने का निर्देश भी दिया। महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष को नोटिस ( शेष पेज 4 )



ठाणे में संजय राउत के विरुद्ध प्रदर्शन करते शिंदे गुट के समर्थक शिवसेना कार्यकर्ता

### उद्धव ठाकरे ने नौ बागी मंत्रियों के विभाग छीने

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने गुवाहाटी के होटल में ठहरे हुए नौ बागी मंत्रियों के विभाग छीन लिए और उन्हें अन्य मंत्रियों को आवंटित कर दिए। आधिकारिक बयान के अनुसार, बागी मंत्रियों के विभाग अन्य मंत्रियों को इसलिए दिए गए हैं, ताकि प्रशासन चलाने में आसानी हो। शिवसेना के अब चार कैबिनेट मंत्री हैं जिनमें मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे आदित्य ठाकरे, अनिल परब और सुभाष देसाई शामिल हैं। आदित्य ठाकरे को छोड़कर शेष तीन विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) हैं। महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में शिवसेना के नौ मंत्री अब एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले बागी गुट में शामिल हो चुके हैं। शिंदे के शहरी विकास और सार्वजनिक उपक्रम विभाग को शिवसेना के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के उद्योग मंत्री सुभाष देसाई को दिया गया है। ( शेष पेज 4 )

### ईडी ने भेजा समन, राउत ने बताया बड़ी साजिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई

**महाराष्ट्र** में उद्धव ठाकरे सरकार पर छाए संकट के बादल छंटने का नाम नहीं ले रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना के सांसद संजय राउत को मुंबई की एक चॉल के पुन:विकास और उनकी पत्नी और मित्रों से जुड़े अन्य वित्तीय लेन-देन से जुड़ी धन शोधन की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए मंगलवार को तलब किया है। संजय राउत ने इसे सरकार पर आए संकट से जोड़ते हुए कहा कि उन्हें चाहे कितना भी प्रताड़ित किया जाए, वह गुवाहाटी नहीं जाएंगे।

राउत ने इस समन को साजिश बताया है और कहा कि वह झुकेंगे नहीं, उन्हें गिरफ्तार किया जाए। मालूम हो कि गुहावाटी में ही एकनाथ शिंदे गुट के विधायक ठहरे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि



राज्यसभा के सदस्य राउत से कहा गया है कि वह 28 जून को दक्षिण मुंबई में स्थित संघीय जांच एजेंसी के दफ्तर में उसके अधिकारियों के सामने पेश हों और धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराएं। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर हुआ है जब शिवसेना के विधायकों की बगावत की वजह से महाराष्ट्र की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के भविष्य पर सवालिया निशान लगा हुआ है। ( शेष पेज 4 )

# मोदी ने बाइडन, मैक्रों और जस्टिन टूडो से मुलाकात की

**भाषा।** इलमाउ (जर्मनी)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां जी-7 शिखर सम्मेलन स्थल पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो से मुलाकात की। समूह फोटो खिंचवाने से पहले इन नेताओं के बीच बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी जी7 के शिखर सम्मेलन के लिए रविवार से दो दिवसीय यात्रा पर जर्मनी में हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने दक्षिणी जर्मनी में शिखर सम्मेलन में उनका स्वागत किया।

समूह फोटो सत्र से पहले, राष्ट्रपति बाइडन प्रधानमंत्री मोदी की ओर चले गए और उन्होंने एक-दूसरे का अभिवादन किया और गर्मजोशी से हाथ मिलाया। समूह फोटो के लिए कनाडा के अपने समकक्ष टूडो के बगल में खड़े प्रधानमंत्री मोदी को भी कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते देखा गया। दोनों नेताओं का आज शाम को द्विपक्षीय बैठक करने का कार्यक्रम है। मोदी और मैक्रों आपस में गले मिले और समूह फोटो के बाद बातचीत की। जैसे ही जी-7 के नेता शिखर सम्मेलन स्थल के अंदर गए, दोनों नेताओं ने अपनी चर्चा जारी रखी और एक साथ अंदर चले गए। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्विटर पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडन, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो से मुलाकात की। ( शेष पेज 4 )



जर्मनी के इलमाउ में जी-7 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### चीन के जवाब में जी-7 लेकर आया 600 अरब डॉलर की ढांचागत निवेश योजना

**एल्माउ ( जर्मनी )।** दुनिया के सात विकसित देशों के संगठन समूह-7 के नेताओं ने भारत जैसे विकासशील देशों में ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2027 तक 600 अरब डॉलर का वित्त जुटाने की महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया है। जी-7 देशों की इस पहल को चीन की तरफ से चलाई जा रही बेल्ट एवं रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। ( शेष पेज 4 )

# यशवंत सिन्हा ने किया नामांकन टीआरएस समेत 16 दल साथ

- विपक्ष ने राष्ट्रपति चुनाव को दो व्यक्तियों नहीं, दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई करार दिया

**पायनयिर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** पद के लिए 18 जुलाई को होने जा रहे चुनाव में विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने सोमवार को राहुल गांधी और शरद पवार समेत 16 प्रमुख विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर विपक्षी नेताओं ने कहा कि यह चुनाव दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि दो विचारधाराओं के बीच है। यशवंत सिन्हा ने नामांकन पत्रों के चार सेट राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को सौंपे।

पीसी मोदी राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर सिन्हा की पत्नी नीलिमा भी मौजूद थीं। नामांकन पत्र के पहले सेट में प्रस्तावक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे थे, जबकि दूसरे सेट के प्रस्तावक तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय थे।

द्रमुक के नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव नामांकन पत्रों के दो अन्य सेट के प्रस्तावक थे। सिन्हा ने राष्ट्रपति चुनाव लिए 15000 रुपये की जमानत राशि जमा की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सिन्हा के नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, द्रमुक नेता ए राजा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला मौजूद थे। ( शेष पेज 4 )



नई दिल्ली में विपक्षी नेताओं के साथ राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते यशवंत सिन्हा

# जम्मू कश्मीर में दो आतंकी एक घुसपैठिया मार गिराए गए

- डोडा जिले में एक आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**भाषा।** श्रीनगर, जम्मू

**जम्मू** कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जिले के त्रबजी इलाके में नौपुरा-खेरपुरा में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वे किस आतंकवादी संगठन से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि अंतिम सूचना मिलने तक अभियान जारी था। वहीं जम्मू जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सोमवार को सुबह सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक घुसपैठिए को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद जवानों ने घुसपैठिए को बाड़ की दिशा में बढ़ते देखा था। उन्होंने कहा, हमारे जवानों ने उसे रुकने के लिए कहा लेकिन उसने चेतावनी को अनसुना कर दिया और बाड़ की दिशा में लगातार बढ़ता रहा। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए पर तीन राउंड गोली चलाई और कहा कि उसका शव बाड़ के नजदीक पड़ा मिला। दूसरी ओर जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान डोडा के कोटी गांव के निवासी फरीद अहमद के रूप में हुई है।



डोडा में पकड़ा गया आतंकी और बरामद हथियार

# वायुसेना को अग्निवीर भर्ती के लिए मिले 94,000 आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** वायुसेना को अग्निपथ भर्ती योजना के तहत पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होने के चार दिन के अंदर अग्निवीर वायु के लिए 94,281 आवेदन मिले हैं। योजना की घोषणा 14 जून को की गई थी जिसके बाद इसके खिलाफ कई राज्यों में करीब एक सप्ताह तक हिंसक प्रदर्शन हुए और कई विपक्षी दल इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने ट्विटर पर लिखा कि (सोमवार को) सुबह 10:30 बजे तक कुल 94,281 लोगों ने अग्निवीर वायु के लिए आवेदन किया है। वायुसेना को योजना के तहत रविवार तक 56,960 आवेदन मिले थे। सरकार ने कहा है कि योजना के तहत साढ़े 17 से 21 साल की उम्र के बीच के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए सेना में शामिल किया जाएगा और उनमें से 25 फीसदी को बाद में नियमित सेवा में शामिल किया जाएगा।

# राजनाथ ने मलेशियाई समकक्ष से रक्षा संबंधों पर बातचीत की

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अपने मलेशियाई समकक्ष हिशामुद्दीन बिन हुसैन से डिजिटल माध्यम से बातचीत की तथा दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। सिंह ने ट्वीट किया, मलेशिया के वरिष्ठ रक्षा मंत्री हिशामुद्दीन बिन हुसैन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बेहतरीन बातचीत हुई। उन्होंने भारत और मलेशिया के बीच मजबूत रक्षा संबंधों की पुष्टि की तथा दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान सिंह ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जिनमें भारतीय रक्षा उद्योग मलेशिया की सहायता कर सकता है। सिंह ने भारतीय रक्षा उद्योग के प्रतिष्ठानों और उत्पादों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए मलेशिया के वरिष्ठ अधिकारियों की भारत यात्रा का सुझाव दिया। बयान के अनुसार हुसैन ने शांति रक्षा मिशन में महिला



कर्मियों को शामिल करने की आवश्यकता व्यक्त की। बयान में कहा गया, दोनों पक्ष इस मुद्दे पर एक-दूसरे के साथ वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए। मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों के लिए क्षमता को उन्नत करने पर भी सहमति बनी। बयान में कहा गया है कि अगली मलेशिया भारत रक्षा सहयोग बैठक (एमआईडीसीओएम) जुलाई 2022 में होने वाली है और इस मंच का उपयोग रक्षा में भागीदारी प्रगाढ़ करने के लिए करने का निर्णय लिया गया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 17 जून को अपने मलेशियाई समकक्ष सैफुद्दीन अब्दुल्ला के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के संबंध में चर्चा की थी।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,161 | ↑ 433 | |
| निफ्टी | 15,832 | ↑ 133 | |
| सोना | 50,885 | ↑ 262 | /10g |
| चांदी | 60,490 | ↑ 741 | /kg |

## क्विक न्यूज

### राम नगरी में हैंड ग्रेनेड मिलने से मचा हड़कंप

**अयोध्या।** श्रीराम नगरी अयोध्या कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र के निर्मली कुंड चौराहे पर अचानक हड़कंप मच गया जब दर्जनों हैंड ग्रेनेड मिले। एक स्थानीय युवक की जानकारी पर जब यहां मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम पहुंची तो उसे कुछ ही दूरी के भीतर पेड़ों और झाड़ियों के बीच 12 से 15 हैंड ग्रेनेड पड़े हुए मिले। मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम ने ग्रेनेड नष्ट करा दिए हैं। इतनी बड़ी संख्या में ग्रेनेड कहां से आए, फायरिंग प्रैक्टिस स्थल से इतनी दूरी पर लाकर इन्हें क्यों फेंका गया, इसकी जांच शुरू की गई है। यह पूरा क्षेत्र सेना की निगरानी में रहता है और रात्रि 10 बजे के बाद आवाजाही की भी मनाही हो जाती है। सेना का इस तरह का सेंटर जहां हैंड ग्रेनेड की प्रैक्टिस होती है, वह इस स्थान से लगभग ढाई से तीन किलोमीटर दूर है।

# अयोध्या में बनेगा लाइव रामायण परिसर

- संपूर्ण रामायण की होगी जीवंत अनुभूति

**भाषा।** नई दिल्ली

**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण के बाद श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की योजना इस पौराणिक नगरी में लाइव रामायण परिसर बनाने की है जहां संपूर्ण रामायण की जीवंत अनुभूति हो सकेगी। इसके लिए न्यास अयोध्या में मंदिर परिसर से बाहर जमीन की तलाश कर रहा है। ट्रस्ट के न्यासी एवं पेजावर मठ के पीठाधिपति जगदगुरू मध्वाचार्य विश्व प्रसन्न तीर्थ स्वामी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के पास इतने संसाधन हैं कि इस जीवंत रामायण परिसर की कल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विविध भारतीय संस्कृति का उत्कृष्ट केंद्र बनाने की भी योजना है। इसके तहत सभी राज्यों की सरकारों से अयोध्या में अपने स्थापत्य और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला राज्य का भवन बनाने का प्रस्ताव दिया जाएगा। पेजावर मठ के पीठाधिपति ने कहा कि न्यास इस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में काम कर रहा है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों को पूरे भारत और उसकी संस्कृति का दर्शन हो। उन्होंने कहा, इसलिए राम मंदिर का निर्माण होने के बाद रामायण परिसर ( शेष पेज 4 )



निर्माणाधीन राम मंदिर का मॉडल

# ऐसा समाज बने कि विधवा और निराश्रित महिला आश्रय की जरूरत न हो: राष्ट्रपति

**भाषा।** मथुरा

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने विधवा महिलाओं के प्रति समाज में व्याप्त कुप्रथाओं का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि वह एक ऐसे समाज की कल्पना करते हैं, जिसमें विधवा और निराश्रित महिला आश्रय सदनों का निर्माण करने की जरूरत न पड़े। कोविंद ने अपनी वृन्दावन यात्रा के दौरान केंद्र सरकार के सहयोग से विधवा एवं निराश्रित महिलाओं के पुनर्वास के लिए निर्मित कृष्णा कुटीर आश्रय सदन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारा समाज सदियों से चली आ रही कुप्रथाओं को दरकिनार कर विधवा, परित्यक्त एवं निराश्रित महिलाओं को इस प्रकार स्वीकार करे कि उन्हें फिर किसी अन्य स्थान पर जाकर किसी के आश्रय में न रहना पड़े और वे परिवार के अन्य सदस्यों की तरह ही उनके साथ मिल-जुलकर रहें। राष्ट्रपति वृन्दावन में कृष्णा कुटीर आश्रय सदन में प्रवास कर रहीं विधवा एवं निराश्रित महिलाओं के बारे में जानने-समझने पहुंचे थे। उन्होंने कहा मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि यहां विधवा माताएं भारतीय समाज की आम धारणा के विपरीत रंगीन साड़ियों में दिख रही हैं। यह उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन है। पता नहीं किन कारणों से समाज ने इन्हें आम जीवन को त्यागकर श्वेतवस्त्र धारी के रूप में तमाम बंदिशें लगाकर एक नीरस जीवन जीने के लिए अभिशप्त कर दिया था।



वृंदावन के आश्रय सदन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

कोविंद ने बीसवीं सदी में विधवा उद्धार की दिशा में बड़ा कदम उठाने वाले बंगाल के प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राममोहन राय का हवाला देते हुए कहा कि सुलभ इण्टरनेशनल के संस्थापक डॉ. बिन्देश्वरी पाठक भी उसी दिशा में इन महिलाओं के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें भी अपनी सोच को समय के अनुसार बदलना चाहिए। उनके जीवन में यह परिवर्तन बरकरार रहना चाहिए। राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने इस मौके पर कहा कि किसी समय औरों के लिए भजन-कीर्तन कर जीवन-यापन करने वाली माताएं अब आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं और अपनी आय के स्रोत पैदा कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार ने हर बड़े शहर में इसी प्रकार के आश्रयों का निर्माण करने का निर्णय किया है, जिससे किसी भी महिला को विपरीत परिस्थितियों में दर-दर न भटकना पड़े। इस मौके पर राष्ट्रपति ने इन महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टॉल पर जाकर सभी का मुआयना किया और उनके बारे में जानकारी प्राप्त कर उनके प्रयासों के लिए बधाई भी दी। राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं को साड़ी एवं वेलनेस किट भी भेंट किए। महिलाओं ने भी अपनी ओर से राष्ट्रपति को भगवान पर चढ़ाए गए फूलों को सुखाकर बनाए गए रंग एवं अगरबत्ती के पैकेट भेंट किए। इससे पहले, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपनी पत्नी सविता कोविंद और बेटी स्वाति के साथ ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पूजाअर्चना की। इस बीच, राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर वृन्दावन को छावनी में तब्दील कर दिया गया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि रविवार शाम से ही वृन्दावन में भारी वाहनों के प्रवेश एवं मंदिर क्षेत्र में स्थानीय वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी गई थी, यह रोक राष्ट्रपति के यहां से रवाना होने के बाद ही समाप्त होगी।

# मानवता को बचाना है तो करनी होगी धरती की रक्षा

● मुख्यमंत्री योगी ने गोष्ठी में दिया प्राकृतिक खेती पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हमें अगर मानवता की रक्षा करनी है तो धरती माता की रक्षा भी करनी होगी। धरती माता के लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर जाना ही होगा। यही किसान के सतत व समान विकास का माध्यम होगा।

सीएम योगी सोमवार को यहां प्राकृतिक खेती पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में जहां ऋषि और कृषि एक दूसरे से जुड़े हुए थे। गोवंश न केवल आस्था बल्कि अर्थव्यवस्था का भी आधार था। प्राकृतिक खेती उस आस्था के साथ अर्थव्यवस्था को सम्बल प्रदान कर सकता है। सीएम ने कहा कि हम लोगों ने दो-ढाई वर्ष पहले कानपुर में प्राकृतिक खेती पर एक सेमिनार आयोजित किया था। 500 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने उसमें प्रतिभाग किया था। इसका परिणाम है कि आज प्रदेश में हजारों हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती होनी प्रारंभ हो गई है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि हमें विषमुक्त खेती देनी है। ऐसी दशा में रासायनिक पेस्टीसाइड फर्टिलाइजर की बचत करते हुए किसान स्वयं अपनी खेती को आगे बढ़ा सकता है। उन्होने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे कृषि वैज्ञानिक, किसानों को प्रोत्साहित करके अधिक से अधिक भूमि पर प्राकृतिक खेती को विस्तार देंगे।

सीएम योगी ने कहा कि देश में सबसे अच्छी उर्वरा भूमि उत्तर प्रदेश के पास है। सर्वाधिक किसान हमारे पास हैं। सबसे अच्छा जल संसाधन हमारे पास है। देश की कुल कृषि भूमि का 12 फीशदी उत्तर प्रदेश में है लेकिन अभी जब हमने तकनीक का बहुत प्रयोग नहीं किया है, तब भी हम देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीशदी उत्पादन कर रहे हैं। अगर हम सही वैज्ञानिक सोच के साथ प्राकृतिक खेती को सही से लागू कर सकेंगे तो हम उत्पादन बढ़ाने में तो सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बचपन में जब पुष्प तोड़ते थे, तो उसमें खुशबू होती थी। उत्तराखंड में तो फूलों की घाटी प्रसिद्ध है। यहां इतनी खुशबू होती है कि किसी को कोई परेशानी न हो, इसलिए रात्रि में किसी को रुकने की मनाही है। आज हम जब रासायनिक फर्टिलाइजर का उपयोग कर पुष्प उत्पादन कर रहे हैं। जिससे इसका आकार बड़ा हो गया हो लेकिन उसकी खुशबू गायब हो गई है। उसके अंदर जो गुण था, वह कम हुआ है। इसी प्रकार हो सकता है कि हरित क्रांति के प्रयासों से हमारा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा हो, लेकिन भोजन के स्वाद में तो अंतर आया ही है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती पर सदैव जोर दिया है। केंद्रीय बजट में भी इसके लिए प्रावधान किया है। हम सभी अगर इससे जुड़ेंगे तो निश्चित ही अच्छे परिणाम आएंगे। राज्य सरकार ने 2020 में गंगा के दोनों तटों पर 5-5 किलोमीटर तक प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम शुरू किया है। गंगा यात्रा के दौरान इस विषय मे काफी जागरूकता का प्रसार हुआ। उत्तर प्रदेश में 27 जनपद गंगा से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा इस बजट में हमने बुंदेलखंड के 7 जिलों में प्राकृतिक खेती के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि, रोज़गार का सबसे बड़ा माध्यम है। सर्वाधिक किसान हमारे यहां हैं। प्रदेश में 2 करोड 55 लाख किसान पीएम किसान का लाभ उठा रहे हैं। यानी 2 करोड़ 55 लाख लोग खेती से जुड़कर रोजी.रोज़गार कर रहे हैं। खाद्यान्न उत्पादन में भी हम श्रेष्ठ हैं। गेहूं, फल,सब्जी, दुग्ध, गन्ना, चीनी उत्पादन में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

## प्रदेश में वयस्कों के टीकाकरण का कार्य पूराः बृजेश पाठक

**लखनऊ।** कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सोमवार को प्रदेश में टीकाकरण के लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि यूपी में वयस्कों के कोरोना टीकाकरण का काम 100 फीसदी पूरा हो गया है। जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर प्रदेश में शत-प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है और अब हम तेजी से बच्चों का टीकाकरण कर रहे हैं। बता दें कि देश में वैक्सीनेशन के मामले में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर है। यहां 14,25,40966 करोड़ लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाई जा चुकी है। वहीं 35,26,740 लोगों को प्रिकॉशन डोज भी दी जा चुकी है। प्रदेश में अब 15-17 साल के बच्चों को भी वैक्सीन की डोज तेजी से लगाई जा रही है।




प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से सोमवार को राजभवन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने शिष्टाचार भेंट की

## राज्यपाल ने किया 'प्रोजेक्ट डिजिटल शाला' का लोकार्पण

● डिजिटल शाला प्रोजेक्ट का माडल बाराबंकी के 75 स्कूलों में लागू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को जनपद बाराबंकी में मुस्कान ड्रीम क्रियेटिव फाउंडेशन के प्रोजेक्ट डिजिटल शाला का लोकार्पण किया। हिन्द मेडिकल कालेज, बाराबंकी में आयोजित इस लोकार्पण समारोह में राज्यपाल ने शिक्षकों को प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग पर आधारित डिजिटल कौशल व प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिजिटल शाला प्रोजेक्ट के माडल को बाराबंकी के 75 स्कूलों में लागू करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके स्तर को उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों में लागू किए जाने योग्य बताया। उन्होंने कहा कि मुस्कान ड्रीम सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए डिजिटल शिक्षण - अवसरों को साकार करके और शिक्षकों को डिजिटल प्रणाली में सशक्त बनाकर उनके बीच की खाई को समाप्त करने का समाधान कर रहा है। डिजिटल शाला शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता व दक्षता प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण पोर्टल है। पोर्टल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और इसे डिजिटल माध्यम से जोड़ना है। राज्यपाल ने डिजिटल पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक इस पोर्टल पर छात्रों के प्रोफाइल का प्रबन्धन कर सकते हैं और शैक्षणिक परिणाम बना सकते हैं। छात्र शाला पोर्टल में लॉगइन कर सकते हैं और सूचनात्मक वीडियो के साथ समृद्ध वातावरण में सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में आज एक तरफ इनोवेशन का जुनून है तो दूसरी तरफ उन इनोवेशन को तेजी से स्वीकार करने का जज्बा भी है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के परिणामस्वरूप ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा मिला। हमने शिक्षण के नए तरीके -ऑनलाइन शिक्षण पद्धति को अपनाना सीख लिया है, ऑनलाइन शिक्षा को आउटकम आधारित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाना जरुरी है। टीचर्स डेवलपमेंट प्रोग्राम, न्यू टेक्नोलॉजी, टीचिंग लर्निंग के क्वालिटी बेंच मार्क बनाकर कार्य किया जाए। राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति में ऑनलाइन शिक्षा को विशेष स्थान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह नीति हमारे देश को सतत् विकास के लिए अग्रसर करेगी। प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सतीश चन्द्र शर्मा ने मुस्कान ड्रीम फाऊंडेशन द्वारा 'डिजिटल शाला प्रोजेक्ट' को बाराबंकी में प्रारम्भ करने पर टीम के सभी सदस्यों और प्रभारियों को धन्यवाद दिया।

## भाजपा महिला मोर्चा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** अध्यक्ष महिला मोर्चा व सांसद राज्यसभा गीता शाक्य की अध्यक्षता में 25 जून से चल रहा तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण शिविर सोमवार को समाप्त हो गया। प्रशिक्षण कुल 11 सत्रों में आयोजित किया गया था। द्वितीय दिवस मीडिया की राजनीतिक क्षेत्र में भूमिका वा उपयोगिता विषय पर राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का मार्गदर्शन महिला मोर्चा को दिया गया। इसी के साथ रेखा वर्मा, नीलिमा कटियार, केतकी, प्रज्ञा द्विवेदी, अनुपमा जायसवाल आदि कई विधायकों ने द्वितीय दिवस पर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। द्वितीय दिवस का अंतिम सत्र डिप्टी सीएम बृजेश पाठक द्वारा संबोधित किया गया। सोमवार को तृतीय दिवस के दसवें सत्र में राज्यसभा सांसद दर्शन सिंह का भारतीय नारी की दशा और दिशा विषय पर प्राप्त हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पार्टी की विचारधारा व कार्यपद्धती विषय पर बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प से बीजेपी निरंतर सशक्त होती जा रही है। भाजपा वंश वादी नहीं परिवार वादी नहीं बल्कि राष्ट्रवादी पार्टी है। निस्वार्थ काम करना ही भाजपा की कार्य पद्धति है। निर्णय निर्दोष हो और पर्याप्त चर्चा के बाद ही कार्य का कार्यान्वयन हो यही कार्यकर्ता की प्राथमिकता होनी चाहिए। गीता शाक्य ने महिलाओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहां की सदैव धैर्य के साथ पार्टी की कार्यशैली का क्रियान्वयन करते रहना ही कार्यकर्ता की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए।

### सहकारिता मंत्री ने कोआपरेटिव बैंक की 13 नई शाखाओं का किया शुभारंभ

## पांच वर्षों में यूपी में 100 शाखाएं खोलने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** कोआपरेटिव बैंक लि. मुख्यालय भवन से सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने बैंक की 13 नई शाखाओं का शुभारंभ किया। इनमें क्रमशः फतेहपुर, मथुरा, गौतमबुद्धनगर, कानपुर देहात, कन्नौज, संभल, ज्योतिबा फूले नगर, हापुड़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, गोरखपुर, महराजगंज एवं औरैया में बैंको का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर बैंक के सभापति तेजवीर सिंह, प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीणा, अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक बैंकिंग बी. चन्द्रकला, शीर्ष सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष तथा विभागीय अधिकारी एवं बैंक के प्रबन्ध निदेशक वीके मिश्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि बैंक की 27 शाखएं पूर्व में ही संचालित हैं। 13 नई शाखाएं खुलने से अब यूपी में कुल 40 शाखाएं हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 50 तथा अगले 5 वर्षों में यूपी में कुल 100 कोआपरेटिव बैंक की शाखाएं खोले जाने का लक्ष्य बनाया जा रहा है। श्री राठौर ने कहा कि प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाना है सरकार की प्राथमिकता पर है। सहकारिता मंत्री ने निर्देश दिए कि 13 नई शाखाओं के माध्यम से 5 लाख नए खाते खोलने एवं अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुॅचकर निक्षेपों तथा ऋण वितरण कराया जाए। प्रमुख सहकारिता बीएल मीणा ने बताया कि वर्तमान में बैंक द्वारा मुख्यतः व्यक्तिगत ऋण 10 लाख रुपए कार ऋण 20 लाख रुपए गृह ऋण 30 लाख रुपए तक दिया जा रहा है, जिसे बढ़ाकर 75 लाख रुपए किया जा रहा है एवं अचल सम्पत्ति के विरूद्ध ऋण 30 लाख रुपए बिजनेस टर्म एवं ट्रेडर्स लोन 40 लाख रुपए तक स्वीकृत किया जा रहा है। भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न सामाजिक योजनाओं यथा.प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अधिकतम 2 लाख रुपए तक, अटल पेंशन योजना अधिकतम 5000 तक, पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर योजना 50000 रुपए तक एवं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति योजना को जनता तक पहुंचाना एवं ग्राहकों की संख्या को बढ़ाना है।

## पहली जुलाई से होगी सौ दिनों की कार्ययोजनाओं की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** के तेज विकास के लिए योगी सरकार द्वारा सौ दिनों की कार्ययोजना की हकीकत को परखने का काम पहली जुलाई से शुरू होगा। कार्ययोजना की प्रगति का पहले संबंधित विभाग अपने स्तर से समीक्षा करेगे और फिर पन्द्रह जुलाई के बाद विभागीय मंत्री के साथ सीएम योगी सौ दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा करेगे।

राज्य की सत्ता की बागडोर संभालने के बाद से योगी सरकार पूरे अक्रामक अदांज में काम कर रही है। सरकार बनते ही राज्य के विकास के सौ दिन, छह माह तथा एक साल की कार्ययोजना तैयार की गई थी। मंत्रियों की देखरेख में विभागवार तैयार कार्ययोजनाओं को मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद जमीन पर उतारने के लिये सम्बंधित विभागों को सौप दी गई थी। जानकारों का कहना है कि कार्ययोजनाओं के सौ दिन पूरे होने को है। ऐसे में विभागवार इनके परीक्षण का कार्य पहली जुलाई से शुरू हो रहा है। गोमतीनगर स्थित मनरेगा दफतर में पहली जुलाई को राजस्व विभाग अपने यहां की सौ दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा करने जा रहा है। राजस्व विभाग की तरह बिजली विभाग, नगर विकास विभाग, आवास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, चिकित्सा शिक्षा, स्वाथ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा खादय एवं रसद विभग सहित अन्य विभागों की समीक्षा होगी। विभागीय स्तर पर समीक्षा का काम पूरा होने के बाद सीएम इन योजनाओं की समीक्षा करेगे। सूत्रों का कहना है कि सौ दिनों के कार्यो की समीक्षा के आधार पर सरकार में शामिल मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड तय होगा और इसे सरकार की तरफ से पीएम मोदी को भेजा जाना है।

## विकास के हर क्षेत्र में बुरी तरह पिछड़ता जा रहा यूपीः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश विकास के हर क्षेत्र में बुरी तरह पिछड़ता जा रहा है। इस योजना का मजाक बनाते हुए कुछ जनपदों में अवैध खनन और वृक्षों के अवैध कटान का धंधा भी भाजपा ने चला रखा है। भय, भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के रास्ते वह समाज को तबाह कर रही है। अखिलेश ने कहा कि पिछड़ों, दलितों, बुनकरों और दस्तकारों की हालत सरकारी उपेक्षा के चलते दयनीय होती जा रही है। समाजवादी सरकार के समय प्रारम्भ 'एक जिला एक उत्पाद' योजना आर्थिक तंगी, कर्ज और भाजपा की सरकारी कुनीतियों के कारण प्रारम्भ होते ही समाप्तप्राय हो गई है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार ने जिलों के परम्परागत उत्पादों को बाजार में लाभप्रद मूल्य दिलाने और उसके कारीगरों की आर्थिक बेहतरी के लिए 'एक जिला एक उत्पाद' योजना की शुरूआत की थी। समाजवादी सरकार में जिले के उत्पादों की बिक्री की बेहतर व्यवस्था की दृष्टि से लखनऊ में 'अवध शिल्प बाजार' की स्थापना भी की गई थी। समय.समय पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों और मुख्यतः राजधानी लखनऊ में होने वाले समारोहोए उत्सवों में जिलों के उत्पादों की प्रस्तुति एवं विपणन पर विशेष ध्यान रखा जाता था।

## उपचुनाव में पार्टी का प्रदर्शन देख मायावती ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**लखनऊ।** आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों सहित पार्टी प्रत्याशी शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली की हौसला अफजाई की है। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से 2024 के लोकसभा चुनाव में इसी तरह के संघर्ष को बनाए रखने की अपील की है। सोमवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमों मायावती ने कहा कि बीएसपी के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा पार्टी प्रत्याशी शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली आदि ने आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव जिस संघर्ष व दिलेरी के साथ लड़ा है उसे आगे 2024 लोकसभा आमचुनाव तक जारी रखने के संकल्प के तहत चुनावी मुस्तैदी यथावत बनाये रखना भी जरूरी। मायावती ने आगे कहा कि सिर्फ आजमगढ़ ही नहीं बल्कि बीएसपी की पूरे यूपी में 2024 लोकसभा आमचुनाव के लिए जमीनी तैयारी को वोट में बदलने हेतु भी संघर्ष व प्रयास लगातार जारी रखना है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में सही दिशा में आगे बढ़ रहा प्रदेश

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की गवर्निंग बॉडी की बैठक



पायनियर समाचर सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार हो रहे महत्वपूर्ण सुधारों से प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमें ऐसा हेल्थ ढांचा विकसित करना है जो पूरे देश के लिए रोल मॉडल बने। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के क्षेत्र में हमें मिशन मोड में काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित समस्त गतिविधियों के तहत जन समुदाय को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मिशन के तहत संविदा नर्सिंग स्टॉफव एएनएम स्टॉफ नर्स, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर सीएचओ के वित्तीय वर्ष 2021- 22 में 58,746 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 46,197 संविदाकर्मी कार्यरत हैं। उन्होंने एएनएम एवं स्टॉफ नर्स के 8037 रिक्त पदों पर पारदर्शी तरीके से भर्तियां करने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि अस्पतालों में आने वाले रोगियों से स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं के बारे में फीड बैक के लिए सर्वे कराया जाये। अस्पतालों में प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए व्यवस्था की जाए। एनएचएम द्वारा कोविड काल में चयनित अल्पकालीन आउटसोर्स संविदा मानव संसाधन को रिक्त पदों में वरीयता अंक प्रदान करते हुए भर्ती किए जाने के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि कोविड सर्टिफिकेट देने से पहले एसीएमओ और सीएमओ द्वारा जांच की जाए।

### गृह विभाग ने की 100 दिन की कार्ययोजना में हुई प्रगति की समीक्षा

## गैगेस्टर एक्ट में माफियाओं से हुई 844 करोड़ रुपए की वसूली

पायनियर समाचर सेवा। लखनऊ

**कानून**-व्यवस्था को और बेहतर बनाये जाने तथा अपराधियों पर प्रभावी नकेल कसने के लिए गृह विभाग द्वारा 100 दिनों के लिए निर्धारित कार्ययोजना की समीक्षा की। एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने सोमवार को लोकभवन स्थित कमाण्ड सेंटर में समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार के निर्देश पर अब 25 के बजाय 50 विभिन्न प्रकार के माफियाओं जिनमें खनन, शराब, पशु, वन, भू-माफिया आदि को चिन्हित कर उनके विरुद्ध हुई कार्यवाही की साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है। इन माफियाओं से गिरोहबंद अधिनियम के अन्तर्गत जब्तीकरण के लिए 500 करोड़ रुपए वसूली के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष समय से पूर्व ही 844 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है। इसी प्रकार प्रदेश के प्रत्येक थाना स्तर पर टॉप 10 अपराधियों के चिन्हिकरण के तहत 15 हजार अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके तहत कुल 16158 टॉप 10 अपराधी चिन्हित किए गए जिनके विरुद्ध अब तक कुल 83721 अभियोग पंजीकृत कराये जा चुके हैं तथा 648 करोड़ रुपए की सम्पत्ति भी जब्त की जा चुकी है। माफिया गिरोहों, घुमन्तू, पारदी, बावरिया आदि गिरोहों की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया गया है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पांच नई बीडीडीएस टीमों तथा 10 नई एएस चेक टीम के लिए भी जन शक्ति का चिन्हांकन कर लिया गया है। स्वाट की एक नई कमाण्डों टीम के गठन एवं उसकी ट्रेनिंग के लिए भूमि के चिन्हीकरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। अयोध्या में स्पेशल टास्क फोर्स की यूनिट का भी गठन किया जा चुका है। इसके अलावा 135 कमाण्डों की विभिन्न पदों पर नियुक्ति एवं उपकरणों, संसाधनों की व्यवस्था की कार्यवाही भी पूर्ण की जा चुकी है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूचित हो कि मेरे नाम की स्पेलिंग Imran Ahmed है, आज से मैं इसे बदल कर Imran Ahmad कर रहा हूँ भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o Ahmed Husain पता– 05, उजरियावं गोमती नगर, लखनऊ 226010

सूचना

मैं जमुना प्रसाद मेरी पत्नी मीना कनौजिया मकान नंबर 152 किला मोहम्मदी आशियाना लखनऊ अपनी पुत्री अंजलि को उसके दुर्व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं अब हमारा उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है

सूचना

मैं मल्लिका गुजराती पत्नी आनंद कुमार गुजराती मकान नम्बर के 37/102–ए गोपाल मंदिर लेन, गोलघर, वाराणसी उत्तर प्रदेश 221001 की निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट के नाम में Mallika Gujrati अंकित है। जबकि हाईस्कूल के प्रमाण पत्र में नाम Mallika Gupta अंकित है। यह दोनों नाम मेरा ही है। Mallika Gujrati को सही माना व समझा जाए।

## कई जिलों में सूखे के आसार, मानीटरिंग शुरू

● राज्य के 33 जिले ऐसे जिनमें सामान्य से दस फीसदी से कम हुई बारिश

कमल दुबे। लखनऊ

**बारिश** में हो रहे विलंब के चलते राज्य के अनेक जिलों में सूखे के हालात बनते जा रहे है। वाराणसी, हापुड़ तथा आगरा को छोड़कर राज्य के अन्य सभी जिलों में सामान्य से बहुत कम बारिश हुई है। सूखे की आहट को देखते हुये मांनीटरिंग कमेटी ने सभी जिलों में आंकलन का काम शुरू कर दिया है ताकि जरूरत पडने पर प्रभावित जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किया जा सके।

ताजा रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के 33 जिलें ऐसे है, जिनमे सामान्य से दस फीसदी से कम बारिश हुई है। इनमें सात जिले तो ऐसे है जिनमे शून्य बारिश हुई है। ये जिले है चंदौली, उन्नाव, बदायूं, एटा, इटावा, मैनपुरी तथा रामपुर है। सामान्य से दस फीशदी से कम बारिश वाले अन्य जिलों में आजमगढ, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, फरुर्खाबाद, फतेहपुर, हरदोई, जौनपुर, कन्नौज, कानपुर सिटी, कानपुर देहात, कौशम्बी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, औरैया, बरेली, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, कांशीरामनगर, रामपुर तथा शाहजहांपुर है। सामान्य से अधिक बारिश वाले तीन जिलों में वाराणसी, हापुड तथा आगरा को छोडकर देवरिया, श्रावस्ती, सोनभद्र और ललितपुर जिलें ऐसे है, जिनमे सामान्य से पचास फीसदी तक बारिश अभी तक हुई है। बाकी अन्य जिलों में बारिश की स्थित ठीक नही है। अधिकारियों का कहना है कि जून माह के बचे दिनों तथा जुलाई माह के पहले हफ्ते में अगर इन जिलों में ठीक-ठाक बारिश नही होती है तो चालीस से पचास जिलों में सूखा पडने के आसार है। हालात को देखते हुये आपदा राहत विभाग की देखरेख में गठित सूखा मानीटरिंग सेल सक्रिय हो गया है और सभी जिलों में सूखे के आंकलन का काम शुरू हो गया है। विदित हो कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के क्रम में राज्य में सूखा मांनीटरिंग सेल गठित है। मौसम विज्ञान विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, भूगर्भ जल विभाग, केन्द्रीय जल आयोग तथा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन को लेकर मानेटरिंग सेल बना है, जो बारिश, मिटटी में नमी, कृषि एरिया सहित दस बिन्दुओं पर सूखे का आंकलन करता है। इस सेल की रिपोर्ट में सूखे की स्थित बनने के बाद ही किसी जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया जा सकता है। अधिकारियों का कहना है कि पहले जिलों से आने वाली रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकारें किसी जिलों को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया करती थी। उक्त व्यवस्था में अक्सर जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने में राजनीतिक दखंल भारी पड़ती थी।

## सुशासन से सरकार के प्रति बढ़ा जन विश्वास

● उपचुनाव के परिणाम में दिखा ई-गवर्नेन्स का असर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में सरकारी तंत्र को और सुचारु व लोक-हित में ढालने के लिए किये जा रहे प्रयासों का परिणाम अब दिखने लगा है। 'सरकारी तंत्र कम, सुशासन अधिक (मिनिमम गवर्नमेंट , मैक्सिमम गवर्नेस)' के मूलमंत्र को अपनाते हुए उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में सुशासन के नए आयाम स्थापित किये हैं। इन प्रयासों से आम लोगों का जीवन न केवल सुचारु हुआ है, बल्कि उनकी सरकारी सेवाओं और लाभ तक पहुंच भी बेहतर हुई है। इससे लोगों का भरोसा योगी सरकार के प्रति बढ़ा है, जिसका एक उदाहरण हाल के उपचुनाव के परिणाम के रूप में भी दिखा। उप्र सरकार ने ई-गवर्नेन्स के कई उपायों को वृहद रूप में लागू किया है। ये आम नागरिकों के लिए, उद्योग व व्यापार के लिए, तथा सरकार की अपनी कार्य प्रणाली के लिए हैं। इसके अलावा, कई ई-गवर्नेन्स के उपायों को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है और उनके लागू किये जाने के बाद उत्तर प्रदेश निश्चित रूप से देश के सर्वश्रेष्ठ ई-गवर्नेन्स वाले राज्यों में शामिल होगा। वर्तमान में, ई-गवर्नेन्स के जो पोर्टल उपलब्ध हैं और जिनका लाभ आम नागरिकों द्वारा उठाया जा रहा है, वे हैं - ई-डिस्ट्रिक्ट, ई-नगर सेवा, भूलेख, सक्षम, उद्यम सारथी, वुमन पावर लाइन 1090 और आपूर्ति। उद्योग व व्यापार जगत के लिए इस प्रकार की सेवाएं निवेश मित्र और ई-टेन्डर पोर्टल के रूप में उपलब्ध हैं। सरकार के अपने कामकाज के लिए जो ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध हैं वे नीति निर्माण, प्रशासन, सरकार क्रय व खरीद, मूल्यांकन और बेहतर निर्णय लेने की क्षमता हासिल करने से जुड़ी हुई हैं। इनमें प्रमुख हैं - ई-विधान सभा (ऑनलाइन प्रश्नोत्तर प्रणाली), ई-ऑफिस, शासनादेश, जेम पोर्टल और दर्पण। इनमें दर्पण पोर्टल एक अत्यंत महत्वपूर्ण ई-सेवा है जिसके माध्यम से जटिल आंकड़ों को विश्लेषण व रेखांकन की सहायता से कार्यान्वित किये जाने वाले बिंदुओं में परिवर्तित किया जा सकता है। इस सभी सेवाओं की सफल, व्यापक और लगातार उपलब्धता से आम नागरिकों को एक पारदर्शी, सुचारु और पेपरलेस सिस्टम मिलता है जो उनके द्वारा मांगी गई जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराता है।

**सहज व सुचारु प्रशासनः** इस तरह, अब नागरिकों को नागरिकता, शिक्षा, छात्रवृत्ति, कौशल व कौशल विकास, रोजगार, सुरक्षा और दस्तावेजों की सुरक्षा से संबंधित सेवाएं हर समय उपलब्ध रहती हैं। इस वजह से, ऐसे काम में होने वाली देर, भ्रष्टाचार और बिचौलियों जैसी समस्याओं से भी मुक्ति मिली है। उप्र के पूर्वी, पश्चिमी व बुंदेलखंड क्षेत्र के दूरदराज के जिलों में भी यह सुनिश्चित किया गया है कि ई-गवर्नन्स सेवाएं नागरिकों को जब आवश्यकता हो, तब उपलब्ध हों।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने किया शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सहायता प्राप्त** माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्ति को लेकर प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों ने सोमवार को माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के आवास का घेराव किया। आवास के बाहर घेराव को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि इस मामले में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक से बात की जाएगी। घेराव के पूर्व कुछ अभ्यर्थी डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास भी उनसे मिलने के लिए पहुॅचे थे।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि 2016 और 2021 की प्रतीक्षा सूची में शामिल सफल अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से अब तक नियुक्ति नहीं दी गई है। जबकि 1400 से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। अभ्यर्थी राम बाबू शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2016 और वर्ष 2021 में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की ओर से प्रदेश के सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में भर्ती की प्रक्रिया पूरी की गई थी। चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी करने के साथ ही प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई। लेकिन अब तक प्रतीक्षारत वालों की काउंसलिंग नहीं कराई गई। अभ्यर्थियों का कहना था कि राज्य सरकार को चाहिए कि वह प्रतीक्षारत वालों की काउंसलिंग कराकर उन्हें नियुक्ति दे।

# दारोगा पद पर चयनित अभ्यर्थी किया गया बाहर

**लखनऊ।** उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित सब-इंस्पेक्टर एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित एक दरोगा को परीक्षा परिणाम से बाहर कर दिया गया है। अभ्यर्थी अर्जुन प्रसाद को अन्तिम चयन परिणाम से बाहर कर दिया गया है। बोर्ड सभी जिलों को निर्देशित किया है कि भविष्य में पुलिस भर्ती की प्रक्रिया के दौरान यदि किसी भी अभ्यर्थी के विरुद्ध मामला पंजीकृत होता है तो उसकी सूचना बोर्ड को तुरंत दी जाए। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 12 जून को सब इंस्पेक्टर दरोगा, प्लाटून कमांडर पीएसी व अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के कुल 9534 पदों पर भर्ती का परिणाम घोषित किया था। इसमें 9027 पद सब इंस्पेक्टर के हैं। चयनित अभ्यर्थियों में उस अर्जुन प्रसाद का भी नाम शामिल है जिसकी जगह परीक्षा देने वाले सॉल्वर को शिशुपाल प्रसाद को गत 20 मई 2022 को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। एसटीएफ ने मूल रूप से बिहार के रहने वाले शिशुपाल को कानपुर नगर जिले के बाबूपुरवा थाने के सुपुर्द किया था जहां मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया था।

शिशुपाल ने 16 नवंबर 2021 को अर्जुन प्रसाद की जगह लखनऊ में ऑनलाइन सेंटर में परीक्षा दी थी। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद वह पांच मई 2022 को प्रयागराज पुलिस लाइंस में अर्जुन की जगह दस्तावेजों का सत्यापन कराने पहुंचा था। इसके बाद वह 19 मई 2022 को 37वीं वाहनी पीएसी कानपुर में शारीरिक दक्षता परीक्षा दौड़ में शामिल हुआ। संदेह के आधार पर शिशुपाल पहले से एसटीएफ के रडार पर था। एसटीएफ ने 20 मई 2022 को जब उसे गिरफ्तार किया तो वह अभ्यर्थी अर्जुन प्रसाद की जगह सभी परीक्षाएं दे चुका था। बाद में जब अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो अर्जुन प्रसाद सब इंस्पेक्टर पद पर चयनित कर लिए गए थे। अर्जुन प्रसाद यूपी के बलिया जिले का रहने वाला है।



**राजधानी में हुई बारिश से कुछ समय के लिए माहौल हुआ खुशनुमा, उमस ने बाद में लोगों को किया बेहाल।**

# अप्राकृतिक कृत्य व बच्चे की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** पॉक्सो के विशेष जज अरविंद मिश्र ने एक नाबालिग बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने व गला दबाकर उसकी हत्या करने के मामले में मुल्जिम राजकिशोर उर्फ राजू गौतम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 50 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय व सुखेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक वर्ष 2014 में होली वाले दिन यह बच्चा रात में गायब हो गया था। इसके अगले दिन बच्चे का शव गोयल चौराहे पर कुड़ा घर में मिला। 18 मार्च, 2014 को इस मामले की एफआईआर मृत बच्चे की मां ने थाना अलीगंज में दर्ज कराई। विवेचना में मालुम हुआ कि राजकिशोर अक्सर बच्चे को दो.चार रुपए व टाफी देता था। जिससे बच्चा उससे घुलमिल गया था। उसने होली वाले दिन बच्चे को अपने कमरे में बुला लिया। दस रुपए देकर उसके सारे कपड़े उतार दिए और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करने लगा। बच्चे के चिल्लाने पर उसका गला दबाए रखा। इस दौरान बच्चे की मौत हो गई। तब उसने बच्चे के शव को बोरे में बांधकर गोयल चौराहे के पास कुड़ा घर में फेंक दिया था।

## दहेज हत्या में पति को 20 साल का सश्रम कारावास

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** एडीजे कल्पना ने दहेज की खातिर पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मुल्जिम पति कमल किशोर को दोषी करार दिया है। उन्होंने इसे 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 27 दिसंबर 2012 को इस मामले की एफआईआर मृतका के पिता रघुबीर प्रसाद ने थाना मलिहाबाद में दर्ज कराई थी। उनकी पुत्री सविता की शादी चार साल पहले कमल किशोर से हुई थी। सरकारी वकील दुष्यंत मिश्र व अरुण पांडेय के मुताबिक शादी के बाद ससुराल वाले दहेज की खातिर उनकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे थे।

## जेल में साफ-सफाई देख अधिकारियों ने की प्रशंसा



**लखनऊ।** जिला एवं सत्र न्यायधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त ने सोमवार को लखनऊ की जिला जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महिला बैरक, चक्र संख्या-2, चिकित्सालय एवं उच्च सुरक्षा बैरक का भ्रमण किया। जेल में निरुद्ध बंदियों ने किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं बताई। भ्रमण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा कारागार की साफसफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गई।

## राजभवन के खुलने के समय में हुआ इजाफा

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आमजन के लिए राजभवन के खुलने के समय में इज़ाफ़ा कर दिया है। अब राजभवन के द्वार आमजन के सैर, व्यायाम तथा योगाभ्यास के लिए रोजाना सुबह 5 से 8 बजे तक तथा सांयकाल 5 से 7 बजे तक खुले रहेंगे। आमजन का प्रवेश गेट नं- 2 तथा 14 से फोटोयुक्त सरकारी पहचान पत्र दिखाने के पश्चात ही होगा।

# मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने संभाला कार्यभार, गिनाईं प्राथमिकताएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नवागत मंडलायुक्त** डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपनी प्राथमिकताए बताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एंव योजनाओं की पारिदर्शता, समयबद्धता, कानून व्यवस्था बनाये रखने, सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू रखना उनकी प्राथमिकता होगी। मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब ने कार्य भार लेने के बाद कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को तत्परता से लागू कराने व समाज के अन्तिम व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ पहुचाने का प्रयास किया जायेगा। जनहित के विकास कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जायेगा जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसका लाभ मिल सके। जन सेवा,नागरिक सेवा के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और महिलाऐं हर जगह अपना योगदान देकर बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही है।

आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। उन्होंने कोरोना कोविड नियंत्रण का जिम्मा भी बखूबी निभाया था। इससे पहले भी एक साथ दो-दो विभागों का कार्यभार बेहद अच्छे तरीके से निभा चुकी हैं। डॉ. रोशन जैकब 2004 बैच की आईएएस हैं। वह डीएम बस्ती, डीएम कानपुर नगर, डीएम गोंडा, डीएम रायबरेली, डीएम बाराबंकी, डीएम बुलन्दशहर के साथ विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग एवं नियुक्ति एवं उद्योग के पद पर तैनात रह चुकी हैं। वर्तमान में सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म के पद पर कार्यरत हैं।

# शहर में सिंगल यूज पॉलिथीन के खिलाफ चला अभियान

**लखनऊ।** शहर से सिंगल यूज पॉलिथीन के प्रयोग पर रोक लगाने का अभियान चलाया गया। गोमतीनगर, अलीगंज, आलमबाग में अपर नगर आयुक्त के आदेश पर आठों जोन में अभियान के दौरान 130 किलोग्राम पॉलिथीन पकड़ी गयी। अभियान 29 जून से 3 जुलाई तक निर्धारित थीम के अनुसार चलाया जाएगा। यही नहीं मंगलवार को वार्ड स्तर पर पॉलिथीन जब्ती अभियान चलेगा। अपर नगर आयुक्त अभय कुमार पांडे की अध्यक्षता में पंकज सिंह की उपस्थिति में नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल अधिकारियों, समस्त जोनल सेनेटरी आफिसर एवं सफाई निरीक्षकों और क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मॉक ड्रिल के लिए तैयार की गई जोनवार कार्य योजना की एवं आज मॉक ड्रिल के तहत हुई कार्यवाही की समीक्षा की गई। बैठक में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के चलाये जा रहे जन जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए बताया गया कि एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं की वजह से होने वाला प्रदूषण एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौती है। स्थलीय एवं जलीय इकोसिस्टम पर बिखरे हुए प्लास्टिक के कचरे के प्रतिकूल प्रभावों के तहत वर्ष 2022 तक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना है। अभियान 29 जून से 3 जुलाई तक निर्धारित थीम के अनुसार चलाया जाएगा। अधिकारियों ने सहारागंज में मॉक ड्रिल चला कर 26 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया। अभियान के दौरान ऐशबाग से 5 किलो, गोमतीनगर के झूलेलाल पार्क से 52 किग्रा, पत्रकारपुरम से 3.5 किग्रा, आलमबाग बस अड्डे से 3 किलो प्रतिबंधित जब्त किया। इसके अतिरिक्त ठाकुरगंज से 15 किग्रा, इंदिरागनर के सतुआ तालाब से 5 किग्रा और शनिमंदिर चौराहे से आकाश इंक्लेव तक 20 क्रिग्रा पॉलिथीन जब्त किया गया। मंगलवार से सभी वार्डो के तहत अभियान चलाया जाएगा।

## एलयू में बनेगी योग शोध प्रयोगशाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आने वाले** दिनों में लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के छात्र छात्राओं के शैक्षणिक उन्नति के लिए योग शोध प्रयोगशाला बनाई जाएगी। इस बावत फैकल्टी की तरफ से विवि को प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्रयोगशाला के माध्यम से योग के छात्र भी आसनों, प्राणायामों, ध्यान, षट्कर्म, बंध और मुद्रा का शरीर पर पड़ने वाले प्रमुख प्रभाव की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्रयोगशाला में योगाभ्यासियों के उच्च रक्तचाप का मापन, नाड़ी परीक्षण की भी सुविधा प्रस्तावित की जाएगी। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक योग फैकल्टी में योग गैलरी का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा, इस योग गैलरी के माध्यम से छात्र योग की उत्पत्ति, इतिहास एवं योग के विभिन्न सम्प्रदायो के विकास को जान सकते हैं। अष्टांग योग, हठयोग, कर्म योग, ज्ञान योग की अवधारणा को समझ पाएगे।

# मानदेय में बढ़ोत्तरी के लिए डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजकीय** सेवा बांड के अंतर्गत प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत डीएम,एमसीएच डॉक्टरों ने दिये जा रहे मानदेय में वृद्धि की मांग की है। उनका कहना है कि उनको दिया जा रहा मानदेय सीनियर रेजिडेंट यानी ट्रेनी डॉक्टर्स से भी कम है। इस बावत उत्तर प्रदेश असिस्टेंट प्रोफेसर एसोशिएशन ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को एक ज्ञापन भी सौंपा है। सोमवार को उत्तर प्रदेश असिस्टेंट प्रोफेसर एसोशिएशन की ओर से जारी बयान में डॉ महेश राज, डॉ कस्तूरी, डॉ आकाश माथुर, डॉ प्रकाश चंद्र, डॉ श्रेयस ने अपने ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान में हमें जो 1,20,000 मानदेय दिया जा रहा है, वह सीनियर रेजिडेंट यानी ट्रेनी डॉक्टर्स को दिये जा रहे 1,35,000 से भी कम है। जबकि दूसरे राज्यों के मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्यों को मानदेय 2,15,000 दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम लोगों ने इस विषय में चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा है। डॉ माथुर ने कहा है कि चुनाव पूर्व भी तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात कर, उन्हें इस विषय में अवगत कराया गया था तथा उन्होंने भी इस बाबत उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया था।

# केजीएमयू कर्मचारी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग जार्ज मेडिकल** विवि परिसर स्थित कलाम सेंटर में सोमवार को कर्मचारी परिषद की नयी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी उपस्थित रहे। कुलपति ने चुनाव द्वारा चयनित सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए आने वाले समय में साथ मिलकर विवि कर्मचारियों के सभी महत्वपूर्ण मुद्दों से सम्बंधित समस्याओं को हल करने की बात कही। साथ ही कुलपति ने चयनित कर्मचारियों को मासिक रूप से बैठक कर समस्याओं को अवगत कराने एवं मिलकर उनके निस्तारण करने को भी निर्देशित किया। शपथ ग्रहण समारोह में निर्वाचित अध्यक्ष विकास सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष करूनेन्द्र श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री प्रतीक्षा सोनकर एवं उपस्थित अन्य पदाधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण लिया गया। शपथ पूर्व अध्यक्ष विकास गंगवार द्वारा दिलाई गयी। इस मौके पर सीएमएस डा एस एन शंखवार, एमएस डा डी हिमांश, मुख्य चुनाव अधिकारी केजीएमयू एस ए अब्बास, राजेश पाण्डेय एवं केजीएमयू कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# राजधानी में मिले कोरोना के 138 नए केस

**लखनऊ।** लखनऊ में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच सोमवार को राजधानी में 138 नये केस सामने आये हैं। इनमें 62 पुरूष और 76 महिला रोगी शामिल हैं जबकि आज 105 रोगियों ने कोरोना को हराने में सफलता हासिल की है। लखनऊ जनपद में आज आलमबाग इलाके में 32, अलीगंज में 18, चिनहट में 17, इन्दिरानगर में 14, सरोजनीनगर में 14, सिल्वर जुबली में11, एनके रोड इलाके में 10, टूडियागंज में 5, रेडक्रास इलाके में 3, ऐशबाग में 2, मलिहाबाद में 2, बीकेटी में 1, गोसाईगंज में 1 कोविड पाजीटिव रोगी मिले हैं। इसके अतिरिक्त उपरोक्त धनात्मक रोगियों के सापेक्ष कान्टैक्ट के 14, ट्रैवल के 6, आईएलआई के 29, प्री-सर्जिकल के 5 श्रेणियों में कोविड पॉजीटिव रोगी मिले हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 67,682 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 450 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,69,05,529 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 335 लोग तथा अब तक कुल 20,61,685 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 3,767 एक्टिव मामले है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 26 जून को एक दिन में 91,009 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

शहर में अवैध निर्माणों पर सख्ती से लगे रोकः इंद्रमणि त्रिपाठी

## एलडीए के नवनियुक्त वीसी ने ग्रहण किया कार्यभार



**लखनऊ।** नवागत एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने गोमतीनगर मुख्यालय में चार्ज ग्रहण किया। चार्ज लेने के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान शहर के विकास कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली। बैठक के दौरान एलडीए सचिव पवन गंगवार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा शामिल हुए। एलडीए में नयी योजनाओं और उनकी प्रगति पर चर्चा की। अधिकारियों के साथ बैठक में अवैध निर्माण पर रोक लगाने की विस्तृत योजना पर चर्चा की। एलडीए वीसी ने बैठक में वर्तमान के कार्यों की जानकारी के साथ अधिकारियों से पूरी व्यवस्था में पारदर्शिताला लाने के निर्देश दिए। लखनऊ विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने एलडीए वीसी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष ने चार्ज लेने पर पुष्प गुच्छ के देकार बधाई दी।

## बेसिक शिक्षा में 30 जून तक पटल परिवर्तन के आदेश जारी

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों में तीन वर्ष से तैनात समूह ग के कर्मचारियों का पटल परिवर्तन 30 जून तक किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को महानिदेशक विजय किरन आनंद ने आदेश जारी कर दिया है। साथ ही तबादलों के बाद दो जुलाई तक पूरी रिपोर्ट महानिदेशक कार्यालय में तलब की गई है। पटल परिवर्तन के आदेश के दायरे में निदेशालय, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, बेसिक शिक्षा परिषद, साक्षरता निदेशालय, मिड डे मील प्राधिकरण, राज्य शैक्षिक प्रबंधन व प्रशिक्षण संस्थान, राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान, मण्डलीय शिक्षा निदेशक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी समेत अन्य कार्यालयों में तैनात कर्मचारी शामिल हैं।

# होम्योपैथ निदेशालय पर फार्मासिस्टों ने दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**नियुक्ति, स्थायीकरण,** एसीपी, पंजीकरण सहित 9 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सोमवार को उत्तर प्रदेश राजकीय होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ के बैनर तले इंदिरा भवन स्थित आठवें तल पर निदेशक होम्योपैथिक कार्यालय के समक्ष उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक फार्मेसिस्टों ने धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। धरने का नेतृत्व अध्यक्ष हरीश्याम मिश्रा और महामंत्री शिव प्रसाद द्वारा किया गया। धरने में विभिन्न जनपदों के फार्मेसिस्टों ने हिस्सा लिया।

धरने को फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों ने भी समर्थन देते हुए संबोधित किया। फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव महामंत्री अशोक कुमार उपाध्यक्ष ओपी सिंह जिला सचिव जीसी दुबे ने भी संबोधित करते हुए संघ की मांगों को जायज बताते हुए पूरी किये जाने की मांग रखी। महामंत्री शिवप्रसाद ने बताया कि अभी तक संवर्ग में एक भी उच्च पद सृजित नहीं है। जिसके चलते फार्मेसिस्ट के पद पर सेवा में आने वाला व्यक्ति फार्मेसिस्ट के पद से ही सेवानिवृत्त हो जाता है। यही नहीं फार्मेसिस्ट कई कई अस्पतालों का चार्ज देख रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 420 पदों पर भर्ती होने के लिए 2019 से अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा प्रक्रिया की गई पर रिजल्ट आने के बाद भी नियुक्तियां नहीं की जा रही है। जिसके कारण पद रिक्त पड़े हुए हैं। वही कार्मिक विभाग के आदेश के अनुसार प्रत्येक कार्मिक को परिवीक्षा अवधि के उपरांत स्थायीकरण किया जाना अनिवार्य प्रक्रिया है लेकिन होम्योपैथिक फार्मेसिस्ट संघ द्वारा बार.बार मांग किए जाने के बाद भी स्थायीकरण नहीं किया जा रहा है। स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अधिकांश फार्मेसिस्टों को 10,16 26 वर्ष पर एसीपी अभी तक प्रदान नहीं की गई है, जिससे बड़ी आर्थिक हानि हो रही है।

# प्रोफेसर एसपी जैसवार बनीं विभागाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**किंग जार्ज मेडिकल** यूनिवर्सिटी की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो उमा सिंह के सेवानिवृत होने के उपरांत सोमवार को प्रोफेसर एसपी जैसवार ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विभागाध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। वर्तमान में प्रो. जैसवार क्वीन मेरी हॉस्पीटल की विभागाध्यक्ष भी हैं। साथ ही 32 वर्षों से किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रो जैसवार ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं उच्च कोटि की चिकित्सा शिक्षा एवं शोध कार्यों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विभाग में कार्यरत चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

# भाषा विश्वविद्यालय में खुला गुठली बैंक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती** भाषा विवि (केएमसी)के शिक्षकों एवं छात्रों ने सोमवार को विवि के कुलपति प्रो एनबी सिंह के मार्गदर्शन में एवं पृथ्वी इनोवेशन के संयोग से परिसर में फलदार वृक्षों की एक नर्सरी एवं गुठली बैंक की स्थापना की। सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने मिलकर अमरूद, शरीफा, पपीता के पौधे लगाने के साथ साथ ख़रबूज़े और तरबूज़ के बीज भी बोए। इसके अलावा उन्होंने गुठली बैंक द्वारा एकत्रित की गई आम की गुठलियों को भी बोया। नर्सरी की स्थापना के बाद सभी ने मिलकर वर्षा ॠतु के आगमन एवं नर्सरी की ख़ुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. प्रियंका सूर्यवंशी द्वारा किया गया और इसमें डॉ. उधम सिंह, डॉ. सौबान सईद, डॉ. मो जावेद अख्तर, डॉ. तनु डंग, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. बुशरा अलवेरा, डॉ. नलिनी मिश्रा एवं अनुराधा गुप्ता उपस्थित रहीं।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
आर.ए.सी.पी.सी.- सेक्टर बी, निकट राम राम बैंक चौराहा, अलीगंज लखनऊ

कब्जा नोटिस (नियम 6 (1) के तहत चल सम्पत्ति)

यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी **भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी. सी.** द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुनः संरचना तथा प्रतिभूति हित का प्रभावीकरण अधिनियम 2002 (अधिनियम नं. 54, 2002) के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा-13(2) एवं 13(12) सहपठित नियम 8 व 9 के अर्न्तगत निम्नलिखित खातेदार को उनके सम्मुख अंकित तिथि को नोटिस जारी कर उनसे 60 दिनों के अन्दर नोटिस में वर्णित राशि अदा करने की मांग की थी। ऋणी / जमानतदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) एवं सहपठित नियम 9 के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित खातों में बंधक सम्पत्ति / वाहन का उनके सम्मुख अंकित तिथि को कब्जा प्राप्त कर लिया है। अतः इस सम्पत्ति के सम्बंध में किसी भी प्रकार का सौदा / व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी. सी.** के अतिरिक्त किसी अन्य से न करें। ऐसा कोई भी सौदा व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक** को देय राशि व तत्सम्बंधित ब्याज, जैसा कि खाते में उल्लिखित किया गया है, के अधीन हो। **ऋणी को सुरक्षित परिसम्पत्ति के आधार पर धारा 13 के उपधारा (8) के प्रावधान के अन्तर्गत दिये गये समय में आमंत्रित कर रहें हैं। सम्पत्तियों का विवरण जिसका कब्जा लिया गया है :-**

| ऋण-ग्रहिता का नाम एवं पता/ खाता संख्या/शाखा | बंधक चल सम्पत्ति का विवरण | बकाया धनराशि 13(2) के अनुसार | मांग सूचना की तिथि / कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|
| ऋणी का नामः श्रीमती माधुरी श्रीवास्तव म.स.-2 कंचनपुरी, सरोजनीनगर लखनऊ खाता सं : 36984400582 (कार लोन) शाखा : कपूरथला बाग लखनऊ | **Vehicle Regn. No. :** UP32-JA7365 **Asset/Vehilce Make** HYUNDAI GRAND I10 **ENGINE NO.** D3FAGM143784 **CHASIS NO.** MALA851DLGM494413 | रु. 4,61,646 /- दिनांक 06.09.2019 तक +ब्याज व अन्य खर्चे | 06.09.2019 / 23.06.2022 |

दिनांक : 28.06.2022 स्थान : लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

# प्रदेश सरकार जल्द लाएगी नई एमएसएमई नीतिः राकेश सचान

● 30 जून को होगा बड़े लोन मेले का आयोजन मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूक्ष्म,** लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही नई एमएसएमई नीति लाने जा रही है, जिसमें राज्य में नये उद्योग लगाने वाले निवेशकों को विभिन्न सुविधाएं एवं छूट आदि की व्यवस्था होगी। सचान ने यह जानकारी आज एसोसियेटेड चौंबर्स आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री (एसोचौम) द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि आगामी 30 जून को राज्य में एक बड़े लोन मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के करीब एक लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस दिन लखनऊ में होने वाले एक कार्यक्रम में ऋण मेले की शुरूआत करेंगे और इसके साथ ही सभी जिलों में भी ऋण मेले का आयोजन होगा। श्री सचान ने कहा कि राज्य सरकार छोटे उद्यमियों और निवेशकों की सुविधा और प्रोत्साहन के लिये अनेक कदम उठा रही है। राज्य में निवेश करने वाले उद्यमियों को 72 घंटे के भीतर अनापत्ति प्रमाणपत्र दिया जा रहा है। उद्यम शुरू होने के बाद 1000 दिन का समय उद्यमियों को सभी औपचारिकतायें पूरी करने के लिये दिया जाता है। इस दौरान राज्य सरकार के किसी भी विभाग का कोई अधिकारी किसी तरह की जांच अथवा पूछताछ के लिये उनके परिसर में नहीं जाता है। अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन के आयोजन को लेकर एसोचौम की सराहना करते हुये श्री राकेश सचान ने कहा कि पिछले पांच साल के दौरान राज्य में 96 लाख उद्यमियों को 2.5 लाख करोड़ रूपये का कर्ज दिया गया और इस दौरान बड़े पैमाने पर राज्य में निवेश हुआ है।

श्री सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की प्रतिबद्वता को पूरा करने की दिशा में प्रदेश सरकार काम कर रही है और निवेशकों, उद्यमियों और सूक्ष्म उद्योगों की मदद से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि कानपुर में चमड़ा कारोबार का मेगा क्लस्टर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन के एजेंडा के तहत आगराए गोरखपुर में भी क्लस्टर बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। एसोचौम की उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट काउंसिल के सह अध्यक्ष अनुपम मित्तल ने इससे पहले अपने संबोधन में कहा कि आज उत्तर प्रदेश निवेशकों के सबसे अनुकूल राज्यों में अग्रणी स्थान पर है।

# प्राथमिकता से किया जाए जनसमस्याओं का निस्तारण



● उपमुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी पीड़ितों की फरियाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के कोने-कोने से लोगों की समस्याओं को सुना और तत्काल उसका निस्तारण भी किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फोन के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित भी किया कि जन समस्याओं का प्रथमिकता से निस्तारण किया जाए।

उपमुख्यमंत्री जनसमस्या की सुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कहा कि शिकायत निस्तारण की समय-समय पर समीक्षा की जाये, जिससे यदि कहीं निस्तारण में विलम्ब होता है, तो यह सुनिश्चित हो सके कि किस स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है, तो संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्यवाही की जायेगी।

# बाढ़ को लेकर स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका अहमः स्वतंत्र देव सिंह

● आपदा प्रबंधन में निपुण संस्थाओं के साथ जलशक्ति मंत्री ने सिंचाई विभाग मुख्यालय में की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मानसून** आने से पहले बाढ़ की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इंटर एजेन्सी ग्रुप के 46 सदस्य संस्थाओं के पदाधिकारी इसमें शामिल हुए। सिंचाई एवं जल संसाधन के मुख्यालय स्थित सभागार में बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में स्वयंसेवी संस्थाओं को योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्र और समाज के हित में परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संस्थाओं के पदाधिकारियों को मंत्र भी दिया। आपदा प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करते हुए जलशक्ति मंत्री ने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से कहा कि आपकी पहुंच गांव.गांव तक है। आपका सूचना तंत्र और कार्यकर्ताओं का नेटवर्क काफी बड़ा है। आपकी पकड़ बाढ़ संभावित इलाकों में सरकार और समाज दोनों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने संस्थाओं से सरकार के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संगठनों की मदद से बाढ़ के दौरान होने वाली जान.माल की हानि को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने संस्थाओं से आपदा प्रबंधन तैयारी की जानकारी ली और प्रेजेंटेशन भी देखा।

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से राष्ट्रहित और आने वाली पीढ़ियों के लिए भूजल को बचाने के प्रयासों में भागीदारी करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को पूरा करते हुए नदियों के किनारे पड़ने वाले गांवों में आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करने में स्वयंसेवी संगठन बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

# पशुचर भूमि पर कर लिया अवैध निर्माण एसडीएम ने गिरवाया



संवाददाता। मोहनलालगंज

**कनकहा** में डेवलपर ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग के लिए रास्ता बना लिया। मनाही के बावजूद बैरीकेडिंग कर गेट का निर्माण भी शुरु करा दिया। शिकायत मिलने पर सोमवार को एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण गिरवा दिया।

मोहनलालगंज के कनकहा में पशुचर की भूमि पर अवैध कब्जा कर वायर फेन्सिंग से घेर दिया गया। इसी भूमि से प्लाटिंग के लिए रास्ता बनाकर गेट का निर्माण किया जाने लगा। शिकायत पर एसडीएम शुभी सिंह ने जांच कराई तो अवैध कब्जे की बात सच निकली। सोमवार को लेखपाल सत्येन्द्र कुमार और राजस्व निरीक्षक पूर्णिमा तिवारी के साथ एसडीएम खुद मौके पर पहुंच गईं। जेसीबी से फौरन अवैध निर्माण ढ़हाकर अवैध कब्जा खाली करा दिया गया। एसडीएम ने बताया अवैध कब्जेदार के विरुद्ध अन्य कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए हैं।

# सीएमएस के 9 छात्रों को पांच साल में मिलेगी 41 लाख की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सीएमएस के 9 मेधावी छात्रों ने इस वर्ष भारत सरकार की किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना के लिए चयनित होकर लखनऊ का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। इन सभी 9 छात्रों को पांच वर्षों की उच्चशिक्षा अवधि के दौरान कुल मिलाकर 41,76,000 रुपए (इकतालिस लाख छिहत्तर हजार रुपए) की स्कॉलरशिप भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए चयनित सीएमएस छात्रों में सहर्ष सक्सेना, विदेह झा, आदित्य जायसवाल, आर्यशी त्रिपाठी, देवांश बंसल, कनिष्क, कुमार यशस्वी, नमन मिश्रा एवं रोहन चतुर्वेदी शामिल हैं। सीएमएस संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी ने सीएमएस छात्रों की इस उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डा. गांधी ने सीएमएस के शिक्षकों व प्रधानाचार्याओं का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। शर्मा ने बताया कि केवीपी वाई फेलोशिप के लिए चयनित छात्रों को विज्ञान वर्ग में स्नतक तक की पढ़ाई के दौरान पहले तीन वर्षों तक प्रति माह रुपए 5,000 स्कॉलरशिप तथा आकस्मिक खर्चे के रूप में रू. 20,000 वार्षिक मिलेगा एवं इसके उपरान्त एम.एस.सी. स्तर की पढ़ाई के दौरान दो वर्षों तक प्रति माह रुपए 7000 स्कॉलरशिप तथा आकस्मिक खर्चे के रूप में 28,000 रुपए वार्षिक मिलेगा।

# माह भर से लटका रखी थी दिव्यांग की शिकायत, एसडीएम ने दिलाया न्याय

● एसडीएम शुभी सिंह की सख्ती से दिव्यांग का चौबीस घंटे में हो गया आधार प्रमाणीकरण

संवाददाता। मोहनलालगंज

**तहसील** समाधान दिवस में शिकायत के बावजूद न्याय के लिए भटक रहे दिव्यांग की समस्या एसडीएम शुभी सिंह ने चुटकियों में दूर कर दी। माह भर से अधिकारियों के चक्कर काट रहे दिव्यांग को आखिरकार न्याय मिल गया।

मोहनलालगंज के दहियर निवासी दिव्यांग देवशरण को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से पेन्शन मिलती है। आधार कार्ड में नाम की अंग्रेजी स्पेलिंग में त्रुटि से पेन्शन पोर्टल पर उनका आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा था। सीएससी संचालक की सलाह पर उन्होंने आधार कार्ड की गलती भी दुरुस्त करा ली। लेकिन पेन्शन पोर्टल करेक्शन नहीं हो पाने से उनकी समस्या दूर नहीं हो पा रही थी। पोर्टल के जरिए आनलाइन रिक्वेस्ट भिजवाने के बावजूद दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के दफ्तर से उनकी समस्या दूर नहीं की गई। थकहार कर देवशरण ने 21 मई को तहसील समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई। माह भर तक शिकायत लटकाने के बावजूद भी देवशरण की समस्या दूर नहीं की गई। लिहाजा वह तहसील से लेकर समाज कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दफ्तर के चक्कर ही काटते रह गए। शिकायतों की समीक्षा के दौरान यह मामला पेण्डिंग पाकर एसडीएम शुभी सिंह ने मातहतों से नाराजगी जताई। एसडीएम ने दिव्यांग को फोन मिलाकर समस्या पूछी तो सारी हकीकत सामने आ गई। न्याय के लिए भटक रहे दिव्यांग की परेशानी जानकर एसडीएम शुभी सिंह ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को फोन कर तहसील दिवस की शिकायत महीने भर लटकाने पर नाराजगी जताई। एसडीएम की सख्ती से हड़कंप मच गया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय से पीड़ित दिव्यांग को फोनकर पूरी जानकारी ली गई फिर चौबीस घण्टे में ही पेन्शन पोर्टल पर उनका आधार प्रमाणीकरण भी कर दिया गया। आधार प्रमाणिकरण का मोबाइल पर मैसेज आते ही दिव्यांग देवशरण ने राहत की सांस ली।

# ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर परखा गया गन्ना पर्यवेक्षकों का ज्ञान


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुक्त** चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि गन्ना किसानों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद स्थापित कर विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले गन्ना पर्यवेक्षकों का विभागीय ज्ञान परखने के लिए विभागीय विषयों से सम्बन्धित ऑनलाइन दक्षता परीक्षा का आयोजन कराया गया। ऑनलाइन विभागीय परीक्षा के लिए रमाकान्त पाण्डेय प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश् चीनी मिल संघ को परीक्षा नियंत्रक का दायित्व सौंपा गया। गन्ना पर्यवेक्षकों की परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रकृति के 150 प्रश्नों को सम्मिलित किया गया। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये एवं प्रत्येक गलत प्रश्न हेतु ऋणात्मक मार्किंग 01 अंक का प्रावधान भी किया गया।

परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर गन्ना पर्यवेक्षकों की वार्षिक कार्यपटुता रिर्पोट पर विशेष टिप्पणी भी अंकित की जाएगी। ऑनलाइन दक्षता परीक्षा में पूरे प्रदेश से गन्ना विकास विभाग के 1779 गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें से अधिकतर पर्यवेक्षकों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागी गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा पूर्णांक 300 अंक के सापेक्ष अधिकतम 285 अंक तक प्राप्त किये गये। गन्ना पर्यवेक्षकों में परीक्षा को लेकर उत्साह की स्थिति रही।

# पीएम मोदी ने फिर की विदेश की धरती पर अपने देश की आलोचनाः प्रमोद तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि जर्मनी पहुंचते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेश की धरती पर एक बार फिर भारत देश की आलोचना करके सभी स्थापित परम्पराओं और कूटनैतिक मर्यादाओं का आखिर उल्लंघन कर ही डाला।

तिवारी ने कहा कि भारत देश की विदेश्श नीति का यह स्थापित सिद्धान्त है कि विदेश की धरती पर कभी अपने देश की आलोचना नहीं की जा सकती है। पंडित जवाहर लाल नेहरू, स्व. लाल बहादुर शास्त्री स्व. इन्दिरा गांधी, स्व. राजीव गांधी, स्व. अटल बिहारी बाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह सहित सभी सरकारों ने इसका पूरी तरह से पालन किया है। तिवारी ने कहा है कि जब देश का डेलीगेशन जाता है तो विपक्ष भी जाता है किन्तु विदेश की धरती पर विपक्ष अपने देश की सरकार की या तो प्रशंसा करता है या फिर चुप रहता है, कभी विदेश की धरती पर अपने देश की सरकार की आलोचना नहीं करता है। परन्तु जापान की धरती से शुरू हुई इस भूल को जहां प्रधानमंत्री ने भारत की पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना की थी, भ्रष्टाचार की आलोचना की थी, उसे उन्होंने अपने हर विदेश दौरे में जारी रखा। पिछले विदेश दौरे में भी उन्होंने आलोचना की थी और इस दौरे में भी आलोचना की है। सरकारें आती. जाती रहती है परन्तु देश वही रहता है। तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि भविष्य में आजादी के बाद की लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकारों के कार्यकाल पर या तो खामोशी रखें या फिर उनकी प्रशंसा करें, उनकी आलोचना न करें।

# अग्निपथ के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश भर में सत्याग्रह कर निकाला मार्च





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अग्निपथ** योजना के विरोध में सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सत्याग्रह प्रदर्शन मार्च निकाला। इस क्रम में विधान परिषद दीपक सिंह प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित इन्दिरा नगर में एचएएल के सामने पूर्व शहर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, पूर्व प्रत्याशी मनोज तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ल, सुरेन्द्र शुक्ला, योगेन्द्र सिंह नेगी, सहित विशाल जनसमूह के साथ सत्याग्रह का नेतृत्व किये। वहीं लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन योगेश दीक्षित, महासचिव शिव पाण्डेय, संगठन सचिव अनिल यादव ने भी हिस्सा लिया। लखनऊ जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, राजेश सिंह काली, अनिल त्रिपाठी, राजकुमार वर्मा इत्यादि मोहनलालगंज पूर्व विधायक इंदल रावत, पूर्व प्रत्याशी रूद्र दमन सिंह बब्लू सरोजनी नगर, प्रवक्ता संजय सिंह खजाना काम्पलेक्स आशियाना, शहर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह डीपी एवं अजय श्रीवास्तव अज्जू ने शहीद स्मारक के पास सत्याग्रह प्रदर्शन किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री कृष्णकांत पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा एक और तुगलकी फरमान अग्निपथ योजना नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नई समस्या पैदा करने की योजना है। जहां हमारे सशस्त्र बलों की गुणवत्ता, दक्षता की पूरी दुनिया में तारीफ हाती है इस योजना से उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसी अग्निपथ योजना के विरोध में आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आवाहन पर पूरे देश के प्रत्येक विधानसभा में शांतिपूर्ण रूप से सत्याग्रह प्रदर्शन हूए इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश के सभी विधानसभाओं में सत्याग्रह हुआ। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में भारी तदाद में रामपुर खास प्रतापगढ़, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री ने अयोध्या, प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू तमकुहीराज कुशीनगर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य झांसी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया बाराबंकी, विधायक विरेन्द्र चौधरी फरेन्दा महराजगंज, पूर्व मंत्री एवं मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं पूर्व विधायक शिरोमणि, जिलाध्यक्ष प्रघुम्न दुबे, तहसीन बांदा, पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, पूर्व विधायक अजय राय, उपाध्यक्ष मकसूद खान वाराणसी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे बीकेटी लखनऊ, पूर्व सांसदगण मोहम्मद मुकीम इटवा सिद्धार्थनगर, बालकृष्ण चौहान मोहम्मदाबाद गोहना मऊ में सत्याग्रह का नेतृत्व किए।

## अग्निपथ के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**मोहनलालगंज।** अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को कांग्रेसियों ने मोहनलालगंज में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसीपी को ज्ञापन सौंपकर अग्निपथ योजना वापस लेने की पुरजोर मांग की। मोहनलालगंज के कालेबीर बाबा मंदिर में सोमवार को जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अग्निपथ योजना के विरोध में धरना.प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार पर युवाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा अग्निवीर की भर्ती युवाओं के साथ छलावा है। अग्निपथ योजना वापस लो का नारा लगाते हुए कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसीपी विजयराज सिंह को सौंपकर अग्निवीर की भर्ती तुरन्त रद्द किए जाने की मांग उठाई। इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी और कांग्रेस नेता नरेन्द्र गौतम समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट से शिंदे...

जारी करते हुए उच्चतम न्यायालय ने उन्हें बागी विधायकों द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव नोटिस को हलफनामा रिकॉर्ड में रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वकील के उस बयान को भी रिकॉर्ड में लिया कि बागी विधायकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी। इससे पहले बागी विधायकों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल ने पीठ को बताया कि विधायक दल का उद्धव ठाकरे समूह अल्पमत में है और राज्य की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। कौल ने कहा कि मुंबई में इन विधायकों के लिए माहौल अनुकूल नहीं है, क्योंकि उन्हें धमकी दी गई है। महाराष्ट्र के शिवसेना विधायक और मंत्री एकनाथ शिंदे ने उपाध्यक्ष द्वारा उन्हें और अन्य बागी विधायकों को जारी अयोग्यता नोटिस के खिलाफ शीर्ष अदालत का रूख किया है। उल्लेखनीय है कि शिंदे और बड़ी संख्या में विधायकों ने 21 जून को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत की और वर्तमान में वे असम के गुवाहाटी में हैं। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने कहा कि उन्हें और अन्य असंतुष्ट विधायकों को दी गई राहत बाल ठाकरे के हिंदुत्व और उनके गुरु आनंद दिघे के आदर्शों की जीत है। बागी विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले शिंदे ने ट्वीट कर कहा कि यह हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब के हिंदुत्व और (दिवंगत) धर्मवीर आनंद दिघे के आदर्शों की जीत है। ठाणे में शिंदे के बेटे और पार्टी सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल ने दबाव में उनके पिता और 15 अन्य बागी विधायकों को अयोग्यता का नोटिस भेजा था, जो उच्चतम न्यायालय के आदेश से स्पष्ट है। कल्याण के सांसद ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का विधानसभा में अधिकार है। अगर कोई विधायिका में व्हिप के खिलाफ जाता है तो उनके पास शक्ति होती है। यह किसी भी बैठक में नहीं आने वाले किसी व्यक्ति पर लागू नहीं होता है। तुगलकी फरमान (अयोग्यता नोटिस) दबाव में जारी किया गया था। इस बीच, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से फिर मुलाकात की।

### उद्धव ठाकरे ने नौ बागी...

उदय सामंत के पास उच्च शिक्षा विभाग था, जिसे अब आदित्य ठाकरे को आवंटित किया गया है। वहीं, गुलाब राव पाटिल से जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग लेकर अनिल परब को सौंपा गया है। संदीपन भुमरे के रोज़गार गारंटी और बागबानी महकमे तथा दादा भूसे के कृषि एवं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग शंकरराव गडाख को दिए गए हैं। राज्य मंत्री शम्बुराज देसाई को आवंटित विभागों का जिम्मा संजय बनसोडे (गृह-ग्रामीण) और विश्वजीत कदम (वित्त, योजना एवं कौशल विकास) को सौंपा गया है। वहीं राज्य मंत्री राजेंद्र पाटिल-यद्रावकर के विभागों को विश्वजीत कदम (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), प्राजक्त तानपुरे (मेडिकल शिक्षा एवं कपड़ा), सतेज पाटिल (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) और अदिति तटकरे (सांस्कृतिक गतिविधियां) को सौंपे गए हैं। अन्य राज्य मंत्री एवं प्रहार जनशक्ति पार्टी के नेता ओमप्रकाश कडू (बच्चू कडू) के महकमों को तटकरे (स्कूल शिक्षा), सतेज पाटिल (जल संसाधन), संजय बनसोडे (महिला एवं बाल विकास) और दत्तात्रेय भरणे (अन्य पिछड़ा वर्ग विकास) को आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा राज्य मंत्री अब्दुल सत्तार के विभागों को तानपुरे (राजस्व), सतेज पाटिल (ग्रामीण विकास) और तटकरे (बंदरगाह) को सौंपे गए हैं। शिवसेना की अगुवाई वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में बगावत से पहले, पार्टी के 10 कैबिनेट मंत्री और चार राज्य मंत्री थे। सभी चार राज्य मंत्री असम के गुवाहाटी के होटल में डेरा डाले हुए हैं।

### ईडी ने भेजा...

पार्टी के बागी विधायकों को पहले सूरत और फिर गुवाहाटी ले जाया गया। शिवसेना नीत एमवीए गठबंधन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस अन्य घटक दल हैं। राउत ने ट्विटर पर कहा कि अभी पता चला है कि ईडी ने मुझे तलब किया है। बहुत अच्छे। महाराष्ट्र में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हो रहा है। हम, बालासाहेब के शिवसैनिक, बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। यह मुझे रोकने की साज़िश है। भले ही आप मेरा सिर काट दें, मैं गुवाहाटी का मार्ग नहीं लूंगा। राउत ने कहा कि मुझे गिरफ्तार कीजिए। जय हिंद। ईडी ने अप्रैल में इस मामले की जांच के सिलसिले में राउत की पत्नी वर्षा राउत और सांसद के दो सहयोगियों की 11.15 करोड़ रुपए की संपत्ति को अस्थाई तौर पर कुर्क कर लिया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां पालघर और ठाणे में भूखंड के रूप में हैं, जिन पर गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व निदेशक और संजय राउत के सहायक प्रवीण एम राउत का कब्जा है। इसके अलावा मुंबई के दादर में संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत का एक फ्लैट है और अलीबाग के किहिम बीच पर आठ भूखंड हैं, जो वर्षा राउत और स्वप्ना पाटकर की संयुक्त मिल्कियत है। स्वप्ना पाटकर सुजीत पाटकर की पत्नी हैं। ईडी के मुताबिक, सुजीत पाटकर शिवसेना के राज्यसभा सदस्य और पार्टी प्रवक्ता संजय राउत के करीबी सहयोगी हैं। माना जाता है कि एजेंसी प्रवीण राउत और पाटकर से सांसद के कारोबारी और अन्य संबंधों के बारे में पूछताछ करना चाहती है। साथ ही उनकी पत्नी से संबंधित संपत्ति के सौदों के बारे में एजेंसी पूछताछ कर सकती है।

### मोदी ने बाइडन, मैक्रों...

प्रधानमंत्री मोदी ने समूह फोटो के साथ एक कैप्शन भी ट्वीट किया, जिसमें लिखा था, विश्व नेताओं के साथ जी -7 शिखर सम्मेलन में। जापान में मई में क्वाड शिखर सम्मेलन में मुलाकात करने के बाद मोदी और बाइडन के बीच यह पहली मुलाकात थी। जर्मन प्रेसीडेंसी ने अर्जेंटीना, भारत, इंडोनेशिया, सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका को इलमाउ, बावेरिया में जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया है।

### चीन के जवाब में जी-7...

चीन ने दुनिया के कई देशों को ढांचागत परियोजनाओं के लिए भारी कर्ज दिया हुआ है। जी-7 देशों के यहां आयोजित शिखर सम्मेलन में रविवार को वैश्विक अवसंरचना एवं निवेश भागीदारी (पीडीआईआई) योजना का अनावरण किया गया। यह योजना जी-7 की पिछले साल ब्रिटेन बैठक में घोषित योजना का ही संशोधित रूप है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पीजीआईआई का ऐलान करते हुए कहा कि यह योजना सभी के लिए फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, जी-7 के देश मिलकर 2027 तक करीब 600 अरब डॉलर जुटाएंगे जिसे महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं में लगाया जाएगा।

### यशवंत सिन्हा ने भरा...

इनके साथ ही, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, तेलंगाना राष्ट्र समिति के नेता केटी रामा राव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा, राजद की सांसद मीसा भारती, रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के नेता एनके प्रेमचंद्रन, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और कुछ अन्य विपक्षी नेता भी उपस्थित थे। टीआरएस के नेता की मौजूदगी विपक्षी खेमे के लिहाज से महत्वपूर्ण है। हालांकि कांग्रेस की सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा सिन्हा के नामांकन से दूर रही। असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने राष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन करने की सोमवार को घोषणा की है। सिन्हा अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार में वित्त और विदेश मंत्री जैसे अहम पदों पर रह चुके हैं। विपक्षी दलों ने सिन्हा की उम्मीदवारी के पक्ष में चुनाव प्रचार के मकसद से 11 सदयीय चुनाव अभियान समिति का गठन किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है, एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नफरत है और दूसरी तरफ सभी विपक्षी दलों की भाईचारा की विचारधारा है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने सोमवार को कहा कि वह समर्थन जुटाने के लिए भाजपा में अपने पुराने सहयोगियों से संपर्क करेंगे।

### अयोध्या में बनेगा...

बनाने की योजना है जिसके लिए अयोध्या के निकट ही 500 से 1000 एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है। स्वामी ने कहा कि इस जमीन पर रामायण परिसर बनाने की योजना है जिसमें अयोध्या नगरी, जनकपुर, दंडाकरण्य से लेकर लंका, गंगा और समुद्र आदि के लघु रूप तैयार करने की परिकल्पना है। उन्होंने कहा कि इससे यहां आने वाले तीर्थ यात्री और विशेषकर बच्चे जीवंत रुप में संपूर्ण रामायण को देखने की अनुभूति प्राप्त कर सकेंगे।

# आजमगढ़ और रामपुर लोस उपचुनाव में कमल खिलने पर जश्न में डूबे भाजपाई

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**रामपुर** और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में कमल खिलने के बाद से वाराणसी में भाजपा समर्थकों, कार्यकर्ताओं और नेताओं में खुशी की लहर है। सोमवार को रोहनिया के केसरीपुर स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर गाजे-बाजे के साथ जश्न मनाया गया। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया साथ ही शुभकामनाएं भी दी।

इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकारों के विकास कार्यों व जनहित कार्यक्रमों वाली नीति की जीत है। जनता ने एक बार फिर दोनों सीट जीताकर डबल इंजन की सरकार पर अपना विश्वास जताया है।लोग रामपुर और आजमगढ़ सीट को अभेद्य किला मानते थे। धारणा थी कि यहां भारतीय जनता पार्टी के लिए जीत दर्ज करना मुश्किल है। लेकिन इस बार जनता ने अपना आशीर्वाद दिया और विकास को चुना। प्रदेश सरकार विकास कार्य तेजी से कर रही है। आम जनता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गुंडा-माफियाओं पर लगातार कार्रवाई जारी है। जनता ने एक बार फिर स्वार्थ की राजनीति करते वालों को नकार दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता रहे।

## बनारस में 150 बेड वाले लक्ष्मी हॉस्पिटल का ऐलान

**वाराणसी।** उजाला सिग्नस ग्रुप हॉस्पिटल का लक्ष्य पूरे भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित तबकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में उजाला ग्रुप ने बनारस के 150 बेड वाले हॉस्पिटल लक्ष्मी हॉस्पिटल के साथ साझेदारी की है। लक्ष्मी हॉस्पिटल के साथ गुणवत्तापूर्ण और सस्ती सेवाएं प्रदान करने की हमारी पहल को मजबूती मिलेगी। अब लोगों के पास उनके दरवाजे पर बेहतर इलाज मिल सकेगा और वे मेट्रो शहर में बेहतर इलाज के लिए जाने और बेवजह खर्च करने की समस्या से पार पा सकते हैं। वाराणसी में उजाला ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा है यह पहला हॉस्पिटल होगा। इसके बाद उजाला ग्रुप वाराणसी के भेलूपुर में अपना स्टैंडअलोन स्पेशलाइज्ड सर्जिकल और क्रिटिकल यूनिट को भी स्थापित करेगा यह कदम वाराणसी और इसके आसपास के क्षेत्रों की बड़ी आबादी को सेकेंडरी और टर्शियरी केयर प्रदान करने में हमारी सहायता करेगा।

# युवा चित्रकार ने सीएम योगी आदित्यनाथ को उनका हस्तनिर्मित तैल चित्र किया भेंट



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**काशी** के सुप्रसिद्ध युवा चित्रकार सिन्धु वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय काशी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री जब श्री काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन-पूजन करने पहुँचे थे उसी दौरान युवा चित्रकार सिन्धु वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनका हस्तनिर्मित भव्य तैल चित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री वर्मा द्वारा बनाए गए अपने चित्र को देखकर आनंदित हुए और उन्होंने उनके चित्रकला की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ए0सतीश गणेश, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा, एडीएम सिटी गुलाबचन्द्र, डीसीपी आर एस गौतम के अलावा शहर के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खानापूर्ति करके लौट गई अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र



**जनपद** सोनभद्र व विंध्याचल मण्डल के उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में दुद्धी तहसील के राजस्व विभाग की टीम व सोनभद्र जनपद के बीजपुर थाना के अलावा कई थानों के थानाध्यक्ष व उनके हमराही तथा पी ए सी के जवान सोमवार को बीजपुर बाजार में एक विवादित जमीन पर बुल्डोजर के साथ अतिक्रमण को धराशाई करने को तो अवश्य पहुँचे लेकिन उक्त स्थान पर रह रहे एक व्यवसायी के कागजातों को देखकर वे भौचक रह गए। अतिक्रमण को धराशाई करने के बजाय टीम ने व्यवसायी को उसके मकान से सटे टाटी-टट्टर को हटाने के लिए निर्देशित किया। जिस पर उसने अधिकारियों के निर्देश का पालन करते हुए उसे हटा दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्राम पंचायत के एक निवासी ने जनपद व मण्डल के उच्चाधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि उसके जमीन पर एक व्यवसायी अवैध तरीके से आवास बनाकर रह रहा है। जिस पर उच्चाधिकारियों ने उसे हटाने के लिए दुद्धी तहसील के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया था। लेकिन जब सोमवार को टीम उक्त स्थान पर पहुँची तो वह जमीन वन विभाग की साबित हुई। व्यवसायी ने मौके पर मौजूद जरहाँ रेंज के रेंजर व अन्य वन कर्मियों तथा मौके पर पहुँची पुलिस पी ए सी व राजस्व टीम के अधिकारियों को कागजात दिखाकर यह बताया कि वह तो हाईकोर्ट में उक्त जमीन को लेकर वन विभाग से मुकदमा लड़ रहा है। उसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कागजात को देखकर राजस्व विभाग की टीम भौचक रह गई। उसने केवल खानापूर्ति के लिए उसके मकान से सटे स्थान से टाटी-टट्टर उसी से हटवाकर खानापूर्ति करके चले गए।

# पद और महत्वाकांक्षा के लिए लगाया गया आपातकाल: ओम प्रकाश

संवाददाता। सोनभद्र



**भारतीय** जनता युवा मोर्चा सोनभद्र द्वारा जिला कार्यालय भाजपा पर 25 जून 1975 को लगे आपातकाल में जिन महान विभूतियों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया तमाम यातनाएं सही ऐसे लोकतंत्र सेनानी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि भाजपा नेता ओम प्रकाश दुबे व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री संदीप केशरी मौजूद रहे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के द्वारा आपातकाल लगाने के विरोध में संगोष्ठी कर लोकतंत्र सेनानी तिरथराज अक्षयलाल गुप्ता रमाशंकर त्रिपाठी को मुख्यअतिथि ओम प्रकाश दुबे व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशाल पांडेय द्वारा अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष विशाल पांडेय व संचालन जिला महामंत्री विनय श्रीवास्तव ने किया। सम्मान समारोह को संम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि ओम प्रकाश दुबे ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस की सरकार देश में आपातकाल लागू किया उस समय जनसंघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को खोज खोज कर उन्हे जेल में डाला गया। उनके साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया गया। उस समय के कार्यकर्ताओं के ही नही बल्कि उनके परिवार वालों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने पद और महत्वाकांक्षा के लिए आपातकाल लगाया था। सत्ता में बने रहने के लिए देश को आपातकाल में झोंककर लाखों लोगो को जेल भेजा गया था। कांग्रेस के इस दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में जनसंघ काल से ही भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ विविध अनुसांगिक संगठन के राष्ट्रवादी कार्यकर्ता लाठी गोली की परवाह किये बिना लड़ाई लड़ते आ रहे है। सम्मान समारोह को संम्बोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष विशाल पांडेय ने कहा कि 25 जून 1975 में कांग्रेस सरकार ने देश में इमरजेन्सी घोषित कर दिया था। उस दौरान लोकतंत्र के समर्थन में आवाज उठाने वाले राष्ट्रीय स्वयं संघ व जनसंघ के कार्यकर्ताओं को जेल भेज दिया गया और कार्यकर्ता 22 महीने तक जेल में रहे आपातकाल के दौरान कांग्रेस की क्रुर सरकार ने प्रेस की स्वतंत्रता को छीना और लोकतंत्र की हत्या की थी वह आपातकाल का समय देश के लिए काला अध्याय है। जिसे देशवासी कभी नहीं भूल सकते कांग्रेस ने आपातकाल में जिस तरीके से मनमानी की उसकी आज भी पूरा देश निंदा करता है। सम्मान समारोह को पूर्व विधायक तीरथराज ने आपातकाल के समय जेल में बिताये गये पल को विस्तृत रुप से साझा किया। लोकतंत्र सेनानी जगदीश परशुराम गिरी हरिशंकर त्रिपाठी जनार्दन पाण्डेय कैलास रामशंकर त्रिपाठी को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष विशाल पांडेय ने युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों से वृहद वृक्षारोपण का संकल्प कराते हुए आते हुए सभी कार्यकर्ताओं अथितियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश जैसवाल धीरेंद्र प्रताप सुमित सोनी संदीप सिंह कार्यक्रम संयोजक मोनू रवि द्विवेदी उत्कर्ष पांडेय विनीत त्रिपाठी गुलशन पटेल राजन त्रिपाठी रामशंकर मौर्यकृष्णराम दुबे समीर माली आशुतोष पांडेय धीरेंद्र पटेल वीरेंद्र रॉय दिशान्त द्विवेदी अंकुर सिंह उपस्थित रहे।

# खाद्य विभाग ने मोबाइल लैब से की खाद्य पदार्थों की जांच

**मुग़लसराय चंदौली।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में मोबाइल लैब के साथ नगर के दुकानों से सैम्पल लेकर तत्काल मोबाइल लैब में जांच की गई। नगर की दुकानों से 36 सैम्पल लिए गए। जिसमे से पाँच सैम्पल में मिलावट पाई गई। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप का माहौल बना रहा। खाद सामग्री में मिलावट का खेल जग जाहिर है। जिस की रोकथाम के लिए खाद सुरक्षा विभाग द्वारा समय.समय पर दुकानों से सैम्पल लेकर जांच की जाती है। उसी क्रम में सोमवार को खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा सोमवार को मोबाइल लैब के साथ नगर के दुकानों से 36 सैम्पल लिए गए। जिसमें से पाँच सैम्पल में मिलावट पाई गई।इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा त्रिपाठी ने बताया कि नगर के विभिन्न दुकानों से 36 सैम्पल लिए गए। जिसमे से पाँच सैम्पलों में मिलावट पाई गई। मिठाई की दुकान से लिए गए सैम्पल छेना और गुलाब जामुन में स्टॉर्च की मात्रा पाई गई। वहीं काली मिर्च में पपीता के बीज पाए गए। इसके अलावा भुना हुआ चना में कलर पाया गया। उन्होंने बताया कि महीने में एक दिन जिले को खाद्य आपूर्ति विभाग कार्यालय वाराणसी से मोबाइल लैब दिया जाता है। उसी क्रम में यह जांच की गई है। इसके अलावा समय.समय पर इस तरह की जांच जारी रहेगी और दोषी पाए जाने पर कार्यवाई की जाएगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधीपार्क में किया प्रदर्शन

**चकिया चन्दौली ।** स्थानीय गांधीपार्क में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद सिंह गणित के नेतृत्व में अग्निपथ योजना को वापस लेने के लिए प्रदर्शन किया।कार्यकर्ता हांथों में तख्तियां लेकर शांति पूर्वक गांधी जी के प्रतिमा के नीचे बैठ कर योजना को वापस लेने की आवाज उठाई।इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राम सुमेर रामएराममूरत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## रिलायंस रिटेल के ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल का आगाज

**वाराणसी।** भारत की सबसे हॉट फैशन सेल द 'ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल' आज से शुरू हो गया है। ट्रेंड्स, भारत का सबसे बड़ा फैशन रिटेलर है जोकि अपने ऑन-ट्रेंड, सबसे नए स्टाइल और हाई-ऑनफैशन के लिए जाना जाता है। अपने नाम के अनुरूप, ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल'फैशन की अब तक की सबसे बड़ी सेल है। इसमें 10000 से अधिक परिधानों पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। इसमें पुरुषों, बच्चों और महिलाओं के परिधान आपका इंतजार कर रहे हैं।देशभर के ग्राहकों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते हुए कम कीमतें, शानदार ऑफर, निश्चित उपहार, पुरस्कार और पॉइंट्स ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल की इस सेल को आकर्षक बनाते हैं यहाँ आपको कम कीमतों पर नवीनतम स्टाइल और बेजोड डील्स मिल सकेंगी। देश में फैशन के प्रति उत्साही लोगों के लिए ट्रेंड्स अब जाना पहचाना स्थान बन गया है। यह विशेष रूप् से डिजाइन किये गए पुरुषों और महिलाओं के परिधानों और एक्सेसरीज कि बड़ी रेंज रखता है।ट्रेंड्स के भारत में सभी फॉर्मेट में 850 से अधिक शहरों में 1500 से अधिक स्टोर हैं।

# सावन के प्रथम सोमवार को जलाभिषेक को लेकर यादव बंधुओं ने की अहम बैठक

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी

**मुकीमगंज** स्थित भरत सरदार के बाड़े में रविवार को यादव बंधुओं की एक बैठक हुई जिसमें सावन के प्रथम सोमवार को यादव बंधुओं द्वारा परंपरागत तरीके से बाबा सहित कई शिवालयों में जलाभिषेक के लिए रास्ते में ललिताघाट से लगायत कई स्थानों पर सड़क, सीवर ओवरफ्लों की शिकायत पर चर्चा हुई बैठक में यादव बंधुओं ने नगर आयुक्त एवं जिला प्रशासन से मांग किया की सावन के प्रथम सोमवार तक जलाभिषेक वाले रास्ते ठीक हो जाएं जिससे यादव बंधु बाबा विश्वनाथ सहित दर्जनों शिवालयों में शांति से जलाभिषेक कर सकें। इसके अलावा केदारघाट पर नगर निगम बैरिकेटिंग करने की मांग की गई तथा समस्त शिवालयों के आसपास साफ-सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव करें जिससे गंदगी न रह सकें। बैठक की अध्यक्षता ई0 गणेश प्रसाद यादव एवं संचालन रवि यादव कल्लू तथा धन्यवाद ज्ञापित विजेन्द्र यादव 'नाटे' ने किया। बैठक में अध्यक्ष एवं व्यवस्थापक लालजी यादव, महानगर अध्यक्ष विनय यादव, शालिनी यादव, आयुष्मान यादव, सोनू यादव, बल्ली सरदार, अनिल यादव, रोहित यादव, आलोक यादव, शुभम यादव, गोपाल यादव, लोकनाथ यादव, दुर्गा यादव, सुदीप यादव सहित भारी संक्ष्या में यादव बंधु उपस्थित रहे।

## शतरंज ओलम्पियाड टार्च रैली का काशी में हुआ स्वागत

**वाराणसी।** चेन्नई में आयोजित होने वाली 44वीं शतरंज ओलम्पियाड के पूर्व निकली टार्च रैली का सोमवार को पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोक कलाकारों के द्वारा लोकनृत्य धोबिया की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जिला शतरंज संघ और जिला प्रशासन के लोगों के टार्च रैली का अभिनंदन किया गया। सजी धजी गाड़ी में सवार टार्च को थामने वाले इस दौरान प्रसन्न नजर आए। वहीं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ स्थित अध्ययनपीठ सभागार में सांकेतिक शतरंज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। 28 जुलाई से 10 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित 44वॉ शतरंज ओलम्पियाड प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए केन्द्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय की ओर से 19 जून को एक टार्च रैली निकाली गई है।देश के विभिन्न जिलों से होकर यह रैली उत्तराखंड के हरिद्वार से 25 जून को चलकर उ0प्र0 के मेरठ सिटी में पहुँची थी। आगरा, कानपुर, लखनऊ और प्रयागराज होते हुए सोमवार को वाराणसी जिले में आगमन हुआ जहॉ लोगों ने जोर-शोर से टार्च रैली का स्वागत किया।

**डिजिटल युग में लोगो की अपेक्षाएं को बढ़ाने का प्रयास**-वाराणसी-डिजिटल इंडिया की मुहिम को आगे बढ़ाने हुए शक्तिशाली परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाए गए पोको एफ फोर फाइव जी में फ्लैगशिप का प्रोसेसर के साथ हर मामले में आपकी जरूरत की हर चीज है। पोको में हम सबसे अनूठा व अद्भुत फ्लुड एवं शक्तिशाली अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। ग्राहकों की अपेक्षाएं बढ़ा देगा। हमारा मानना है कि आपकी हर जरूरत के अनुरूप है।

# शिक्षा की गुणवत्ता में लाएं और सुधार: जिलाधिकारी

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के जिला अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी बैठक में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नये नामांकन की स्थितिए यू0डायस पोर्टल पर डेटा इंट्रीए आपरेशन कायाकल्पए जर्जर भवन के ध्वस्तीकरणए आउट आफ स्कूल बच्चो का चिन्हाकन की स्थितिए हाउस होल्ड सर्वे के अन्तर्गत बच्चो को नवीन कक्षाओ में नामांकन कराने की स्थिति मध्यान्ह भोजनए आधार नामांकन के सत्यापनए विद्युत एवं पेयजल नल से जल के कनेक्शन की स्थिति आदि बिन्दुओ पर समीक्षा कर प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने सभी सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि स्कूलो की स्थिति में काफी हद तक सुधार आया है शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार लाया जाय। सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि स्कूलो में पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रमो को प्रत्येक विषयो के पठन पाठन पर ध्यान दिया जाय। उन्होने कहा कि स्कूलो के निरीक्षण मात्र कागजी कार्यवाही न करके गुणवत्तापूर्ण निरीक्षण किया जाय। निरीक्षण के दौरान बच्चो के शिक्षा की गुणवत्ताए शौचालयए पेयजलए विद्युत कनेक्शनए एम0डी0एम0 में भोजन की गुणवत्ता अध्यापको की उपस्थितिए स्कूलो की साफ सफाई आदि बिन्दुओ पर भी ध्यान देकर सुधार लाया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि आउट आफ स्कूली बच्चो का अध्यापको के द्वारा घर.घर जाकर चिन्हाकन किया जाय तथा हाउस होल्ड सर्वे के अन्तर्गत बच्चो को नवीन कक्षाओ में नामांकन कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि यह कार्य आगामी 30 जून 2022 तक प्रत्येक सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाय। यह भी निर्देशित किया कि एम0डी0एम0 में बनने वाले भोजन व प्रयुक्त होने वाले सामाग्री गणुवत्तापूर्ण होए किचन के आस पास सफाई हो तथा खाना खाने के लिये बच्चो को बैठनेए खाना खाने आदि के सम्बन्ध में शिष्टाचार भी सिखाया जाया। शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विषय के अध्यापको के द्वारा बच्चो को होमवर्क दिया जाय।

# छात्र छात्राओं को शत-प्रतिशत किया जाये लाभान्वित: मुख्य विकास अधिकारी

संवाददाता। सोनभद्र

**उत्तर** प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लागू सरकार की योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूकता बढ़ाये जाने तथा पठन पाठन के स्तर में वृद्धि लाने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री द्वारा अपेक्षा की गयी है कि समस्त जनपदों में समस्त बोर्डो के प्रधानाचार्यो को बुलाकर सरकार की योजनाओं के सम्बन्ध में संवाद स्थापित कर समुचित जानकारी उपलब्ध करायी जाय इसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त बोर्डो के प्रधानाचार्य बैठक की गयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी से छात्र हित में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली तो उनके द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना नि:शुल्क कोचिंग ऐसे गरीब निर्धन तथा प्रभिावान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु नहीं कर पा रहे है, उनके हित को दृष्टिगत रखते हुए अभ्युदय का शुभारम्भ किया गया है, जिसमें यूपीएसी यूपीपीसीएस व जी के छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किया जाता है। जनपद सोनभद्र के छात्रों को प्रशिक्षण हेतु संन्त कीनाराम महाविद्यालय लोढ़ी चयनित किया गया है। इसी प्रकार जिला प्रोबेशन अधिकारी सोनभद्र ने भी सरकार द्वारा छात्र छात्राओं के हित में चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बेटी बचाओं योजना शासन के निर्देशानुसार लिंगानुपात सम करने के लिए लागू की गयी है जिसका समय-समय पर प्रचार प्रसार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्यो द्वारा छात्र छात्राओं को जागरूक किया जाता है। कन्याओं को पढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग हेतु कन्या सुमंगला योजना के माध्यम छ: श्रेणियों में 15000 रूपये दिया जाता हैं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा छात्र छात्राओ के हित में संचालित योजनाओं से सभी को लाभान्वित किया जाये और स्कूलों में प्रधानाचार्यो द्वारा प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में स्कूल के छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए अवगत कराया जाये। उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों का परीक्षाफल 100 प्रशित रहा है उनके प्रधानाचार्य को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया जायेगा। अन्त में जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र द्वारा अगामी जुलाई माह से विद्यालय खुलने पर विद्यालय की साफ-सफाई बिजली पानी इत्यादि व्यवस्थायें सुनिश्चित कर स्वच्छ वातावरण में पठन पाठन प्रारम्भ किये जाने हेतु सभी प्रधानाचार्यो को अवगत कराते हुए बैठक संगोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारीयों एंव प्रधानाचार्यो के प्रति अभार एवं धन्यावाद ज्ञापित किया।

# सेना भर्ती के नए नियम के खिलाफ टाउनहाल में महानगर कांग्रेस कमेटी ने दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी


**सोमवार** को सेना भर्ती के नए नियम के खिलाफ राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार महानगर कांग्रेस द्वारा टाउनहाल मैदान मैदागिन पर धरना हुआ। धरना प्रदर्शन का अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने किया व कार्यकम सयोजन महानगर उपाध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता ने किया।

महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी आवाह्न पर प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार धरना हुआ है।यह घमंडी सरकार में युवाओं की तैयारी और मेहनत पर पानी फेर दिया है। अग्निपथ के नाम पर इन भर्तियों को खत्म कर उनके ऊपर पाषाण प्रहार हुआ है।इतने सपनों को कुचल देना ठीक नहीं है।भारतीय सेनाओं के नियम से खिलवाड़ करना अनुचित है।सैन्य भर्ती को लेकर जो लापरवाह रवैया अपनाया जा रहा है, वो देश और देश के युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए घातक साबित होगा। सेनाओं में रेग्युलर भर्ती रोक 4 साल के ठेके पर फौज भर्ती देश की सुरक्षा के लिए गलत संदेश है।चार साल की नौकरी के बाद भर्ती हुए युवाओं के भविष्य का क्या होगा? इसका जबाब मोदी सरकार के पास नही है सरकार की नीति नियत सब मे खोट है।कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक रूप से युवाओ के लिए लड़ाई लड़ेगी।युवाओ के सपनो के साथ खिलवाड़ कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नही करेगी। इसका जबाब मोदी सरकार के पास नही है सरकार की नीति नियत सब मे खोट है।कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक रूप से युवाओ के लिए लड़ाई लड़ेगी।युवाओ के सपनो के साथ खिलवाड़ कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नही करेगी।जो रोज सुबह 4 बजकर उठकर देश की सेवा करने के सपनें के साथ दौड़ता है। और हम उन तमाम युवा साथियों के हक के लिए कांग्रेस लड़ेगी।व सरकार को यह कानून वापस लेना ही होगा।।

उक्त अवसर पर महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे,सेवादल प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, ब्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता,फ़साहत हुसैन बाबू,डॉ राजेश गुप्ता,प्रमोद वर्मा,अरविन्द कुमार,मनोज दूवेदी,साजिद अंसारी,मनोज वर्मा,विपिन पाल,किशन यादव, रमेश शर्मा,आयुष तिवारी, मोहम्मद उज्जेर, अनिल पटेल,गोरख यादव,बबलू विन्द, राज जायसवाल, रामजी गुप्ता,विकास पाण्डेय, मो इरफान, मुमताज,समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अग्निपथ योजना देश के युवाओं के लिये महज छलावा: देवेंद्र सिंह

संवाददाता। सकलडीहा चंदौली



**अग्निपथ** योजना को लेकर देश में जगह जगह विरोध प्रदर्शन जारी है। सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कस्बा के दुर्गामंदिर पर प्रदेश महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना के नेतृत्व में अग्निपथ योजना के विरोध में सत्याग्रह किया। इस दौरान अग्निपथ योजना को देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताया गया। प्रदेश महासचिव देवेंद्र सिंह मुन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना युवाओं के लिए मात्र एक छलावा है। चार साल की नौकरी के बाद युवा बेरोजगार हो जाएंगे एवं धनोपार्जन के लिए सही दिशा न मिलने पर गुमराह हो जाएंगे। सरकार अग्निपथ योजना के माध्यम से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है । देश की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अग्निपथ योजना के जरिए चार साल बाद कारपोरेट घरानों को प्रशिक्षित चौकीदार मुहैया कराने की योजना है। अग्निपथ योजना के विरोध में सड़क पर उतरे युवाओं को बलपूर्वक अवैध धाराओं में पंजीकृत जेल में डाल दिया गया। यह सरासर अन्याय है। कांग्रेस इन युवाओं एवं देश की सुरक्षा के साथ अडिग होकर खड़ी है। विधानसभा प्रभारी अरुण द्विवेदी ने योजना के वापस न होने तक संघर्ष करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला महासचिव प्रदीप मिश्राए तरुण पांडेयए कुलदीप वर्माए ध्रुव मिश्राए सलीम सिद्दीकी व राज किशोर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र का संकट

## विकास की लड़ाई

**महाराष्ट्र** में संकट गहरा गया है, जहां ठाकरे के वंशज तथा उनके विरोधी बालासाहेब की विरासत के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महाराष्ट्र का राजनीतिक नाटक हर घंटे के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। लेकिन भय है कि यह बहुत जल्दी बहुत गंदा हो सकता है। वास्तव में शिवसेना अध्यक्ष व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समर्थकों ने विद्रोही शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे व उनके समर्थकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। विद्रोहियों के बैनर फाड़े गए हैं, कुछ स्थानों पर पत्थर फेंके गए हैं तथा पुणे में एक विधायक के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई है। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री ठाकरे इतने व्यापक विद्रोह के शुरुआती भयानक झटके से उबर गए हैं और उन्होंने मजबूती से संघर्ष का निर्णय किया है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है जब पार्टी में उल्लेखनीय स्तर का विरोध हुआ हो। दिसंबर, 1991 में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के विश्वासपात्र छगन भुजबल ने पार्टी तोड़ी थी। अन्य पिछड़े वर्ग या ओबीसी के भुजबल शायद मंडल लहर चलाने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन पार्टी मजबूत व एकजुट बनी रही। 2005 में नारायण राणे के विद्रोह ने भी पार्टी को तोड़ने में सफलता नहीं पाई थी और यही स्थिति थोड़े समय बाद राज ठाकरे के विद्रोह के साथ हुई। लेकिन उस समय शेर से तुलना किए जाने वाले बाल ठाकरे जीवित व पूर्णतः सक्रिय थे। लेकिन राजनीतिक टिप्पणीकार बड़ी दिलचस्पी व उम्मीद से देख रहे हैं कि क्या उनके बेटे इस उभरते तूफान का मुकाबला



कर सकते हैं? वे अपने पिता या यहां तक कि अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की तरह आक्रामक नहीं हैं। अक्सर उनको आम शिवसेना नेता के सौम्य प्रतिरूप की तरह पेश किया जाता है जिसकी दिलचस्पी वन्यजीवों की फोटोग्राफी में है। क्या वे सड़क पर संघर्ष करने वाले एकनाथ शिंदे जैसे नेता का मुकाबला कर सकेंगे जो कार्यकर्ता से प्रगति करते हुए नेता बने हैं?

हालांकि, उम्मीद के साथ भय की भावना मिली हुई है क्योंकि शिवसेना के नेताओं में अपने विरोधियों के प्रति धैर्य व सहिष्णुता का गुण कम होता है। सौभाग्य से सामान्य पार्टी कामकाज बनाए रखा गया है। शनिवार को उद्धव ठाकरे ने पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लिया जिसमें उनके समर्थक एकत्र हुए। आश्चर्य नहीं कि उन्होंने उद्धव को पार्टी संबंधी सारे निर्णय लेने के लिए अधिकृत कर दिया। इस बैठक में जोर दिया गया कि केवल शिवसेना, यानी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला समूह ही बालासाहेब ठाकरे का नाम प्रयोग कर सकता है। इसके साथ ही 16 विद्रोही विधायकों के खिलाफ इस आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का फैसला किया गया कि उन्होंने सप्ताह की शुरुआत में उद्धव द्वारा बुलाई पार्टी बैठक में भाग नहीं लिया था। इस बीच शिंदे के समर्थक इसे गलत बताते हुए तर्क दे रहे हैं कि रांकापा नेता व उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल 16 विधायकों के खिलाफ कार्रवाई के योग्य नहीं हैं क्योंकि उनको हटाने की याचिका लंबित है। बताया जाता है कि विद्रोही कानूनी सलाह ले रहे हैं। इस बीच शिंदे ने स्वयं को 'हिंदुत्व विजेता' के रूप में पेश किया है। एक ट्वीट में उन्होंने शिवसैनिकों से प्रार्थना की है कि वे 'महा विकास अघाड़ी-एमवीए की योजना समझें'। उन्होंने दावा किया है कि वे 'शिवसेना व शिवसैनिकों को उसके पंजों से मुक्त कराने के लिए ड्रैगन से लड़ाई लड़ रहे हैं।' यह प्रतीक निश्चित रूप से मजेदार है, पर सवाल है कि उद्धव ठाकरे अब भी मुख्यमंत्री हैं तथा प्रशासन और पुलिस पर उनका नियंत्रण है। ऐसे में केवल उम्मीद की जा सकती है कि शिवसेना के भीतर जारी लड़ाई और नीचे तक नहीं गिरेगी।

# स्वतंत्रता माह मनाए पूरा देश

लोग अपना जन्मदिन मनाते हैं, पर एक राष्ट्र को अपनी स्वतंत्रता प्राप्ति का उत्सव एक दिन के बजाय पूरे एक महीने मनाना चाहिए।



**बालाकृष्णन सत्यम**
(लेखक सृजनात्मक निर्देशक हैं)



**किसी** अवधारणा को बेहतर ढंग से समझने के मामले में हम सोचते हैं कि एक अकेले वाक्य के बजाय एक अनुच्छेद बेहत भूमिका निभा सकता है। इसी प्रकार हम कहते हैं कि बेहतर कौशल विकास के लिए हमारे अभ्यास सत्रों के लंबे होने की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार जब हम किसी चीज के लिए अधिक समय देते हैं तो उम्मीद करते हैं कि पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। आमतौर से हमारे दिमाग में 'एक या दो दिन' की अभिव्यक्ति थोड़े समय के रूप में होती है। 'दिन' बहुत अधिक परिचित शब्द है और हम इतनी लापरवाही से इसका उपयोग करते हैं कि शायद ही कभी इसे गंभीरता देते हों। यह समय मापन की महत्वपूर्ण इकाई है। सवाल है कि जब लोग अपना जन्मदिन एक दिन मनाते हैं तो क्या एक राष्ट्र को अपनी स्वतंत्रता केवल एक दिन के बजाय एक महीना नहीं मनानी चाहिए? अनेक प्रकार के संगठनों ने स्वतंत्रता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे एक दूसरे से अलग तथा किए गए काम के आधार पर अपने आप में विशिष्ट हैं। आपने सुना होगा कि हमें अपने देश में अनेकानेक अन्य आंदोलनों व बलिदानों को समुचित सम्मान देना चाहिए।

ऐसे में विभिन्न विचारों वाले सप्ताहों को जोड़ कर एक स्वतंत्रता माह में अलग-अलग दिन निर्धारित कर स्वशासन के विभिन्न आयामों को पहचाना व सम्मान दिया जा सकता है। इससे जनता में ज्यादा राजनीतिक जागरूकता फैलाने में भी सहायता मिलेगी। हालांकि, आधिकारिक व समारोही महत्व वाले दिनों में कार्यक्रम होते हैं, पर व्यावहारिक रूप से स्वतंत्रता का अर्थ बिना औपनिवेशिक छाप के अपनी पहचान बनाना है। इसका अर्थ है कि हमारी विधायिकायें संप्रभु हैं, सशस्त्र सेनाओं के हमारे अपने प्रमुख हैं, हमारा अपना निर्वाचन आयोग, शोध की अनेक भारतीय परिषदें, हमारे केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा ऊर्जा व अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय निगम हैं। इनमें से प्रत्येक के बारे में बात करने और उनकी प्रगति का उत्सव मनाने का काम ज्यादा विस्तार से किया जाना चाहिए, जबकि एक अकेले दिन लगभग तीन घंटे के समय में उनकी कुछ झांकियां पेश की जाती हैं। इस प्रकार स्वतंत्रता माह के माध्यम से समृद्ध, लंबा व ज्यादा सूचनादायक अनुभव प्राप्त होगा। प्रगति पर अनेक प्रकार की प्रदर्शनियों के आयोजन का अवसर न केवल नागरिकों को ऊर्जा क्षेत्र, दूरसंचार व आईटीईएस क्षेत्र, अंतरिक्ष क्षेत्र, आदि के बारे में सूचना देने का काम करेगा, बल्कि इससे नौजवानों को सहायता भी मिलेगी।

हालांकि, तर्क के लिए कोई कह सकता है कि क्षेत्र में हमसे दूने इलाके व लगभग दूनी जनसंख्या वाला देश एक ही दिन यह उत्सव मनाता है जहां अनेक परेडें तथा आतिशबाजी होती है। लेकिन उनका स्वतंत्रता संघर्ष अनेक उल्लेखनीय चीजों के बावजूद बिल्कुल अलग था। यह कुछ युद्ध क्षेत्रों तक सीमित था और मूलभूत रूप से उसका नेता एक था। उनका देश कई दशकों में मुख्यभूमि के अलावा अन्य क्षेत्रों में फैला और मुख्य स्रोत के रूप में वह प्रगतिशील पश्चिमी यूरोप की विचारधारात्मक सोच पर निर्भर रहा। इस प्रकार जहां हम अमेरिका के खास इतिहास का सम्मान करते हैं, यह देखना सहज है कि औपनिवेशिक शक्तियों के खिलाफ हमारा स्वतंत्रता संघर्ष एक अलग किस्म की प्रक्रिया थी। हमारे भूगोल व प्राचीन विरासत को देखते हुए हमारी संवैधानिक भावना में पश्चिमी तथा स्वदेशी ढांचे के तत्व शामिल थे। समान रूप से अमेरिका के संस्थापकों की तरह हमारे पास भी अत्यन्त उल्लेखनीय व दूरदर्शी-भविष्योन्मुखी टीम थी। वास्तव में संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में बहुत अधिक सूचनाओं का साझा किया जा सकता है। शुरुआत से ही भारतीय गणतंत्र का एक मजबूत समावेशी उन्मुखीकरण था। राष्ट्रीय व राज्य स्तरों पर कैबिनेटों में वंचित व हाशियाकृत समुदायों के लोगो को शामिल किया गया था जिनमें आर्थिक व राजनीतिक गतिविधियों से बहुत दूर स्थानों के लोग भी थे। इसके उलट सचिवालयों व प्रतिनिधि सभाओं में देशी अमेरिकनों की उपस्थिति बहुत विरल थी। उनके प्रतिनिधित्व के लिए पहल केवल 1924 में शुरू हुई और अधिकांश राज्यों में मतदाताओं के रूप में उनको अधिकांश राज्यों में भाग लेने के लिए 1965 तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। हमारी अपनी व्यापक विविधता तथा अनेक क्षेत्रीय व विशिष्ट संस्कृतियों को देखते हुए भारत शुरुआत से ही अपनी राजनीतिक संस्कृति के रूप में ज्यादा प्रतिनिधिक रहा है। हालांकि, बहुत अधिक काम करना बाकी था, लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के तीन साल के भीतर ही संविधान मंजूर करने से हमें प्रारम्भ से ही तेज गति मिली।

इसमें बहुलतावाद तथा सिद्धान्तों का सह-अस्तित्व मिलता है। इसके साथ ही औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देते हुए भी साथी मनुष्यों द्वारा मुनाफे के लिए अन्य लोगों का शोषण रोकने हेतु भी कुछ प्राविधान हैं। राज्य ने मिश्रित अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण अपनाते हुए व्यावहारिकता का प्रदर्शन किया। व्यापक कल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ ही नियोजन का माडल तीसरी दुनिया के देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करता था। यह जल्द ही औपनिवेशिक दासता से मुक्त देश के लिए उचित था जिसने लगभग सभी नीतिगत मामलों में 'मध्यम मार्ग' अपनाया। उस समय वैज्ञानिक सोच व सबके लिए आधुनिक शिक्षा की पैरोकारी भी की गई। इस सोच में उपभोक्तावाद तथा आध्यात्मिकता समानान्तर चलती रहीं। इस प्रकार ऐसी पसंद निर्धारित करने वाले नेताओं व विशेषज्ञों की पीढ़ी ऐसी पीढ़ी थी जो ज्ञान व व्यावहारिक अनुभव का दावा कर सकती थी।

हालांकि, ये सिद्धान्त ऐसे थे जिनमें भविष्य में परिवर्तन की ज्यादा आवश्यकता नहीं थी। हमने अब तक जो प्राप्त किया है, वह संकुचित नहीं है तथा इसमें आई कमियां खराब क्रियान्वयन के कारण हैं। इस प्रकार एक महीने का समय केवल उत्सव के लिए नहीं होगा। यह राष्ट्रनिर्माताओं को धन्यवाद के साथ अपनी न्यायोचित राजनीति के प्रति प्रतिबद्धता पुनर्जीवित करने व इसकी पुष्टि के लिए भी होगा। हमारे बीच अब ऐसे लोग नहीं हैं जो बता सकें कि 1947 के पहले क्या स्थिति थी। यूरोपियनों का वर्चस्व, उस समय प्रशासन में अत्यधिक सीमित सहभागिता तथा सभी क्षेत्रों में अनुपयुक्त ढांचागत संरचना जैसी चीजें काफी समय पहले भुला दी गई हैं। हमारे वर्तमान अधिकारों व स्वतंत्रताओं की कल्पना दशकों पहले की गई थी और अनुमान लगाया गया था कि उनको 75 साल बाद प्राप्त कर लिया जाएगा। परिवारों व नागरिकों के रूप में स्वतंत्रता की भावना हमें यह सोचने को प्रेरित करती है कि इसे व्यावहारिक रूप से कैसे बनाए रखा जाए। आर्थिक स्वतंत्रता का एक महत्वपूर्ण आयाम है जिसे गांधीजी ने रेखांकित किया था।

अमेरिका में बड़ी संख्या में आम लोग आवास, स्वास्थ्यरक्षा व शिक्षा की आवश्यकतायें पूर करने के लिए भारी कर्ज के बोझ से दबे हैं। इसका एक छोटा हिस्सा क्रेडिट कार्डों के माध्यम से हे, पर अधिकांश का कारण समाज में समझ की कमी तथा वह दृष्टिकोण अपनाने के कारण है जहां लोगों को पहले उपभोक्ताओं और इसके बाद ही मनुष्यों की तरह देखा जाता है। छात्रों पर कर्ज तथा विश्वविद्यालयी शिक्षा पर तेजी से बढ़ता खर्च अवसर व सामाजिक गतिशीलता में भारी बाधायें हैं। इससे हमें वह याद करने में सहायता मिलती है जिसे अक्सर भुला दिया जाता है। अपनी स्वतंत्रता का उत्सव मनाने के साथ ही हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम स्वतंत्र पैदा होते हैं और रूसो के लोकप्रिय कथन के अनुसार हम बाद में ही जंजीरों से बंधते हैं। भारत में विकेन्द्रीकरण ने एक साम्राज्यवादी शक्ति द्वारा हमारे प्राकृतिक संसाधनों की डकैती रोक दी थी।

इससे हम प्रतिनिधिक सरकार के आधुनिक युग में पहुंच गए और हमने समावेशी विकास का रास्ता अपनाया। इसने अतीत की जंजीरें तोड़ दीं तथा इसके साथ ही समाज के सभी वर्गों में समृद्ध व प्रगतिशील भविष्य क सपना पैदा किया। संविधान में उल्लिखित निर्देशक सिद्धान्त हमें विभिन्न वंचनाओं से पीड़ित बड़ी संख्या में लोगों को ऊपर उठाने का निर्देश देते हैं, जिनकी हालिया पीढ़ियों की परिस्थितियों में बहुत कम या कोई सुधार नहीं हुआ है। एक सामाजिक-आर्थिक अंतर है जिसे सकारात्मक सरकारी एजेंडा भर सकता है। इसके बावजूद स्वतंत्रता का यह अर्थ भी है कि सभी लोगों को कर्जदार बनाने के बजाय उनको कर्ज से बाहर रखा जाए। हम स्वयं को मिले समर्थन के बदले अनेक छोटे-छोटे तरीकों से राष्ट्रीय हित की पूर्ति करते हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति जे.एफ. कैनेडी ने 1961 में व्हाइट हाउस के उद्घाटन भाषण में कहा था, 'पूछें, आप अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं।' 31 दिन का स्वतंत्रता माह ऐसे सवाल पूछने और उनके जवाब खोजने के लिए काफी समय देगा।

# नेतन्याहू को लेकर इजरायल में उथल-पुथल



**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

**पि**छले सोमवार को इजरायल की राजनीति में अनुग्रह का एक दुर्लभ क्षण था, जब प्रधान मंत्री नफ्ताली बेनेट और विदेश मंत्री यायर लैपिड ने घोषणा की कि वे अपने असाधारण गठबंधन को भंग कर देंगे और साढ़े तीन साल में इजरायल को अपने पांचवें चुनाव में खड़ा करेंगे।

गठबंधन असाधारण था क्योंकि इसमें इजरायल में राजनीतिक विश्वास का इतना व्यापक स्पेक्ट्रम शामिल था, जिसमें बेनेट की यामिना जैसी दक्षिणपंथी समर्थक पार्टियों से लेकर सेंटर-लेफ्ट येश एटिड (लैपिड की पार्टी) और यहां तक कि पहली बार एक इस्लामिक पार्टी थी, संयुक्त अरब सूची। अनुग्रह का क्षण बेनेट और लैपिड, राजनीतिक और वैचारिक विरोधियों द्वारा दिखाई गई वफादारी और यहां तक कि दोस्ती थी, जो एक खंडित इजरायली राजनीतिक परिदृश्य के कटु विभाजनों से ऊपर उठे थे, जो कि दलबदल और विश्वासघात की विशेषता थी। उन्होंने गठबंधन के पतन के लिए एक-दूसरे को दोष नहीं दिया। वे एक-दूसरे के साथ सम्मान से पेश आते थे। बेनेट ने लैपिड के साथ बारी-बारी से शीर्ष नौकरी साझा करने के लिए अपनी बात रखी, जो अब और अगले चुनाव के बीच के महीनों के लिए संक्रमणकालीन सरकार के प्रधान मंत्री बन जाएंगे, शायद अक्टूबर के अंत में।

'वे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं जो इजरायल के राजनीतिक मानकों के अनुसार एक दुर्लभ साझेदारी बनाने के लिए पर्याप्त बुद्धिमान थे, लगभग यूटोपियन। उन्होंने अच्छी शुरुआत की और और भी बेहतर तरीके से समाप्त हुए। हम सपने देखने वाले थे—क्या यह इज़राइल है, या डेनमार्क?' हारेत्ज़ पत्रकार योसी वर्टर ने लिखा। लेकिन ये दो आदमी अलग हैं, यह इज़राइल है। निश्चित रूप से इज़राइल।

आठ-दलीय गठबंधन का एक एकीकृत सिद्धांत था : बीबी (बिन्यामिन नेतन्याहू, पिछले 25 वर्षों में से अधिकांश के लिए प्रधान मंत्री) को फिर से सत्ता में आने से रोकना। यह केवल सामाजिक मुद्दों (जहां कुछ समझौता हुआ था) पर ध्यान केंद्रित करके काम कर सकता था, जबकि सुरक्षा, बसने वाली हिंसा और फिलिस्तीनी अधिकारों पर यथास्थिति को बनाए रखता था। फिर भी, इस तरह के एक शानदार विविध



गठबंधन को एक साथ रखने का प्रयास अंततः उन सदस्यों के दलबदल से डूब गया, जिन्होंने इस तरह के मौलिक रूप से अलग-अलग विचारों के लोगों के साथ काम करके नैतिक रूप से समझौता किया था। इसके साथ शुरू करने के लिए 120 में से केसेट के केवल 62 सदस्य थे, और सिर्फ तीन एमके छोड़ने, एक समय में, अपने संसदीय बहुमत को नष्ट कर दिया। तो क्या अक्टूबर के बाद फिर से सत्ता में आएंगे नेतन्याहू? वह अभी भी विश्वास के उल्लंघन, रिश्वत स्वीकार करने और धोखाधड़ी के लिए परीक्षण पर है, लेकिन गठबंधन लोगों को प्रधान मंत्री बनने से गुंडागर्दी के मुकदमे पर प्रतिबंध लगाने के लिए नहीं मिला, इसलिए यह निश्चित रूप से संभव है। यही कारण है कि नेतन्याहू ने गठबंधन को नीचे लाने के लिए इतनी मेहनत की, विपक्ष को हर एक गठबंधन उपाय के खिलाफ वोट देने के लिए कहा।

अंततः नेसेट और देश इतने समान रूप से संतुलित हैं कि डेक का कोई भी फेरबदल जीतने का एक और मौका है। नेतन्याहू ने नेसेट में अपने सहयोगियों को भी विनियमन के एक और पांच साल के विस्तार के खिलाफ वोट देने के लिए मिला, जो कि इजरायल के नागरिक कानून के तहत वेस्ट बैंक में यहूदी बसने वालों को रखता है, न कि सैन्य कानून जो कब्जे वाले क्षेत्रों में अरबों के लिए जीवन को नियंत्रित करता है।

यह आम तौर पर बिना किसी बहस के अपने आप हो जाता है, लेकिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और उसके सहयोगियों ने इसके खिलाफ मतदान किया, इस तथ्य के बावजूद कि वे बसने की समर्थक पार्टियां हैं। बीबी को पता था कि गठबंधन सरकार के चार अरब सदस्य विशेष अधिकार रखने वाले बसने वालों को वोट देने के लिए खुद को नहीं ला सकते थे, इसलिए उपाय विफल हो गया और गठबंधन गिर गया।

दरअसल, इज़राइल में राजनीतिक सब कुछ अंततः बसने वालों और अब के कब्जे के बारे में है, और देश लगभग सर्जिकल सटीकता के साथ बीच में विभाजित हो गया है। इसलिए बीबी-विरोधी गठबंधन बनाना इतना कठिन था, लेकिन बीबी-समर्थक गठबंधन बनाना उतना ही कठिन है।

कुछ लोगों ने महसूस किया कि यह वह भविष्य था जिसे वे बना रहे थे जब इज़राइल ने 1967 का युद्ध जीता और वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स में पर्याप्त अरब आबादी वाले क्षेत्रों पर विजय प्राप्त की। 1948 के युद्ध के बीच, जब अधिकांश अरब भाग गए या उस समय जो इज़राइल बन गए थे, और 1967 के छह-दिवसीय युद्ध से, इज़राइल की लगभग 85 प्रतिशत आबादी यहूदी थी। उस युद्ध में इजरायल की जीत के बाद, अब इजरायल द्वारा नियंत्रित भूमि पर लगभग आधी आबादी अरब थी और या तो मुस्लिम या ईसाई थी।

आज भी ऐसा ही है, हालांकि गाजा पट्टी को खुली हवा में जेल में बदल दिया गया है जो तकनीकी रूप से इज़राइल में नहीं है। इसलिए जब तक आप कब्जे वाले क्षेत्रों को वापस देने की योजना नहीं बना रहे हैं, आपके पास एक लोकतांत्रिक इज़राइल हो सकता है जहां आधी आबादी अरब है, या एक यहूदी इज़राइल जहां आधी आबादी के पास कोई राजनीतिक अधिकार नहीं है। यही वह विकल्प है जो देश को विभाजित और पंगु बना देता है, और क्षितिज पर कोई निर्णय नहीं होता है। बीबी उन सभी इजरायली यहूदियों के लिए मानक-धारक हैं जो एक बड़े देश का पक्ष लेते हैं, लेकिन जहां अधिकांश फिलिस्तीनी अरब नागरिक नहीं हैं, और वह वर्ष के अंत तक सत्ता में वापस आ सकते हैं।

## आप की बात

### कोरोना का असर

**नेचर** पत्रिका की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में करोना ने अत्यंत ही गहरा प्रभाव डाला है। मगर करोना का प्रभाव अलग-अलग देशों में अलग-अलग तरह से पड़ा है। जिसमें गरीब देशों से इसका सबसे ज्यादा कष्ट उठाया है। यू ए सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड डिप्रेशन, के आंकड़ों से पता चलता है कि कोरोना महामारी में सर्वाधिक मृत्यु दर एशियाई लोगों की रही। वही गरीब देशों ने अपने नागरिकों को इलाज के अभाव में मरते हुए देखा है। वैक्सीनेशन के मामले में भी अमीर राष्ट्रों ने आवश्यकता से अधिक जखीरा संग्रहित कर लिया। जिसका खामियाजा गरीब देशों को पर्याप्त वैक्सीनेशन उपलब्ध नहीं हो पाया। जिससे उसके नागरिकों की मृत्यु दर बढ गई। अभी भी करोना के प्रभावों को लेकर कई प्रकार के अध्ययन चल रहे हैं। और आगे कुछ अर्से तक ओर चलते ही रहेंगे। जिनमे नए तथ्य सामने आएंगे। मगर यह बात तो सही है कि संकट के समय बड़े राष्ट्र पहले अपना भला सोचते हैं। और बाद में दूसरों का ।यह अंतरराष्ट्रीय संधियों में भी अपनी सामरिक सुरक्षा में सबसे बराबरी की सहभागिता चाहते हैं। मगर करोना जैसे संकटों के दौरान वह सहायता देने में अपना हाथ पीछे खींच लेते हैं। और यही इन देशों की धूर्तता दर्शाती है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### चालू करें पैसेंजर ट्रेनें

**रेल** से यात्रा करना आम लोगों के लिए एक सस्ता सुगम और महत्वपूर्ण साधन है। रेल सुविधाएं बढ़ाने पर सरकार को निरंतर मंथन करते रहना चाहिए। सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में रियायत देने का निर्णय लिया है। पूर्व में भी छूट प्रदान की जाती थी। किंतु कुछ माह पूर्व इसे बंद कर दिया गया था। मिडिल क्लास के वरिष्ठ नागरिकों की आय का साधन सामान्य तया पेंशन एवं सावधि जमाओ पर प्राप्त ब्याज की रकम ही होती है। यात्री किराए में राहत मिलने से सीनियर सिटीजन को लाभ होगा। रेलवे कोरोना काल से बंद अनारक्षित श्रेणी के टिकटों की बिक्री भी पुनः विंडो से चालू करने जा रहा है। आम जनता को इससे काफी सुविधा होगी। मासिक पास बनाने की प्रक्रिया को भी पुनः बहाल किया गया है। इससे अपडाउन करने वाले नौकरी पेशा वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी। मोबाइल ऐप से टिकट परचेस करने की सुविधा भी रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली है। इससे स्टेशन पर लोगों को लाइन में लगकर टिकट लेने की समस्या से निजात मिलेगी। रेलवे को पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन कोरोना काल के पूर्व के नियमों के मुताबिक पूरे देश में पुनः प्रारंभ करना चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी ट्रेनों में यात्रा का पूरा लाभ मिल सके। – **ललित महालकरी**, इंदौर

### अच्छा कदम

**1997** से लेकर 2014 तक जिस गुट का नाम आठ का समूह जी-8 रखा गया था, वो 2014 में वापस जी-7 बन गया,जिसकी शुरुआत 1973 में हुई थी । रूस को इस ग्रुप से इस लिए हटा दिया गया था क्योंकि उसने यूक्रेन के क्रिमिआ संभाग में कब्ज़ा कर लिया था। जो आज भी कायम है बल्कि अबतो वो पुरे यूक्रेन पर कब्जा के लिए उसपर हमला कर चूका है। इस बार यह शिखर सम्मेलन के मेजबान, जर्मनी के रमणीय स्थल बवेरियन आल्प्स कर रहा है। सम्मलेन के पहले दिन ही इन अमीर राष्ट्रों द्वारा विकासशील देशो के लिए 7 ख़रब डॉलर देने की घोषणा की गयी है जिसे यह देश अपने आपको हरित ऊर्जा में परिवर्ती करने में खर्च कर सकेंगे। यह तो जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से लड़ने के लिए एक जरुरी कदम है, जिसे आज से 50 साल पहले ही उठा लिया जान चाहिए था। मगर जो तात्कालिक खतरा यूक्रेन के नागरिकों के ऊपर मंडरा रहा है, उस पर क्या कोई ठोस कार्रवाई होगी? इस पर लगता है फिर से अल्फ़ाज़ों के माध्यम से रूस की आलोचना की जाएगी।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**लद्दाख** में स्वीकृत जम्मू कश्मीर के कानून रोजगारों व धरती के संरक्षण का काम करेंगे।

– **आर. के. माथुर**
लद्दाख के उप-राज्यपाल



**चीन** व भारत के साझा हित उनके टकरावों की तुलना में बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं।

– **वांग यी**
चीनी विदेश मंत्री



**भारतीय** साइबरस्पेस में जवाबदेही का संजाल मजबूत करना बहुत जरूरी है।

– **राजीव चंद्रशेखर**
केन्द्रीय मंत्री

# बच्चों को चेस खेलने के प्रति करें प्रोत्साहित: नंदी

- बच्चों को दिखाया गया प्रधानमंत्री के संबोधन का वीडियो, केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ऑनलाइन खेल के प्रति बच्चों को किया प्रोत्साहित
- कैबिनेट मंत्री नन्दी ने शतरंज ओलम्पियाड टार्च रिले टीम का किया स्वागत


कार्यक्रम में मंत्री नंदी के साथ डा संजय कपूर एवम अन्य अधिकारी।

**प्रयागराज।** अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क इलाहाबाद संग्रहालय में चेस ओलम्पियाड के प्रथम टार्च रिले समारोह में कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने चेस फाउंडेशन के अध्यक्ष डा संजय कपूर का स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद नेहरू युवा कल्याण के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। देश भक्ति गीत के बाद चेस ओलम्पियाड के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा कि हिन्दुस्तान में चेस ओलम्पियाड का होना गौरव की बात है। इस बार 147 देश प्रतिभाग करेंगे। यह टार्च रिले उप्र के 09 जिले से होकर जायेगी। हिन्दुस्तान पूरे विश्व को संदेश देगा। यह रिले टार्च भारत के 75 शहरों से होते हुए 27 जुलाई को चेन्नई पहुंचेगी। 28 जुलाई से 10 अगस्त तक शतरंज ओलंपियाड का आयोजन होगा। नयी पीढ़ी के बच्चों को चेस खेलने के प्रति प्रोत्साहित करेगा। प्रधानमंत्री के सम्बोधन का वीडियो भी दिखाया गया।

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने संबोधन में बच्चों को खेलने के प्रति प्रोत्साहित किया। काबीना मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन हुआ है। उप्र के बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने का काम मुख्यमंत्री द्वारा निरंतर किया जा रहा है। संस्कृति विभाग द्वारा इलाहाबाद का प्रसिद्ध ढ़ेढ़िया एवं विविध लोकनृत्य का प्रदर्शन करते हुए विश्व शतरंज ओलम्पियाड के टार्च रिले का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रयागराज के लोकनृत्य कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष डा संजय कपूर ने सुश्री सुप्रिया सिंह रावत को रूपये एक हजार का पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में कमिश्नर संजय कुमार गोयल, प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता महेश चंद्र चतुर्वेदी, महापौर अभिलाषा गुप्ता, डीएम संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, इण्डिया चेस फेडरेशन के अध्यक्ष डा संजय कपूर सचिव भरत सिंह चौहान ग्रैण्ड मास्टर तेजस वाकेर महिला ग्रांड मास्टर वन्तिका अग्रवाल कोआर्डिनेटर सागर वैश्य नोडल क्रीड़ा अधिकारी संदीप गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रंजना त्रिपाठी ने किया।

## कोविड महामारी में मिला डिजिटलीकरण को बढ़ावा: दुबे

**प्रयागराज।** कोविड 19 महामारी ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिया है। ग्राहक केंद्रित संगठन के रूप में अपने ग्राहकों के साथ जुड़ाव को बढ़ाने और उनकी तत्काल संतुष्टि की जरूरतों को पूरा करने के लिए टैक्नोलॉजी का लाभ उठा रहे हैं। एक मिलियन डाउनलोड के आंकड़े को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस मोबाइल ऐप ने पार कर लिया है। इस तरह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का यह मोबाइल ऐप लोगों को उनकी पॉलिसी के बारे में समस्त जानकारियां बेहद आसानी के साथ प्रदान करता है। यह ऐप पर उपलब्ध नवीन और ग्राहक केंद्रित सुविधाओं का महत्वपूर्ण प्रमाण है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मनीष दुबे ने कहा कि हमारा इनोवेटिव और एडवांस्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा ऑन सर्विस टचप्वाइंट है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से माँ-बेटी की मौत

- तीन सवारी बनी काल
- घूरपुर के झांसी मिर्जापुर राजमार्ग पर हुई दुर्घटना, नाराज लोगों ने लगाया जाम


घटनास्थल पर मौजूद भीड़।

**नैनी, प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के झांसी मिर्जापुर राजमार्ग पर सोमवार को सड़क हादसे में मां बेटी की मौत हो गई। ट्रैक्टर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। छीतुपुर पेट्रोल पंप के पास सुबह दस बजे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी में तीन लोग सवार थे। स्कूटी सवार मां बेटी की मौत हो गयी जबकि उसका पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया। नाराज लोगों ने घटनास्थल पर चक्काजाम कर हंगामा कर दिया। मौके पर इलाकाई पुलिस के अलावा एसपी यमुनापार पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। सोमवार सुबह 10 बजे अकोढ़ा की सबा बानो 26 अपने पति जुनैद 30 और पुत्री अनम 7 स्कूटी से सवार होकर कहीं जा रहे थे। इस दौरान घूरपुर थाना क्षेत्र के चंद्रभान का पूरा पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मां बेटी ट्रैक्टर के नीचे आ गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जबकि जुनैद गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल जुनैद का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने रोड जाम कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर जाम खत्म कराया। उसके बाद लाशों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। करमा चौकी इंचार्ज उमाशंकर ने बताया कि ट्रैक्टर चालक फरार है। परिजनों ने बताया कि सबा अपने मायके चंद्रभान का पूरा आई हुई थी। यहां से वह शापिंग करने करमा बाजार गई थी। वहीं से लौटते समय हादसा हुआ है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटी में तीन लोग सवार थे। जिससे संतुलन बिगड़ गया और यह दर्दनाक हादसा हो गया।

# कुमारगंज वन क्षेत्र में एक जुलाई से लगेंगे विभिन्न प्रजाति के 720800 पौधे



**मिल्कीपुर अयोध्या।** धरा को हरा भरा बनाने के लिए इस बार वृहद पौधरोपण महाअभियान के दौरान वन रेंज कुमारगंज क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के 7 लाख 20 हजार 800 सौ पौधे रोपित किए जाएंगे। जिन स्थानों पर वृक्ष रोपित किए जाएंगे वहां पर गड्ढे वन विभाग द्वारा पहले से खुदवाये जा चुके हैं। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के वन रेंज कुमारगंज में सात लाख एबीस हजारए आठ सौ पौधों का रोपण किया जाएगा यह अभियान 1 जुलाई से शुरू होगा वन विभाग महा अभियान की तैयारियों को पूरा करने में जुटा है। वन विभाग को जिन स्थानों पर सात लाखए बीस हजार आठ सौ पौधे रोपित करने हैं, उनके लिए गड्ढे पहले से खोजे जा चुके हैं। पिछले वर्ष तहसील क्षेत्र में चार लाख 18 हजार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस बार वन विभाग के पौधशालाओं में हरियाली लाने के लिए शीशम, आम, नीम, इमली, जामुन, बेल, महुआ, यूकेलिप्टस, अर्जुन, सागौन, कंजी, सिरसा, बरगद, प्रास्पिस, पीपल, आंवला, बांस, फलदार छायादार, शोभाकार, इमली समेत अन्य प्रजाति के पौधे तैयार किए गए हैं। प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी वन रेंज कुमारगंज आरपी सिंह ने बताया कि रोपण के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौध पौधशालाओं में तैयार किए गए हैं। सभी पौधों की शिफ्टिंग भी करा दी गई है सभी के सहयोग से पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।

## प्रयागराज में डबल मर्डर

# प्रेमिका के पति की हत्या कर भाग रहे प्रेमी को पीटकर मार डाला

- करछना के धरी गांव में घटना से हड़कम्प पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार


गांव में जांच पड़ताल करती पुलिस।

**नैनी, प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के धरी गांव में रविवार देर रात दो लोगों की हत्या हो गई। प्रेमिका के इशारे पर पहले प्रेमी ने उसके पति की गला घोंटकर हत्या कर दी और बाद में पति के रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने मिलकर कातिल प्रेमी को इतना पीट दिया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों लाशों के पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। करछना थाना क्षेत्र के धरी गांव निवासी सन्तोष कुमार 40 मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। करछना के पंचदेवरा गांव निवासी रामबाबू 41 भी मजदूरी करके गुजारा करता था। पिछले एक साल से सन्तोष और रामबाबू के बीच दोस्ती हो गई। दोनों साथ में बैठकर शराब पीते थे। रामबाबू का धीरे धीरे सन्तोष के घर आना जाना शुरू हो गया। जिसकी वजह से उसकी नजदीकी सन्तोष की पत्नी गेंदा देवी से बढ़ गई और कुछ ही दिनों में दोनों के बीच अवैध रिश्ते भी बन गए। पुलिस के अनुसार करीब छह माह से रामबाबू सन्तोष के घर ही रहने लगा था। बीती रात सन्तोष ने रामबाबू और अपनी पत्नी गेंदा को आपत्तिजनक हालत में देख लिया तो गुस्से से बेकाबू हो गया। उस वक्त किसी तरह से स्थिति संभाला लेकिन उसी के बाद गेंदा और रामबाबू ने सन्तोष की हत्या की योजना बना डाली। भोर में तीन बजे के करीब जब सन्तोष अपने बिस्तर पर सो रहा था। तभी रामबाबू ने सन्तोष का गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान आस पास के लोगों को पता चला गया। जिससे घबराया रामबाबू सन्तोष के घर से भाग रहा था। जिसे देख सन्तोष के भाई और अन्य गांव वालों ने दौड़ाकर रामबाबू को पकड़ लिया। रामबाबू की ग्रामीणों ने इतनी पिटाई कर दी कि वह बेहोश हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस उसे लाद फांदकर एसआरएन अस्पताल पहुँचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोहरे हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मचा है।

### वर्जन

यह घटना रात्रि क़रीब तीन बजे की है। गेंदा देवी ने योजना के मुताबिक अपने प्रेमी रामबाबू के साथ मिलकर अपने पति संतोष की गला दबाकर हत्या कर दी। इसकी जानकारी जब संतोष के भाई और गांव वालों को हुई तो उन्होंने रामबाबू को पकड़ लिया और उसे पीट पीटकर मार डाला। गेंदा देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

*अजय कुमार*
*एसएसपीए प्रयागराज।*

## क्विक न्यूज

### ...साहब मैं सेक्रेटरी का मुंशी हूं-फाइल पर हस्ताक्षर कराना है

**अम्बेडकरनगर।** ग्राम पंचायत अधिकारी अपनी फाइलों पर हस्ताक्षर डीपीआरओ ,के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर करवाते हैं वहीं बीते सोमवार को एक मामला डीपीआरओ के सामने फाइलों पर हस्ताक्षर करने का आया जब डीपीआरओ ने सामने खड़े व्यक्ति से पूछा की आप कौन हैं तो उन्होंने जवाब में कहा कि साहब हम जहाँगीर गंज ब्लॉक से आए हैं और सेक्रेटरी का हम मुंशी हू इतना सुनते ही डीपीआरओ साहब अचंभित हो गए। जहांगीरगंज ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी रामजीत ने अपनी फाइलों पर डीपीआरओ, के हस्ताक्षर कराने के लिए अपने मुंशी शिव शंकर को भेजा जब डीपीआरओ उपस्थित होकर सेक्रेटरी के द्वारा भेजी गई फाइल को टेबल पर रखा तब डीपीआरओ ने पूछा आप कौन हैं साहब मैं जहांगीरगंज ब्लॉक से आया हूं और मैं सेक्रेटरी का मुंशी हूं फाइल पर हस्ताक्षर कराना है साहब इतना सुनते ही अचंभित हो गए जहांगीरगंज से आए व्यक्ति की फाइल लेकर डीपीआरओ ने फाइल पर हस्ताक्षर करके बाय हैंड ना देकर कार्यालय के बाबू को बाइ डाक द्वारा भेजने को कहां।



### भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन

**अयोध्या।** सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर गम्भीरता से चर्चा की गयी। पार्टी नेतृत्व द्वारा निर्धारित किये गये कार्यक्रमों को मनाने के विषय में मंथन किया गया तथा मनाये गये कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गयी। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासित व राष्ट्र के प्रति समर्पित होता है। समाज का हर वर्ग भाजपा से जुड़ा हुआ है। पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। कार्यकर्ताओं का सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा में है। कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि कोविड काल में जब लोग अपने घरों में कैद थे। उस समय भाजपा के कार्यकर्ता अपने जीवन की परवाह न करते हुए जरुरतमंदों की सेवा कर रहे थे। सेवा व समपर्ण का यही भाव हमें अपार जनसमर्थन मिलने का कारण है। क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संपर्क, संवाद व प्रवास की प्रक्रिया को और तेज करना होगा। सबका साथ सबका विकास के साथ सबका विश्वास व सबका प्रयास की अवधारणा को लेकर हमें चलना है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अपनी सक्रियता को और बढ़ाना होगा। नवयुवकों को वैचारिक रुप से मजबूत करना है। राजनैतिक प्रस्ताव जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने दिया। जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने इसका समर्थन किया।



### अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ कार्यसमिति का समापन

**अयोध्या।** दो दिवसीय अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति का समापन 27 जून को हुआ। पुरानी पेंशन बहाली हेतु मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र कुमार को उप्र व उत्तराखण्ड का प्रभारी नियुक्त किया गया। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जे पी सिंघल ने किया। समापन सत्र के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो् जेपी सिंघल ने कहा कि अगस्त माह में देश भर के सभी जिलों से पूरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित शिक्षक समस्याओं को दूर करने हेतु जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, भारत सरकार व मुख्यमत्रियों तथा राज्य के शिक्षा मंत्रियों को मांग पत्र भेजा जाएगा। स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मनाने का उद्देश्य शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति सम्मान एवं विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में स्वतंत्रता का इतिहास बताते हुए भारत में भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु स्वतंत्रता के इतिहास को बताना है। जिससे वे अपने अतीत पर गौरव महसूस कर सकें।

### युवा कलाकारों ने प्रतिभा के जरिए किया मंत्रमुग्ध

**प्रयागराज।** पिछले तीस सालों से ज़ी टीवी भारतीय युवाओं को अपना सिंगिंग डांसिंग और एक्टिंग टैलेंट दिखाने के लिए एक ग्लोबल मंच उपलब्ध करा रहा है। इस साल भी इस चैनल ने युवा बच्चों को डांस के प्रति अपना प्यार ज़ाहिर करने के लिए एक शानदार मंच दिया। हजारों बच्चे शो का हिस्सा बनने और अपना टैलेंट दिखाने के लिए शो के लिए ऑडिशन दिया लेकिन इनमें से चुनिंदा लोग ही ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में पहुंच पाए। इसमें चुने गए टॉप पंद्रह कंटेस्टेंट्स ने दिल से डांस करते हुए सबको इम्प्रेस कर लिया। अब फुल डांस और एंटरटेनमेंट की तीन महीने की सफलतम पारी के बाद डीआईडी लिटिल मास्टर्स अपने फैंटास्टिक फिनाले के साथ समाप्त हुआ।

## पुरुषों महिलाओं के साथ बच्चों की जरूरतें हों पूरी

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिधान और एक्सेसरी ब्रांड के साथ साथ पुरुषों महिलाओं और बच्चों की हर जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने सभी ब्रांड हैं। देश की सबसे हॉट फैशन सेल द ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल आज से शुरू हो गया है। ट्रेंड्स भारत का सबसे बड़ा फैशन रिटेलर है जोकि अपने ऑन ट्रेंड सबसे नए स्टाइल और हाई ऑन फैशन के लिए जाना जाता है। अपने नाम के अनुरूप ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल फैशन की अब तक की सबसे बड़ी सेल है। इसमें दस हजार से अधिक परिधानों पर पचास प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। इसमें पुरुषों बच्चों और महिलाओं के परिधान आपका इंतजार कर रहे हैं। देश भर के लोगों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते हुए कम कीमतें शानदार ऑफर निश्चित उपहार पुरस्कार और पॉइंट्स ट्रेंड्स शॉपिंग फेस्टिवल की इस सेल को आकर्षक बनाते हैं। यहाँ कम कीमतों पर नवीनतम स्टाइल और बेजोड डील्स मिल सकेंगी। देश में फैशन के प्रति उत्साही लोगों के लिए ट्रेंड्स अब जाना पहचाना स्थान बन गया है।

# जारा मेन्स वियर का फीता काटकर पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** जारा मेन्स वियर हयातगंज का फीता काटकर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा व पूर्व प्रत्याशी टाण्डा विधान सभा क्षेत्र कपिलदेव वर्मा ने किया। इस अवसर पर कपिलदेव वर्मा ने कहा कि टाण्डा बुनकर औधोगिक नगरी है जिसे देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी इस पूरे जनपद को देखते एक जिला एक उत्पाद की श्रेणी में कर दिया है । टाण्डा क्षेत कपड़ों के व्यवसाय का हब बन गया है यहां से पूरे देश मे तैयार कपड़ा जाता है। जिससे टाण्डा की पूरे देश मे पहचान है। टाण्डा एक जमाने पूरी दुनिया मे जाना जाता था कहा कि जामदानी कला जो अब नही के बराबर हो गयी है।उससे पूरी दुनिया मे पहचान थी और कहा जाता था कि ढाका का मलमल व टाण्डा की जामदानी का पूरी दुनिया मे कोई मुकाबला नही है।उन्होंने कहा कि मैं प्रदेश शासन से टाण्डा के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत हूँ और जल्द ही परिणाम सामने आएंगे। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ सरकार चला रही है और किसी योजना में भेदभाव नही हो रहा है।

# वृक्ष हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं: मिथिलेश त्रिपाठी



**अम्बेडकरनगर।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में 23 जून डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस से लेकर डाक्टर साहब के जन्म दिन 6 जुलाई तक चलने वाला बूथ स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य अनवरत जारी है।भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने प्रत्येक बूथ पर 10-10 पेड़ लगाने का लक्ष्य बूथ स्तर पर प्रवास करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिया है। भाजपा के कार्यकर्ता प्रतिदिन बूथों के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्य कर रहे हैं।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने सोमवार को जनपद के मालीपुर के मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण करने के बाद इंटर कॉलेज के कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि वृक्षारोपण पुण्य का कार्य है। वृक्ष की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वातावरण को शुद्ध करने से लेकर जीवन के लिए आवश्यक आक्सीजन भी वृक्ष से हमें भरपूर मात्रा में मिलता है।हमारा कर्तव्य है कि हम कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाएं। पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ भरपूर आक्सीजन प्राप्त होता रहे। प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम ओझा, अंकुर सिंह, चंद्र मणि द्विवेदी, दिग्विजय मिश्र, संजय मिश्र, विकास सिंह, अनुराग त्रिपाठी, सचिन आजाद पाण्डेय सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। भाजपा जिला महामंत्री/वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने अकबरपुर नगर मण्डल के अब्दुल्लापुर बूथ पर वृक्षारोपण करते हुए बताया कि संगठन के निर्देशन में जनपद में चल रहे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक सभी 23 मंडलों की बूथों में 2677 वृक्ष लगाए गए हैं।

# अंबेडकरनगर में कोआपरेटिव बैंक की पहली शाखा का हुआ शुभारम्भ

- उप्र कोआपरेटिव बैंक के उत्तम बैंकिंग सेवा का लाभ उठाये लोग: प्रदीप विकल



**अम्बेडकरनगर।** जिले में उप्र कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड की नयी शाखा का शुभारम्भ हुआ। उप्र कोआपरेटिव बैंक की अम्बेडकरनगर शाखा सहित 13 अन्य शाखाओं का उद्घाटन लखनऊ के सहकारिता भवन में सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने वर्चुअल माध्यम से फीता काटकर किया। अम्बेडकरनगर जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामसुन्दर उर्फ साधू वर्मा व आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त ने शाखा का शुभारम्भ किया। इस मौके पर एलडीएम आशीष सिंह तथा शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार विकल एवं शहर के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि साधू वर्मा ने कहा कि जिले में कोआपरेटिव बैंक की शाखा खुलने से किसानो से आसानी से ऋण मिल पायेगा जिससे किसान उन्नित कर सकेगा शाखा से आम जन उद्यमी, व्यसायिक, स्कूली छात्र-छात्राएं व ग्रामीणो को फायदा होगा। उल्लेखनीय है कि उप्र कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड की नयी शाखा अकबरपुर, बसखारी मार्ग जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सामने खुला है। शाखा प्रबंधक प्रदीप विकल ने विस्तार से बताते हुए कहा कि इस बैंक में गृह, कार, गोल्ड, शिक्षा, व्यवसायिक, डेयरी, पोल्ट्री सहित तमाम प्रकार के ऋण दिये जाने की योजनाएं है। अधिक से अधिक संख्या में बैंक पहुंचकर उत्तम बैंकिंग सेवा का लाभ उठाये। शुभारम्भ कार्यक्रम में श्रावस्ती सांसद राम सिरोमणि वर्मा उपयुक्त एवं उपनिबंधक अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी संजय रस्तोगी, शाखा प्रबंधक भूमि विकास बैंक, शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक गुड्डू सिंह व बैंक स्टाफ सहायक प्रबंधक अमर बहादुर पाल, सहायक/कैशियर अरुण कुमार गौतम व हरिगोविन्द वर्मा, सहयोगी संतोष कुमार यादव एवं सैकड़ो गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## मारपीट मामले में चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** आबादी की जमीन पर हो रहे निर्माण को गिराने से मना करने परभद्दी भद्दी गालिया देते दौडा दौडा करमारने पीटने तथा धमकी देने के मामले मे चार लोगो के विरूद्ध दर्ज हुआ मुकदमा। मामला थाना हसवर क्षेत्र के महमूदपुर गाव का है !गाव के सूर्य लाल पुत्र राम नाथ दस जून को सुबह 9बजे अपनी आबादी की भूमि परनिर्माण करवा रहा था वुनियाद से तीन फुट ऊची दिवाल बन गयी थी आरोप है कि गाव के लल्लन वर्मा ,राजेन्द्र वर्मा ,विजय वहादुर वर्मा पुत्र गण राम चरित्रर वर्मा व अजीत वर्मा पुत्र लल्लन वर्मा योजनाबद्ध तरीके से एकराय होकर मौके पर आकर उक्त निर्माण को गिरा दिया रोकने व मना करने पर विपक्षी गण उसे मां बहनकी भद्दी भद्दीगालिया देते हुये अमादा फौजदारी हुये और उसे दौडा दौडा कर पटक कर लात घूसो व डन्डे से बुरी तरह मारा पीटा और जान सेमारने की धमकी दियाविपक्षी गण नेउसका बहुत नुकसान किया है।

# बाल व महिला हिंसा के खिलाफ सरकार सख्त: पंकज

- पात्र लाभार्थियों को मिल रहा योजनाओं का समय से लाभ: प्रीति सैनी


कार्यक्रम में बोलते वक्ता।

**प्रयागराज।** बाल एवं महिला हिंसा के खिलाफ उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार खासा सख्त हो गयी है। यह बातें महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्त्वावधान में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) संस्था के सहयोग से सोमवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित जागरूक मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए मण्डल के उप निदेशक महिला कल्याण पंकज कुमार मिश्र ने कहीं। श्री मिश्र ने कहा कि हम बालिकाओं को गर्भ से सुरक्षा दे रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे पांच की रिपोर्ट में लिंगानुपात का आंकड़ा इसका उदाहरण है। जिसके अनुसार मंडल में लड़कियों का अनुपात अब लड़कों को पीछे छोड़ आगे बढ़ रहा है। उप निदेशक महिला कल्याण पंकज कुमार मिश्र ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से मिशन शक्ति चार अभियान शुरू किया गया है। श्री मिश्र ने कहा कि इसे सही मायने में धरातल पर उतारने में मीडिया की भूमिका अहम है। सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य कर रहे हैं ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिला और बच्चों तक हर संभव मदद पहुँच सके और अभियान को गति मिल सके। इस दौरान थानों में महिला उत्पीड़न की सुनवाई सीसीटीवी में सुनवाई महिला थानों में सुनवाई और बाल निगरानी समिति संबंधी कई सवाल मीडिया द्वारा किए गए जिसका जवाब उप निदेशक पंकज कुमार मिश्र ने दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टेट कंसल्टेंट नीरज मिश्रा ने कहा कि मुसीबत में हेल्पलाइन 1090 181 1098 के जरिये तत्काल राहत दी जा रही है। हर थाने में महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। बाल संरक्षण आयोग एवं चाइल्ड लाइन बाल सुरक्षा के लिए 24 घंटे सक्रिय है। क्षेत्राधिकारी एवम प्रभारी मिशन शक्ति आस्था जायसवाल ने कहा कि शहरी महिलाओं के साथ साथ ग्रामीण महिलाओं को सशक्त होना जरूरी है। शोषण के विरुद्ध शुरुआत में ही महिलाएं अपनी आवाज उठाएँ। महिलाओं के माध्यम से मिल रही शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। सीफ़र की प्रयागराज मण्डल की मंडलीय समन्वयक प्रीति सैनी ने लघु फिल्म का प्रदर्शन कराया। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में जनपद की मण्डल स्तरीय उपलब्धियों की जानकारी साझा की गयी। मंडलीय समन्वयक प्रीति सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिशन शक्ति चार के सफल संचालन और महिला एवम बाल कल्याण की योजनाओं के प्रचार प्रसार में मीडिया की अहम भूमिका पर चर्चा करना था। संचालन सह ज़िला विद्यालय निरीक्षक डा प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर सीफर के राज्य प्रतिनिधि लोकेश कान्त त्रिपाठी फतेहपुर ज़िला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार कौशाम्बी और प्रतापगढ़ के संरक्षण अधिकारी सीफर के श्रवण शर्मा मनभावन और विकास आदि उपस्थित रहे।

# थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ सीडीओ ने की बैठक

**● उपलब्धता व वितरण को लेकर हुई गहन मंत्रणा**



**संवाददाता।** सीतापुर

**मुख्य विकास** अधिकारी अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जनपद के थोक विक्रेताओं तथा उर्वरक विनिर्माता कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिला कृषिधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है। दिनांक-27.06.2022 को यूरिया-50421 मी0टन, डी0ए0पी0-10942 मी0टन, एन0पी0के0-2848.951 मी0टन, एम0ओ0पी0-222 मी0 टन एवं एस0एस0पी0-4619.3480 मी0टन की उपलब्धता उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर है। साथ ही अवगत कराया कि प्रीपोजिसनिंग स्टाक के लक्ष्य के सापेक्ष इफ्को द्वारा प्रीपोजिशनिंग स्टाक भण्डारित नहीं किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि प्रतिष्ठान पर उपलब्ध वास्तविक स्टॉक एवं पॉश मशीन के स्टाक में अन्तर न हो जो स्टॉक पॉश मशीन में प्रदर्शित हो रहा है वही स्टॉक प्रतिष्ठान में होना चाहिए तथा साथ ही निर्देशित किया गया कि निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक फुटकर विक्रेताओं को उर्वरक बिकी करेगें एवं किसी भी प्रकार के उत्पादों को टैग नहीं करेगें। यदि इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही समस्त थोक उर्वरक विक्रेता फुटकर विक्रेताओं को उर्वरक बिक्री से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि फुटकर विक्रेताओं की पॉश मशीन में प्रदर्शित स्टाक तथा भौतिक रूप से उपलब्ध स्टाक समान है। यदि किसी के पॉश मशीन में प्रदर्शित स्टाक तथा भौतिक रूप से उपलब्ध स्टाक में भिन्नता पायी जाती है तो उसको तब तक उर्वकर विक्रय न करें जब तक कि पॉश मशीन में प्रदर्शित स्टाक तथा भौतिक रूप से उपलब्ध स्टाक एक समान न हो जाये। प्रीपोजिशनिंग स्टाक में कमी होने के कारण इफ्को के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रीपोजिशनिंग स्टाक भण्डारित कराना सुनश्चित करें। प्रीपोजिशनिंग स्टाक भण्डारण के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि उनके से महाप्रबन्धक, पी0सी0एफ0 उ0प्र0 लखनऊ को तत्काल पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया सभी उर्वरक विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर स्टॉक/बिक्री रजिस्टर पूर्ण रखे तथा एकनॉलेजमेण्ट समयानुसार कराना सुनिश्चित करें। उच्चाधिकारियों के भ्रमण के समय यदि किसी उर्वरक विक्रेता के पास अद्यतन स्टॉक/बिक्री रजिस्टर नहीं पाया जाता है तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अर्न्तगत कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं निबन्धन, सहकारिता विभाग, जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसौदिया, जिला प्रबन्धक पी0सी0एफ0, इफ्को के प्रतिनिधि एस0सी0 शुक्ल, जनपद के समस्त थोक उर्वकर विक्रेता तथा उर्वरक विनिर्माता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ऐलिया ब्लाक में हुई प्रधान संघ की बैठक

**सीतापुर।** विकास खंड एलिया के मीटिंग हॉल में प्रधान संघ के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने एक बैठक की जिसमें प्रधान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन मिश्रा प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह प्रधान प्रतिनिधि मिंटू सिंह प्रधान आशुतोष पांडे बदरुद्दीन लालू वर्मा प्रधान प्रतिनिधि पंकज कुमार प्रधान प्रतिनिधि मनमोहन मौर्य प्रधान शिवकुमार हरजीत सिंह सहित दर्जनों प्रधान मौजूद रहे बैठक में मुख्य बिंदु जिन पर चर्चा हुई बिंदु नंबर 1 नल व री बोर वा मरम्मत में अनुमति की व्यवस्था खत्म की जाए बिंदु नंबर दो बारिश के मौसम को देखते हुए कायाकल्प के साथ नाली खड़ंजा की भी अनुमति दी जाए बिंदु नंबर 3 जब प्रधानों को 500000 तक स्टीमेट पास करने का अधिकार है तो टी एस वा एफ एस डी बिना पेमेंट की अनुमति दी जाए बिंदु नंबर 4 मनरेगा में मिस्त्री का भुगतान कराया जाए वह अस्थाई गौशाला में हुए खर्च का भुगतान कराया जाए यह ज्ञापन खंड विकास अधिकारी विकास कुमार सिंह को प्रधान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन मिश्रा मानवेंद्र सिंह सहित प्रधानों ने ज्ञापन सौंपा।

## क्विक न्यूज

### डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा सीएचसी मिश्रित में वितरित हुए पौष्टिक आहार'

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख सीतापुर डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा गोद लिए गए 25 टीबी रोगियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित में पौष्टिक आहार वितरित किया। संकल्प लिया कि इनकी देखरेख पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे। अधीक्षक आशीष कुमार ने बताया कि टीबी मरीजों को पोष्टिक सामग्री गुड़, मूंगफली दाना, दाल, भुना चना, सत्तू, बोर्नबीटा व सोयाबीन उपलब्ध कराया गया। पौष्टिक आहार मरीज को देने के बाद उसकी मॉनिटरिंग भी करेगी कि क्या दी जाने वाली पोषण सामग्री का लाभ उन्हें हो रहा है या नहीं। इसका पता मरीजों के वजन/बीएमआई बॉडी मास इन्डिकेटर से लगाएंगे। इस मौके पर अधीक्षक आशीष सिंह आनंद मौर्य विपिन कुमार अनुराग समेत कई डॉ मौजूद रहे।

### अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह!

**सीतापुर।** युवाओं व किसान संगठन के बाद अब सीतापुर में कांग्रेसियों ने अग्निपथ योजना का विरोध करना शुरू कर दिया है। अग्निपथ योजना वापस लिए जाने को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ताओं ने कचेहरी स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के सामने शान्तिपूर्ण सत्याग्रह किया। जिसमें इस योजना को वापस लिए जाने की बात सत्याग्रह के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने कही। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर यह सत्याग्रह शुरू किया गया है और अग्निपथ योजना जल्द से जल्द वापस ली जाए जिससे युवाओं कोई सेना में जाने से कोई दिक्कत न होने पाए। सत्याग्रह में पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, संतोष भार्गव, संजय सनी, बनवारीलाल कनौजिया, सुभाष राजवंशी, ज्ञानेन्द्र कश्यप सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### थानगांव पुलिस पर पीड़ित लगा रहे कार्रवाई न करने का आरोप

**सीतापुर।** सीतापुर के थाना थानगांव के गांव बाबापुरवा मजरा परसिया के रहने वाले पीड़ित रामदयाल ने एसपी आफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में अपने बेटे कुन्नू उर्फमुन्नू को गांव के ही सतीश पुत्र हरेराम, किरन पत्नी सतीश पर मारकर टांग देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में कहा कि मेरे बेटे सतीश ने 35 हजार रूपये उधर लिए थे, मांगने पर कोई न कोई बहाना बताकर मना कर देते थे, लेकिन एक दिन नाराज होकर वह फिर से पैसे सतीश के घर गया था लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा, उसको शीषम के पेड़ में गांव के बाहर टांग दिया गया था, थाने में एफआईआर होने के बाद मुकदमा भी दर्ज किया गया लेकिन उनकी गिरफ्तारी आज भी नहीं हुई जिससे वह एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

### ट्रेन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**संडीला (हरदोई)।** बंद रेलवे क्रासिंग से बाइक समेत निकलने के दौरान बाइक के अचानक बंद हो जाने से सामने से आ रही ट्रेन से बाइक समेत युवक के चीथड़े उड़ गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मुख्य रेलवे क्रासिंग बंद था तथा लखनऊ की ओर से ट्रेन के आने का सिग्नल दिया गया था। इसी दौरान एक युवक ने बाइक को लगभग लिटाकर क्रासिंग के अंदर किया और बाइक को स्टार्ट कर क्रासिंग पार करने लगा। डाउन लाइन पर पहुचंते ही बाइक बंद हो गयी। युवक ने बाइक को निकालने की कोशिश की। इसी बीच ट्रेन आ गयी। ट्रेन ने होर्न भी दिया। लेकिन युवक बाइक छोडकर नहीं भागा और देखते ही देखते बाइक और सवार दोनों के टुकड़े ट्रैक पर बिखर गये। बाद में युवक की पहचान हुई मृतक का नाम प्रदीप कुमार कनौजिया था। वह लखनऊ का रहने वाला था और संडीला अपनी रिश्तेदारी में आया था। इस लोम हर्षक हादसे ने जिन लोगो ने देखा वे सब सन्न रह गये।

### हजरत सागर मियां का सालाना उर्स 29 जून से

**संडीला (हरदोई)।** मशहूर सूफी बुजुर्ग हजरत शाह सै0 अहमद फात्मी व चिश्ती और हजरत शाह सै0 शरफउद्दीन अहमद सागर मियां चिश्ती निजामी का सालाना उर्स 29 जून से शुरु होगा तथा उसका समापन 01 जुलाई को होगा। खादिम आस्ताना खानकाहे सागरिया चिश्तिया के सज्जादानशीन मो मुईजउद्दीन अहमद ने तीन दिवसीय उर्स के सम्बंध मे जानकारी देते हुए बताया कि 29 जून को बाद नमाज मगरिब पहला कुल होगा। जिसमें जश्न ए ईद मीलादुन्नबी और महफिले नात पाक का आयोजन होगा। 30 जून को बाद नमाज फज्र कुरानख्वानी, गुश्ल, चादनपोशी, महफिले समां और बाद नमाज मगरिब दूसरा कुल होगा। 01 जुलाई कोू बाद नमाज फज्र कुरानख्वानी, जलसा और लंगर और शाम चार बजे आखरी कुल के बाद इस उर्स का समापन होगा।

# अग्निपथ योजना युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़: राम कुमार

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**कांग्रेस ने** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा सेना में भर्ती अग्निपथ योजना के विरोध में अंबेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन कर एक ज्ञापन राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा। वरिष्ठ कांग्रेसी राम कुमार मिश्रा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने सेना में 4 साल की भर्ती की प्रक्रिया को करके देश के युवाओं के साथ धोखा किया है। युवा कई वर्षों से सेना में जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे उनके सपनों को भाजपा सरकार ने तोड़ दिया है। वरिष्ठ कांग्रेसी इकबाल अहमद खान ने कहा कि युवाओं के सेना में नौकरी ही नहीं बल्कि देश सेवा भी करनी होती है। युवाओं के अंदर देश प्रेम का एक जज्बा पैदा होता है। जिला उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी ने कहा 4 साल की नौकरी के बाद बिना पेंशन रिटायर्ड कर देना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। देश में हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार आज युवाओं के भविष्य को खराब कर रही हैं। आज केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार से युवा महिला किसान गरीब सभी परेशान हैं। कांग्रेस पार्टी अग्निपथ योजना का घोर विरोध करती है। इस योजना के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रितु राज अनीता कुमार नवाज शिव सहाय सिंह इरफान किदवाई लतीफ आजम दीपक बाजपेई गुरमीत सिंह खान अब्दुल रहीम राजेंद्र गुप्ता हरगोविंद वर्मा पंकज दीक्षित नीरज बाजपाई चंद्रप्रभा अवस्ती रवि तिवारी रवि गोस्वामी अब्दुल कयूम किशन कश्यप आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस पर प्रतियोगिताएं

## जमैयतपुर में हुआ कार्यक्रम, विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**संवाददाता।** सीतापुर




**विश्व मादक** पदार्थ विरोधी दिवस पर अमन नषा मुक्ति केंद्र द्वारा विकास खण्ड खैराबाद के ग्राम जमैयतपुर के जू0 हा0 स्कूल के द्वारा छात्र-छात्राओं में विभिन्न खेल कूद की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें खेल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गये। इस अवसर पर केंद्र के चिकित्सक डॉ0 सी0पी0 सिंह ने कहा कि मादक पदार्थों में जैसे षराब, स्मैक, गांजा, भांग आदि के सेवन से व्यक्ति के षरीर के विभिन्न अंग गुर्दे, फेफ्ड़े, लीवर, आदि ध्वस्त हो जाते हैं व आतों में कैंसर, नपुंसकता व हार्ट अटैक भी हो जाता है व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त होने लगता है और इसी विक्षिप्तता के कारण लोग आत्महत्या या दुर्घटना के षिकार हो जाते हैं इसी के साथ नषे का सेवन नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है नर्वस सिस्टम कमजोर होने पर मस्तिश्क क्षतिग्रस्त हो जाता है और अनेको असाध्य रोग हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में अधिकांष व्यक्तियों में आर्थिक असुरक्षा व संतुश्टि का अभाव के कारण लोगों में मानसिक तनाव हो जाता है जिससे मुक्ति पाने के लिये लोग विभिन्न प्रकार के नषीलें पदार्थों का सेवन करने लगतें हैं। धीरे धीरे चलकर ऐसे व्यक्ति भयंकर नषे के आदी हो जातें है। सबसे चिनता का विशय यह है कि 16 वर्श की आयु वर्ग के बालको में षराब, नषीली गोलियां कपसीरप आदि के नषे के रूप में सेवन की प्रवृत्ति बढी है। ऐसी स्थिति में बच्चों के अभिभावकों को विषेश ध्यान देने व संवाद बनाने के अतिरिक्त निगरानी भी जरूरी है। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं ग्राम सभा के नागरिकों को नषीले पदार्थों के सेवन को छोडने का संकल्प करवाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रबन्धक अवनेंद्र विक्रम सिंह, अजय प्रताप, अमन विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य योगेंद्र पांडेय, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, मोनिका गुप्ता, आरती अग्निहोत्री, अर्चना मिश्रा, महिमा दीक्षित, स्मिता गुप्ता, ताहिरून निषा, गीता भार्गव आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिला जज-डीएम ने किया स्वाधार गृह का निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को जनपद न्यायाधीश मुकेश मिश्रा व जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने संयुक्त रुप से पलिया तहसील स्थित डाण् राजेंद्र प्रसाद स्वाधार गृह का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। सोमवार को दोपहर करीब 2.30 जिला जज व डीएम ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद स्वाधार गृह पहुंचेए जहां उन्होंने व्यवस्थाओं की पड़ताल की। मौजूद संवासिनियों से मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लीए पूछा कि उन्हें स्वाधार गृह में कोई असुविधा या परेशानी तो नही है। स्वाधार गृह की विधिवत सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला जज व डीएम ने स्वाधार गृह के अभिलेख भी देखे। उन्होंने स्वाधार की अधिक्षिका से जाना कि संवासिनियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सकों ने विजिट कब.कब हुई। स्वाधार गृह की ओर से संवासिनियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की बारीकी से पड़ताल कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कर्णिका अवधए एसडीएम अविनाश चंद्र मौर्यए सीओ राजेंद्र प्रसादए आशीष कुमार सिंह मौजूद रहे।

## मझरा पूरब में बाघ ने ग्रामीण को बनाया निवाला

**तिकुनियां खीरी।** मझरा पूरब में रविवार देर शाम एक ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर उसे अपना निवाला बना लिया है। बाघ के हमले में मारा गया ग्रामीण नरेंद्र सिंह 35 वर्ष ग्राम पंचायत तेलियार के गांव नरेंद्र नगर टपरा का निवासी बताया जा रहा है। जोकि रविवार दोपहर बाद अपनी पत्नी के साथ बैलगाड़ी से घाघरा नदी के समीप चारा लेने गया था। जहां पर गन्ने के खेत में मौजूद बाघ ने नरेंद्र सिंह पर हमला कर उसे अपना निवाला बना लिया है। ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद देर शाम गन्ने के खेत से नरेंद्र का शव बरामद हो गया है। उधर मंझरा पूरब में रविवार दोपहर बाद खेतों में चर रही दो भैंस पर एक साथ दो बाघों ने हमला कर दिया। लेकिन चरवाहों के द्वारा काफी शोर.शराबा मचाने के बाद बाघ भैंस छोड़कर जंगल चले गए। हिंसक बाघों के द्वारा हो रही ताबड़तोड़ इंसानी खून की घटनाओं से तराई इलाके के ग्रामीणों में काफी रोष है।

## एक किलो 10 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर पुलिस द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान अभियुक्त रोहित प्रजापति पुत्र अवधेश निवासी दुर्गापुरम कॉलोनी थाना कोतवाली सदर खीरी को एक किलो 10 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में कोतवाली सदर पर मुअसं 714 22 धारा 8 20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेज दिया गया है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक लाला गोस्वामी कोतवाली सदर कांस्टेबल लोकेश कुमार कांस्टेबल राहुल सोनकर व कांस्टेबल अभय प्रताप वर्मा शामिल रहे।

# 108 व 102 के ईएमटी व पायलट का हुआ प्रशिक्षण, बताए गए दायित्व



**लखीमपुर खीरी।** एंबुलेंस की सेवा को और बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला चिकित्सालय हाल में किया गया। जिसमें ईएमटी और पायलट को उनके कार्य और दायित्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ सीएमओ डॉण् शैलेंद्र भटनागर ने किया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉण् धनीराम भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान सीएमओ डॉण् शैलेंद्र भटनागर ने कहा कि 108 और 102 एंबुलेंस सेवा महत्वपूर्ण सेवा है और इससे जुड़े सभी लोग समाज सेवा भी करते हैं। एंबुलेंस पर चलने वाले ईएमटी और पायलट का पूर्ण प्रशिक्षित होना इसलिए महत्वपूर्ण है कि उनके द्वारा हर दिन कई जानें बचाई जाती हैं। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ धनीराम भार्गव ने कहा कि जरूरतमंद मरीज को कम से कम समय में एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कराना ईएमटी और पायलट दोनों का दायित्व है। समय से घटनास्थल पर पहुंचना और प्राथमिक उपचार देने सहित उसे उच्च स्तरीय इलाज के लिए समय से नजदीकी अस्पताल पहुंचाना बेहद जरूरी होता है जिससे उसकी जान बचाई जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रेनर कार्तिकेय शर्माए प्रोग्राम मैनेजर शिवेंद्र मिश्राए जिला प्रभारी उबेद शारिक एवं क्वालिटी टीम के शिवेंद्र राय और विनीत उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन सभागार में पॉस मशीन का प्रशिक्षण कराया गया

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस लाइन खीरी के सभागार में समस्त थाने से एक.एक उपनिरीक्षक यातायात शाखा के अधिकारी कर्मचारियों को पॉस मशीन का प्रभारी यातायात निर्मलजीत यादव द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें एसबीआई के सर्विस इंजीनियर दिनेश कुमार द्वारा



सभी को प्रशिक्षित करते हुए बताया गया कि यातायात नियमों के उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर ई चालान की कार्यवाही के दौरान वाहन चालक द्वारा तत्काल जुर्माना अदा करना चाहता है तो उसे डेबिट कार्डध् क्रेडिट कार्ड एवं बारकोड के माध्यम से समन शुल्क मौके पर ही अदा कर सकता है।

# जानलेवा हमले के सात वांछित गिरफ्तार



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**कोतवाली पुलिस** ने जानलेवा हमले के सात वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की पहचान गुलफाम पुत्र रियाजुद्दीन निवासी मोहल्ला महाराजनगर थाना कोतवाली सदरए समद पुत्र मोहम्मद मुसीर निवासी हाथीपुर थाना कोतवाली सदरए मोहम्मद साहित पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी प्यारेपुर थाना कोतवाली सदरए अदनान पुत्र मुजींब नि0 हाथीपुर उत्तरी थाना कोतवाली सदरए सिजान पुत्र शमी निवासी बक्सा मार्केट थाना कोतवाली सदरए फैसल पुत्र मुस्ताक निवासी बैंण्ड मार्केट व नितेश तिवारी पुत्र रवीन्द्र तिवारी निवासी मोहल्ला कपूरथला रोड सीएमएस स्कूल के पीछे थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी के रूप में हुई। सातों को शमशान घाट के सामने पुलिया के पास मोहल्ला घोसियाना से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से असलहा कारतूस भी बरामद होने की जानकारी दी। सभी का चालान न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 लल्ला गोस्वामी प्रभारी चौकी मिश्रानाए उ0नि0 बाबूराम चौकी प्रभारी जेलगेट उ0नि0 प्रशिक्षु संदीप यादव थाना कोतवाली सदर उ0नि0 प्रशिक्षु मोनिका श्रीवास्तवए हे0का0 विजय शर्मा हे0का0 राकेश कुमार का0 विवेक का0 लोकेश का0 राहुलए का0 विकास का0 प्रशान्त का0 तिलक राज का0 मांगेराम म0का0 दीपांजलीव म0का0 साजिदा शामिल रहे।

# गौ सेवा के लिए बच्चों ने फोड़ दी गुल्लक



**लखीमपुर खीरी।** जहां एक तरफ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह खीरी जिले में गोवंश संरक्षण.संवर्धन के लिए लोगों से बढ़.चढ़कर कॉउ प्रोटक्शन फंड में दान करने की अपील कर रहे है। वही पलिया तहसील के संपूर्णानगर में रहने वाले दो बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर इकट्ठा धनराशि डीएम को कॉउ प्रोटक्शन फंड में जमा करने के लिए दिए। सोमवार को समाचार लिखे जाने तक कॉउ प्रोटक्शन फंड में 17 लाख 15 हजार 276 की धनराशि जमा की जा चुकी है।बड़ों की तुलना में बच्चे भी कॉउ प्रोटक्शन फंड में दान करने में पीछे नही हैं। खीरी जिले के दो बच्चों ;जो आपस में भाई.बहन हैंद्ध ने अपने गुल्लक में जमा रकम को कॉउ प्रोटक्शन फंड में जमा कराने की ठानी। ऑक्सफोर्ड स्कूल मुरारखेड़ा संपूर्णानगर की कक्षा नौ की छात्रा मिस्बाहखान व केंद्रीय विद्यालय गदनिया के कक्षा 5 के छात्र दानियाल ने सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे जहां दोनों बच्चों ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से मिलकर अपनी गुल्लक में जमा की 2100 रुपए की नकद धनराशि काऊ डोनेशन फंड में जमा कराने के लिए सौपी। दोनों बच्चों ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से बातचीत में बताया कि वह इस मुहिम से खासा प्रभावित है। इसलिए भाई बहन ने यह ठाना कि गुल्लक में जमा पैसों को गौ सेवा के लिए दान करेंगे। वहीं एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को एक लाख 500 की धनराशि का चेक सौंपा। एआरटीओ ने परिवहन विभाग के अधिकारी.कर्मचारियों एवं अन्य स्टेकहोल्डर के सहयोग से यह धनराशि काऊ प्रोटेक्शन फंड में दी।

# लखीमपुर में 29 जून से 3 जुलाई तक चलेगा जागरूकता अभियान



**लखीमपुर खीरी।** शासन के निर्देश पर खीरी में 29 जून से 03 जुलाई तक सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरणए पुनर्चक्रणए उसके सम्बन्ध में लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू श्कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन.जागरूकता अभियान रेस आयोजित होगा। सोमवार को अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में एक कार्यशाला आयोजित हुई।

डीएम ने कहा कि अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलए बस अड्डेए बाजारए मॉण्डीए रेलवे लाईन व रेलवे स्टेशनए कार्यालय परिसरोंए शैक्षिक संस्थानों के परिसरोंए खाली पड़ी भूमिए घाट एवं नदी.नालों के किनारें इत्यादि स्थलों पर व्यापक जन सहयोग एवं राजकीय संसाधनों की सहायता से प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रित कराते हुए उसे ब्राण्ड ओनर्स एवं री.साईक्लर्स के माध्यम से निस्तारित कराया जाए। जिले भर में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में वृहद जन.जागरूकता अभियान चलाया जाना। डीएम ने बताया कि कार्यक्रम सम्पूर्ण जिले में चलाया जाये। जिसके लिए सम्बन्धित नगर निकाय नोडल संस्था होंगी। अभियान में नगर निकायों द्वारा सफाई कर्मियों एनसीसी कैडेट राष्ट्रीय सेवा योजना स्काउट गाईड युवक मंगल दल नागरिक संगठनों स्वयं सेवी संस्थाओं युवाओं स्कूल.कालेजों जनसामान्य आदि का सहयोग प्राप्त किया जाए। जिले स्तर पर रूप.रेखा अनुसार कार्यक्रम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कराये जाने हेतु सम्बन्धित एडीएमध्प्रभारी नगर निकाय नोडल अधिकारी होंगे। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता आरके तिवारी ने जन जागरूकता अभियान रेत के तहत क्रियान्वित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।बैठक में एडीएम सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारीए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी आर के तिवारी एवं बड़ी संख्या में इंडस्ट्रीलिस्ट मौजूद रहे।

## होटल मालिक ने की युवक की हत्या

**बरेली।** बरेली के थाना कैंट क्षेत्र के सदर बाजार में एक होटल मालिक और उसके साथियों के द्वारा एक रिटायर्ड फौजी के बेटे को जन्म दिन के दिन पीट-पीटकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। बताया जाता है यह हत्या रोटी लेने को लेकर हुई। फिलहाल पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।थाना केंट के गांव चनहेटा निवासी म्रतक के पिता जोगराज के अनुसार रिटायर्ड फौजी जोगराज का बेटा सनी सदर बाजार स्थित जीशान के होटल मशाल पर 150 रोटी का आर्डर दिया था, 150 रोटी का पैसा भी जमा कर दिया था। होटल मालिक जी शान के शाम को रोटी लेने बबलू गया था 40 रोटी दे दी। उसके बाद दुबारा रोटी लेने बबलू गया तभी रोटी देने से मना कर दिया कहा होटल बन्द कर रहे है रोटी नही मिल पाएगी बबलू ने घर आकर सनी कुमार को बताया रोटी नही दी ,तभी सनी कुमार बबलू के साथ होटल पहुचा सनी कुमार ने रोटी के लिए कहा इतनी बात पर होटल मालिक ने जीशान , मुजीब , वाहिद पुत्र व नाजिम उससे गाली- गलौज करने लगे। गाली गलौज करने को मना किया तो इन सभी चारों लोगों ने सनी को पीटना शुरू कर दिया। इस मारपीट में सनी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया जब उसे अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सनी कुमार रिटायर्ड फौजी जोगराज का इकलौता पुत्र था। पुलिस ने सनी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जमीनी विवाद में युवक को गोली मारकर किया घायल



- **बाइक मे लगाई आग**
- **तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज**
- **पुलिस उपाधीक्षक बोले प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध**

**मोहम्मदी.खीरी।** कोतवाली के जमील जमीनी विवाद रईसए रमेश और राजीव गुप्ता से हाईवे की जमीन पर चल रहा था। जिसकी पैमाइश हेतु जमील ने उप जिलाधिकारी कार्यालय में एक मुकदमा कर रखा था। उसी की पैरवी में आज जमील अपने घर से निकले। जिनके पेट के समीप गोली लगी। रईस के छोटे भाई शकील ने दी तहरीर में कहा कि मेरा 3 लोगों से चला था। आज जब घर से भाई जमील निकले तो राजीव गुप्ता ने झारा खेमपुर के समीप गोली मार दी और रईस ने चाकू से हमला कर दिया तथा मेरे भाई की मोटर साइकिल भी फूंक दी। पुलिस ने शकील की तहरीर पर रईस रमेश और राजीव गुप्ता के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि नामजद अभियुक्त मेरे संपर्क में हैं। प्रथम दृष्टया यह घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# पूजा स्थल कानून के खिलाफ भाजपा सांसद का निजी विधेयक, रास में दिया नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के एक सांसद ने उपासना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 को निरस्त करने की मांग उठाते हुए राज्यसभा में एक गैर सरकारी विधेयक पेश किए जाने की अनुमति मांगी है। भाजपा सांसद की ओर से यह कदम वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के एक हिस्से में शिवलिंग होने के दावों और प्रतिदावों के साथ ही मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मस्जिद को लेकर जारी ताजा विवादों के बीच उठाया गया है।

उपासना या पूजा स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 के मुताबिक 15 अगस्त, 1947 के समय जो भी धार्मिक स्थल जिस स्थिति में होगा, उसके बाद वह वैसा ही रहेगा और उसकी प्रकृति या स्वभाव नहीं बदली जाएगी। वर्ष 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के शासनकाल में यह कानून पारित हुआ था। अयोध्या में रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद के विवादित स्थल को इस अधिनियम से छूट दी गई थी। इस छूट के चलते अयोध्या मामले में इस कानून के लागू होने के बाद भी सुनवाई चलती रही और अंततः अदालत के फैसले के बाद राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। उत्तर प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने संसद के आगामी मानसूत्र में उपास्थना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 को निरस्त करने के प्रावधान वाले एक गैर सरकारी विधेयक पेश किए जाने की के लिए राज्यसभा सचिवालय को एक नोटिस दिया है। इस नोटिस की प्रति के मुताबिक यादव ने दावा किया है कि 1991 का अधिनियम समानता का अधिकार और जीवन का अधिकार जैसे मौलिक अधिकारों का तो हनन करता ही है, बल्कि यह नागरिकों को संविधान प्रदत्त धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी की भी अवहेलना करता है।नोटिस के मुताबिक यादव ने कहा, उपास्थना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 अदालतों को ऐसी किसी भी याचिका को स्वीकार करने से रोकता है, जो धार्मिक स्थलों की 15 अगस्त, 1947 की यथास्थिति को बदलने से जुड़ी हो। इस प्रकार यह कानून न्यायिक समीक्षा के प्रावधानों का भी उल्लंघन करता है, जो कि हमारे संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। पीटीआई-भाषा से बातचीत में यादव ने यह पुष्टि की उन्होंने इस कानून को निरस्त करने के विषय पर एक गैर सरकारी विधेयक पेश करने का नोटिस दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद के आगामी मानसून सत्र में उन्हें यह विधेयक पेश करने का मौका मिलेगा और इस पर चर्चा हो सकेगी। 1991 का अधिनियम न्यायिक समीक्षा पर अनुचित रोक लगाकर पूजा स्थलों पर आक्रांताओं के अवैध अतिक्रमण और उनके बर्बर कृत्यों को न्यायोचित ठहराता है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से भारत के नागरिकों के वैध अधिकारों के विरुद्ध विधाई शक्ति के अतिक्रमण को दर्शाता है। जहां राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है वहीं वह वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मस्जिद मामलों में यथास्थिति बरकरार रखने का प्रावधान करता है। यादव ने कहा, यह विधेयक (उनका गैरसरकारी विधेयक) उपास्थना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 (1991 के अधिनियम संख्या 42) को निरस्त करने की मांग करता है। ज्ञात हो कि करीब 31 साल पहले 1991 में जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन केंद्र सरकार उपासना स्थल विधेयक (विशेष उपबंध) लेकर आई थी तब देश में राम मंदिर आंदोलन अपने उफान पर था। राज्यसभा सचिवालय यदि जांच के बाद यादव के नोटिस को स्वीकार कर लेता है तो उन्हें इस गैर सरकारी विधेयक को उच्च सदन में पेश किए जाने की अनुमति मिल जाएगी। संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई से 12 अगस्त तक होने की संभावना है। संसद के ऐसे सदस्य जो केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री नहीं हैं, उन्हें संसद का गैर सरकारी सदस्य कहा जाता है और इन सदस्यों द्वारा पेश किए गए विधेयक को गैर सरकारी विधेयक कहते हैं। इस विधेयक को पेश करने के लिए एक माह के नोटिस के साथ विधेयक के उद्देश्य और कारणों के विवरण की एक प्रति होनी चाहिए। गैर सरकारी विधेयकों को केवल शुक्रवार को पेश किया जा सकता है। हालांकि आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो गैर सरकारी विधेयक नजरअंदाज ही किए जाते रहे हैं क्योंकि आम धारणा यह है कि किसी भी गैर सरकारी विधेयक का पारित होना, सरकार की कार्यक्षमता पर प्रश्नचिन्ह उठाता है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आजादी के बाद महज एक ही गैर सरकारी विधेयक को राज्यसभा से मंजूरी मिल सकी है। द्रमुक के सांसद तिरूचि शिवा द्वारा विपरीत लिंगी समुदाय के अधिकारों की रक्षा से संबंधित विषय पर पेश एक गैर सरकारी विधेयक को वर्ष 2015 में राज्यसभा में मंजूरी मिली थी।

**क्या है विधेयक : उपासना या पूजा स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 के मुताबिक 15 अगस्त, 1947 के समय जो भी धार्मिक स्थल जिस स्थिति में होगा, उसके बाद वह वैसा ही रहेगा और उसकी प्रकृति या स्वभाव नहीं बदली जाएगी**

## तीसरी कक्षा से विद्यालयों में संस्कृत पढ़ाना शुरू करें, संघ से संबद्ध संगठन ने गुजरात सरकार से कहा

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संस्कृत भारती ने गुजरात सरकार से मांग की है कि वह तीसरी कक्षा से संस्कृत भाषा में गीत, श्लोक और छोटी कहानियों को शामिल करना प्रांरभ करे और दावा किया कि यह सुझाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित है। इसकी पुष्टि करते हुए, गुजरात राज्य संस्कृत भारती के आयोजन सचिव, हिमंजय पालीवाल ने कहा, हमने राज्य सरकार से प्राथमिक विद्यालय से संस्कृत शुरू करने का अनुरोध किया है। हम चाहते हैं कि इसे कक्षा तीन से गीत, श्लोक और छोटी कहानियों के रूप में पेश किया जाए।

पालीवाल ने दावा किया, गुजरात सरकार को दिया गया हमारा सुझाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित है। संस्कृत भारतीय भाषा प्रणाली की कुंजी है, और अगर हम संस्कृत को समझते और सीखते हैं, तो हम भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे। पालीवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने तीसरी कक्षा से संस्कृत शुरू की है, जबकि छत्तीसगढ़ में इसे दूसरी कक्षा से ही पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा, अगर संस्कृत को जल्दी शुरू किया जाता है, तो यह गुजराती जैसी अन्य भारतीय भाषाओं को समृद्ध करेगी। क्योंकि हमने संस्कृत को दरकिनार कर दिया है, हम अपना खुद का शब्दकोष खो रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार, इस प्रकार संस्कृत को स्कूली और उच्च शिक्षा के सभी स्तरों पर छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण, समृद्ध विकल्प के रूप में पेश किया जाएगा।


असम बोर्ड के इंटर की परीक्षा में सफल छात्र जश्न मनाते हुए

## गहलोत पिता तुल्य, उनकी बातों को अन्यथा नहीं लेता: पायलट

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान के** पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उनके पितातुल्य हैं और वह उनकी किसी बात को अन्यथा नहीं लेते हैं। गहलोत के हालिया बयान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने टोंक में संवाददाताओं से कहा, आज से पहले भी मुख्यमंत्री जी ने मेरे बारे में कुछ कह दिया था.. मुझे कुछ नाकारा, निकम्मा ऐसी बहुत सारी बातें बोल दी थीं.. लेकिन अशोक गहलोत जी अनुभवी हैं, बुजुर्ग हैं और पिता तुल्य है तो वो कभी कुछ बोल देते है तो मैं उसे अन्यथा नहीं लेता।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा था कि केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अपने बयान से साबित कर दिया है कि वे 2020 में उनकी सरकार गिराने (के प्रयास) में मुख्य किरदार थे, और सचिन पायलट के साथ मिले हुए थे। गहलोत ने कहा, अब आप शेखावत जो सचिन पायलट जी का नाम ले रहे हो कि उन्होंने चूक कर दी, तो और साबित हो गया, ठप्पा लगा दिया आपने, खुद ने कि आप उनके साथ मिले हुए थे। हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस के एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने धैर्य की बात करते हुए पायलट का नाम लिया था। इसका जिक्र करते हुए पायलट ने कहा, अब अगर मेरे धैर्य की प्रशंसा राहुल गांधी जैसे नेता करते हैं या उसको पसंद करते हैं तो मुझको लगता है कि अब आगे कुछ रहा नहीं बोलने के लिए। उन्होंने कहा कि उनका सारा ध्यान इस बात पर है कि राज्य में कैसे दोबारा कांग्रेस पार्टी की सरकार बने। इसको लेकर वह तथा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता लगातार बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए लगभग डेढ़ साल है और अगर पार्टी तथा सरकार मिलकर काम करेंगे तो मुझे पूरा विश्वास है कि राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बना पाएंगे। पायलट ने कहा, मेरा तो एक मात्र लक्ष्य यह है कि कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता रहे। चुनाव में जिन लोगों ने पार्टी के लिए सब कुछ किया उसको हम कैसे भुला सकते हैं? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि 2023 में राजस्थान के विधानसभा चुनाव में, भाजपा को सत्ता से दूर रखने का काम यदि कोई करेगा तो हम लोग करेंगे और हम लोग मिलकर काम करेंगे तो सरकार हमारी निश्चित रूप से बनेगी।

## विहिप ने अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद पर रोक लगाने की अपील की

**चेन्नई।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने सोमवार को राज्य सरकारों से अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद को रोकने के लिए कानून लाने का अनुरोध किया। उन्होंने दावा किया कि अवैध धर्मांतरण मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध व हिंसा है। साथ ही, उन्होंने मंदिरों के कथित विध्वंस और सरकारी नियंत्रण, अवैध धर्मांतरण और हिंदू मान्यताओं व देवी-देवताओं के खिलाफ कथित तौर पर बढ़ते नफरत भरे भाषणों पर चिंता व्यक्त की। जैन ने पड़ोसी कांचीपुरम में विहिप की केंद्रीय शासी परिषद की दो दिवसीय बैठक के समापन पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, विहिप का मानना है कि अवैध धर्मांतरण मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध और हिंसा है। मुल्ला, मौलवी और मिशनरी इस आपराधिक गतिविधि को अपना धार्मिक अधिकार मानकर सभी प्रकार के असंवैधानिक और अनैतिक साधनों का उपयोग कर रहे हैं। विहिप की बैठक में पारित एक प्रस्ताव में राज्य सरकार से अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए राज्य सरकारों से कड़े धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने का आग्रह किया गया।


## पुरी में शिल्पकारों का एक समूह बिना किसी मशीन के हर साल बनाता है एक जैसे रथ

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में बिना किसी औपचारिक शिक्षा या आधुनिक मशीन के शिल्पकारों का एक समूह हर साल पारंपरिक तरीके से भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन बालभद्र व सुभद्रा के लिए एक जैसे विशाल रथ बनाता है। वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के दौरान ये तीन रथ अपनी शाही संरचना और शानदार शिल्प कला के चलते हमेशा चर्चा में रहते हैं। यह रथ यात्रा 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से लेकर गुंडिचा मंदिर तक निकाली जाती है। जगन्नाथ संस्कृति पर अध्ययन करने वाले असित मोहंती ने पीटीआई-भाषा से कहा, हर साल नए रथ बनाए जाते हैं। सदियों से उनकी ऊंचाई, चौड़ाई और अन्य प्रमुख मापदंडों में कोई बदलाव नहीं आया है। हालांकि, रथों को अधिक रंगीन और आकर्षक बनाने के लिए उनमें नई-नई चीजें जरूर जोड़ी जाती हैं। मोहंती के मुताबिक, रथ निर्माण में जुटे शिल्पकारों के इस समूह को कोई औपचारिक प्रशिक्षण हासिल नहीं है। उन्होंने बताया कि इन शिल्पकारों के पास केवल कला एवं तकनीक का ज्ञान है, जो उन्हें उनके पूर्वजों से मिला है। भगवान जगन्नाथ के 16 पहियों वाले नंदीघोष रथ का निर्माण करने वाले बिजय महापात्र ने कहा, मैं लगभग चार दशकों से रथ बनाने का काम कर रहा हूं। मुझे मेरे पिता लिंगराज महापात्र ने इसका प्रशिक्षण दिया था। उन्होंने खुद मेरे दादा अनंत महापात्र से यह कला सीखी थी। महापात्र ने कहा, यह सदियों से चली आ रही एक परंपरा है। हम भाग्यशाली हैं कि हमें भगवान की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि रथों के निर्माण में केवल पारंपरिक उपकरण जैसे छेनी आदि का इस्तेमाल किया जाता है। एक अन्य शोधकर्ता भास्कर मिश्रा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ का रथ लाल और पीले रंग के कपड़ों से ढका हुआ है तथा इसका निर्माण लकड़ी के 832 टुकड़ों से किया गया है। मिश्रा के मुताबिक, भगवान बालभद्र के रथ तजद्वाज में 14 पहिए हैं और वह लाल तथा हरे रंग के कपड़ों से ढका हुआ है। इसी तरह, देवी सुभद्रा का रथ दर्पदलन , जिसमें 12 पहिए हैं, उसे लाल और काले कपड़े से ढका गया है।

## देश में कोविड-19 के 17,073 नए मामले, 21 और लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 17,073 नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,34,07,046 हो गई, जबकि दैनिक संक्रमण दर पांच प्रतिशत को पार कर गई, जो बीते चार महीने में सबसे अधिक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 21 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,020 हो गई है। वहीं, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 92,576 से बढ़कर 94,420 पर पहुंच गई है, जो कुल मामलों का 0.22 प्रतिशत है।



आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में।,844 की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.57 प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में दैनिक संक्रमण दर 5.62 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 3.39 फीसदी है। दैनिक संक्रमण दर 139 दिन के अंतराल के बाद पांच प्रतिशत को पार कर गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी तक कुल 4,27,87,606 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 197.11 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

## संजय राउत को शब्दों का चयन सावधानीपूर्वक करना चाहिए: श्रीकांत शिंदे

**ठाणे।** महाराष्ट्र में कल्याण सीट से सांसद और शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे ने सोमवार को पार्टी नेता संजय राउत से कहा कि उन्हें बोलते वक्त शब्दों का चयन सावधानीपूर्वक करना चाहिए। गुवाहाटी में डेरा डाले बागी विधायकों के खिलाफ राउत के बिना आत्मा का शरीर वाला बयान देने के एक दिन बाद श्रीकांत ने यह बात कही। दिवंगत शिवसेना नेता आनंद दिघे की याद में बने शक्ति स्थल स्मारक पर संवाददाताओं से बात करते हुए श्रीकांत ने कहा कि राउत को शब्दों के चुनाव में सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि वह भी किसी के पिता हैं और उनका परिवार उनकी टिप्पणियों को देख रहा है। सांसद ने कहा, यह महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं है। जिस तरह से वह टिप्पणी कर रहे हैं, राज्य देख रहा है। ऐसा तब होता है जब किसी को पता चलता है कि सत्ता हाथ से निकल रही है।

## अंबानी परिवार की सुरक्षा से संबंधित मामले में केंद्र की याचिका पर आज सुनवाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने से संबंधित मामले में त्रिपुरा उच्च न्यायालय के आदेशों के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर मंगलवार 28 जून को सुनवाई के लिए सहमति जताई है। उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को अंबानी, उनकी पत्नी एवं बच्चों को खतरे की आशंका और आकलन के संबंध में गृह मंत्रालय के पास रखी वह मूल फाइल पेश करने का निर्देश दिया था, जिसके आधार पर उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई थी।

सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की अवकाशकालीन पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय को जनहित याचिका पर सुनवाई करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि



महाराष्ट्र सरकार की सिफारिश पर केंद्र द्वारा अंबानी परिवार को सुरक्षा मुहैया कराए जाने से त्रिपुरा सरकार का कोई लेना देना नहीं है। मेहता ने कहा कि वह चाहते हैं कि अपील पर जल्द सुनवाई हो क्योंकि उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों को अंबानी परिवार को संभावित खतरे के संबंध में मूल दस्तावेजों के साथ मंगलवार को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। साथ ही उच्च न्यायालय ने कहा है कि अब और स्थगन नहीं दिया जाएगा। त्रिपुरा उच्च न्यायालय ने विकास साहा नामक व्यक्ति की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर 31 मई और 21 जून को दो अंतरिम आदेश पारित किए थे। अदालत ने केंद्र सरकार को अंबानी, उनकी पत्नी व बच्चों को होने वाले खतरे की आशंका और आकलन के संबंध में गृह मंत्रालय के पास रखी वह मूल फाइल पेश करने का निर्देश दिया था, जिसके आधार पर उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई थी। केंद्र ने कहा कि उक्त आदेशों के माध्यम से उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को एक जिम्मेदार अधिकारी को एक सीलबंद लिफाफे में मूल रिकॉर्ड के साथ अदालत के समक्ष सुनवाई की अगली तारीख 28 जून, 2022 को पेश होने के लिए प्रतिनियुक्त करने का भी निर्देश दिया है। उसने कहा कि उपरोक्त आदेश उच्च न्यायालय द्वारा एक व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका पर पारित किया गया है, जिसका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था।

## महाराष्ट्र में जारी तमाशे के पीछे भाजपा का हाथ: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** शिवेसना के बागी विधायकों को केंद्र की ओर से वाई प्लस सुरक्षा दिए जाने के बाद सोमवार को पार्टी ने दावा किया कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि राज्य में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही यह सब तमाशा कर रही है। शिवेसना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले पार्टी के बागी विधायकों पर आरोप लगाया गया है कि वे 50-50 करोड़ रुपए में बिक गए हैं।

केंद्र सरकार ने रविवार को शिवसेना के कम से कम 15 विद्रोही विधायकों को सीआरपीएफ कमांडो के घेरे वाली वाई प्लस सुरक्षा प्रदान की। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि जिन विधायकों को सुरक्षा मुहैया कराई गई है, उनमें रमेश बोनरि, मंगेश कुदलकर, संजय शिरसत, लताबाई सोनवाने, प्रकाश सुर्वे और 10 अन्य विधायक शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा था कि महाराष्ट्र में रह रहे उनके परिवारों को भी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, विधायकों के महाराष्ट्र लौटने के बाद प्रत्एक पाली में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के लगभग चार से पांच कमांडो उनकी सुरक्षा करेंगे। सामना के संपादकीय में कहा गया है, भाजपा अंततः बेनकाब हो गई। वे कह रहे हैं कि शिवसेना में विद्रोह आंतरिक मामला है। संपादकीय में दावा किया गया है, वडोदरा में एकदास (एकनाथ) शिंदे और देवेंद्र फड़णवीस की गुप्त बैठक हुई थी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। संपादकीय में कहा गया है कि केंद्र ने बैठक के तत्काल बाद बागी विधायकों को वाई प्लस सुरक्षा प्रदान कर दी, जैसे कि वे लोकतंत्र के रक्षक हों। सामना में पूछा गया है कि क्या केंद्र सरकार को इस बात का डर था कि वे राज्य में वापस आने के बाद अपनी पार्टी में लौट जाएंगे?

## बीपीओ, केपीओ क्षेत्र के विस्तार से नए रोजगार के अवसर बढ़े

**गुरूग्राम।** बीपीओ,केपीओ क्षेत्र में अग्रणी कंपनी रेडिकल माइंड्स का हालिया विस्तार बड़ी संख्या में नए रोजगार सृजित कर रहा है। कोविड संकटकाल की वजह से जहां बहुत सारे व्यवसायिक संस्थान सिकुड़ रहे हैं, वहीं गुरुग्राम स्थित यह कंपनी लगातार अपना विस्तार कर रही है। जिसका बड़ा फ ायदा नौकरी की चाहत रखने वाले युवाओं को हो रहा है। रेडिकल माइंड्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में चेन्नई स्थित गामा प्रोसेस हब इंडिया लिमिटेड के बीपीओ विभाग का अधिग्रहण किया है। चेन्नई, तमिलनाडु बेस्ड यह प्रसिद्ध कंपनी बीपीओ डिवीजन बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, खुदरा, दूरसंचारए मीडियाए मनोरंजन और वाणिज्य में डेटा आधारित और आवाज आधारित सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के एमडी और संस्थापक संजू शर्मा का कहना है कि यह अधिग्रहण हमारे मौजूदा ग्राहकों को फायदा पहुंचाएगा और उन्हें हर मामले में बेहतर आउटपुट प्रदान करेगा। कंपनी के एमडी खुद भी आईटी इंजीनियर व एमबीए हैं और कंपनी को नेक्स्ट लेवल तक ले जाने के लिए व्यक्तिगत रूप से सक्रिय हैं।

## अन्नाद्रमुक की बैठक में पनीरसेल्वम के भविष्य पर

**भाषा।** चेन्नई

**अन्नाद्रमुक में** ईडप्पादी के पलानीस्वामी (ईपीएस) के नेतृत्व वाले अधिक प्रभावशाली खेमे ने सोमवार को प्रतिद्वंद्वी नेता ओ पनीरसेल्वम (ओपीएस) को विश्वासघात का प्रतीक करार दिया। ईपीएस खेमे ने कहा कि अन्नाद्रमुक की आम परिषद की आगामी बैठक में तय होगा कि पार्टी के कोषाध्यक्ष के रूप में ओपीएस की सेवाएं जारी रहेंगी या नहीं। हालांकि, ओपीएस ने कहा कि यह बैठक वैध नहीं है और इसमें लिए गए फैसले कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के लिए बाध्यकारी नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने (समन्वयक) उप-नियमों के अनुसार इसे सह-समन्वयक पलानीस्वामी के साथ नहीं आहूत किया है। वहीं, ईपीएस खेमे ने पलटवार करते हुए कहा कि बैठक वैध है। दोनों गुटों की यह बयानबाजी तमिलनाडु के प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक में पार्टी के संचालन को लेकर टकराव जारी रहने का संकेत है। यह पूछे जाने पर कि पार्टी के मुखपत्र (तमिल दैनिक-नमाधु अम्मा) के मास्टहेड पर प्रकाशित संस्थापकों के नाम के कॉलम से पनीरसेल्वम का नाम क्यों हटा दिया गया, अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने ओपीएस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह विश्वासघात का प्रतीक हैं।

उन्होंने आरोप लगाया, पनीरसेल्वम ने पार्टी के हितों के साथ विश्वासघात किया है। इसीलिए उनका नाम नमधु अम्मा से हटा दिया गया है। संवाददाताओं को सोमवार को शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक में उठने वाले मुद्दों के बारे में बताते हुए जयकुमार ने कहा कि पनीरसेल्वम के बेटे और थेनी के सांसद रवींद्रनाथ ने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की सराहना की थी। जयकुमार के मुताबिक, रवींद्रनाथ ने कहा था कि स्टालिन ने पूरे समर्पण के साथ काम किया है।

## महा विकास आघाड़ी सरकार या विपक्ष में ठाकरे के साथ मजबूती से खड़ा रहेगी: पृथ्वीराज चव्हाण

**भाषा।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने सोमवार को कहा कि शिवसेना सत्ता में रहे या विपक्ष में, महा विकास आघाड़ी (एमवीए) उसके साथ है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट को हवा दे रही है। चव्हाण ने कहा कि शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस का गठबंधन एकजुट है, चाहे वह सरकार में रहे या विपक्ष में।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह कहते हुए आगे कोई और टिप्पणी करने से परहेज किया कि मामला शीर्ष न्यायालय के समक्ष है। यशवंत सिन्हा द्वारा राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद चव्हाण संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चव्हाण की टिप्पणी के एक दिन पहले राकांपा प्रमुख शरद पवार ने विश्वास जताया था कि शिवसेना के बागी विधायक गुवाहाटी से मुंबई पहुंचने के बाद अपना रुख बदल सकते हैं।

राकांपा प्रमुख ने कहा था कि एमवीए के सहयोगियों को ठाकरे के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है और वह उन्हें अंत तक समर्थन देना जारी रखेंगे। पवार ने रविवार को संवाददाताओं से कहा था, हमारी नीति स्पष्ट है कि हमने गठबंधन सरकार बनाई है और हम इसका पूरा समर्थन करेंगे। हम अंत तक उद्धव ठाकरे का समर्थन करेंगे। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।

## आलिया भट-रणबीर कपूर के घर आएगा नन्हा मेहमान

**भाषा।** मुंबई

**बॉलीवुड अभिनेत्री** आलिया भट ने सोमवार को घोषणा की कि वह गर्भवती हैं। इससे आलिया और रणबीर के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। भट ने एक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेशन की तस्वीर साझा की, जिसमें उनके पति व अभिनेता रणबीर कपूर भी उनके पास बैठे हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, हमारी संतान...जल्द आने वाली है।

भट (29) और कपूर (39) की इस वर्ष अप्रैल में शादी हुई थी। दोनों पहली बार फिल्म ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन शिवा में साथ अभिनय करते नजर आने वाले हैं। यह फिल्म नौ सितंबर को पर्दे पर आएगी। ए दंपति नौ सितंबर को रिलीज होने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन शिवा में पहली बार स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार है। पिछले हफ्ते अपनी आने वाली फिल्म शमशेरा के लिए एक संवाददाता सम्मेलन में रणबीर ने कहा कि वह आलिया से बेहतर जीवनसाथी नहीं मांग सकते थे। उन्होंने कहा, यह मेरे



लिए बहुत बड़ा साल है। यह मेरे लिए बहुत अच्छा साल है, मेरी शादी हुई है, यह एक खूबसूरत चीज है जो मेरी जिंदगी में हुई है। आलिया के साथ मेरी जिंदगी सबसे अच्छी है। जानीमानी अभिनेत्री नीतू कपूर और सोनी राजदान के साथ-साथ रिद्धिमा कपूर साहनी सहित परिवार के अन्य लोगों ने दंपत्ति को प्यार और आशीर्वाद दिया। रणबीर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी ने जोड़े की तस्वीर के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे बच्चों के घर नन्हा मेहमान आ रहा है। मैं आप दोनों से बहुत प्यार करती हूं। आलिया की मां सोनी राजदान ने अपनी बेटी की पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर साझा करते हुए इसे अब तक की सबसे अच्छी खबर बताया। आलिया के पिता महेश भट्ट ने ईटाइम्स को बताया, मेरे बच्चे को बच्चा होने वाला हैउ मैं रणबीर और आलिया के लिए बहुत खुश हूं। ईश्वर करें हमारा कुनबा बढ़े। मुझे जीवन में नाना की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए तैयार रहना होगा।

# ब्रिक्स वार्ता में पाक की भागीदारी को एक सदस्य ने अवरुद्ध किया : विदेश कार्यालय

**भाषा।** इस्लामाबादा-बीजिंग

**पाकिस्तान** ने सोमवार को आरोप लगाया कि ब्रिक्स के एक सदस्य ने चीन द्वारा आयोजित समूह के हालिया शिखर सम्मेलन के इतर आयोजित एक डिजिटल बैठक में उसकी भागीदारी को अवरुद्ध कर दिया। विदेश कार्यालय ने कहा कि इस साल ब्रिक्स देशों-ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के 14वें शिखर सम्मेलन में वैश्विक विकास पर एक उच्च स्तरीय वार्ता के इतर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कई विकासशीला उभरती अर्थव्यवस्थाओं को आमंत्रित किया गया। पाकिस्तान ने कहा कि मेजबान देश चीन की ब्रिक्स बैठकों से पहले से ही पाकिस्तान के साथ भागीदारी है। ब्रिक्स की बैठकों में गैर-सदस्यों को आमंत्रित करने सहित सभी निर्णय ब्रिक्स सदस्यों के साथ परामर्श के बाद लिए जाते हैं। विदेश कार्यालय ने कहा, अफसोस की बात है कि एक सदस्य ने पाकिस्तान की भागीदारी को अवरुद्ध कर दिया। हालांकि, विदेश कार्यालय ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच संबंधों के इतिहास को देखते हुए वह परोक्ष रूप से भारत की ओर इशारा कर रहा था। पाकिस्तान ने आशा व्यक्त की कि समूह के भविष्य के निर्णय समावेशिता पर आधारित होंगे। विदेश कार्यालय ने कहा, हम आशा करते हैं कि संगठन की भविष्य की भागीदारी विकासशील दुनिया के समग्र हितों को ध्यान में रखते हुए और संकीर्ण भू-राजनीतिक विचारों से परे समावेशिता के सिद्धांतों पर आधारित होगी। कार्यक्रम में पाकिस्तान की भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा, वैश्विक विकास पर उच्च स्तरीय वार्ता आयोजित करने का निर्णय ब्रिक्स देशों के बीच परामर्श पर आधारित था। चीन और पाकिस्तान हमेशा के लिए रणनीतिक सहयोगी साझेदार हैं। पाकिस्तान वैश्विक विकास पहल के दोस्तों के समूह का एक महत्वपूर्ण सदस्य है। चीन वैश्विक विकास को बढ़ावा देने और सतत विकास तथा क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र 2030 के एजेंडे के क्रियान्वयन को आगे बढ़ाने में पाकिस्तान की महत्वपूर्ण भूमिका को बहुत महत्व देता है। विदेश कार्यालय के अनुसार पाकिस्तान वैश्विक समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए ब्रिक्स सदस्यों सहित सभी विकासशील देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान ने ब्रिक्स बैठकों की सफल मेजबानी पर चीन को बधाई दी और विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने में उसकी भूमिका की सराहना की। इस बीच, सोमवार को मीडिया की एक खबर में कहा गया कि पाकिस्तान जी-20 समूह से संपर्क कर भारत को कश्मीर में किसी भी कार्यक्रम या बैठक को आयोजित करने से रोकने की कोशिश करेगा। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए विशेष रूप से चीन, तुर्की और सऊदी अरब जैसे देशों से संपर्क करेगा। वह अमेरिका, ब्रिटेन और जी20 के अन्य सदस्यों से भी बात करेगा।

## पाकिस्तान में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़, दो सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी अशांत कबायली इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में कम से कम दो सैनिकों और सात आतंकवादियों की मौत हो गई है। फौज की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मुठभेड़ रविवार को उत्तर वज़ीरिस्तान के गुलाम खान कल्ले इलाके में हुई। सेना ने कहा कि सैनिकों ने सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया और उनके पास से हथियार एवं गोला बारूद बरामद किया गया है। वे सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकी हमलों को अंजाम देने में शामिल रहे हैं। सुरक्षा बल आसपास के इलाके में खोज अभियान चला रहे हैं, ताकि अगर कोई आतंकी हो तो उसे खत्म किया जा सके। आतंकवादियों की पहचान और वे किस आतंकी समूह से जुड़े थे, यह फिलहाल पता नहीं चल सका है। हालांकि, प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) इलाके में सुरक्षा बलों पर हमले करता रहा है, लेकिन इस महीने के शुरू में टीटीपी ने संघर्ष विराम का ऐलान किया था, क्योंकि उसकी पाकिस्तानी सरकार के साथ बातचीत चल रही है। अफगान तालिबान इस वार्ता में मध्यस्थता करा रहा है।



जर्मनी में जी-7 की बैठक में भाग लेते जी-7 देशों के राष्ट्रायध्यक्ष

## साइबर हमले से ईरान की इस्पात कंपनी में उत्पादन बंद

**दुबई।** ईरान की सबसे बड़ी इस्पात कंपनियों में एक ने सोमवार को कहा कि साइबर हमला होने के बाद उसे उत्पादन रोकने के लिए बाध्य होना पड़ा है। यह हाल के समय में देश के रणनीतिक औद्योगिक क्षेत्र पर किए गए सबसे बड़े साइबर हमलों में एक है। सरकारी खुजेस्तान स्टील कंपनी ने एक बयान जारी कर बताया कि साइबर हमले के बाद विशेषज्ञों ने तय किया कि कंपनी तकनीकी समस्या के चलते अपना परिचालन जारी नहीं रख पाएगी और उसे अगले नोटिस तक बंद रखा जाएगा। कंपनी की वेबसाइट के भी ठप पड़ जाने की खबर है। स्थानीय समाचार चैनल जामरान ने खबर दी है कि इस हमले से इस्पात संयंत्र में कोई संरचना संबंधी नुकसान नहीं हो पाया, क्योंकि उस समय बिजली गुल होने के कारण उत्पादन नहीं हो रहा था। कंपनी ने इस हमले के लिए अब तक किसी समूह को जिम्मेदार नहीं ठहराया है।

# दक्षिण अफ्रीका में नाइटक्लब में 21 किशोरों की मौत के मामले की जांच जारी

- अभी तक जांच में सामने नहीं आई मौत की वजह
- कथित तौर पर परीक्षा खत्म होने का जश्न मनाने गए थे क्लब

**एपी।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका की पुलिस तटीय शहर ईस्ट लंदन के एक नाइट क्लब में रविवार तड़के हुई कम से कम 21 लोगों की मौत के मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन किशोरों की मौत किस कारण हुई।

किशोर कथित तौर पर स्कूल की परीक्षा खत्म होने का जश्न मनाने के लिए क्लब गए थे। स्थानीय समाचार पत्र डेली डिस्पैच की खबर के अनुसार, शव मेज तथा कुर्सियों के पास मिले। शवों पर चोट के कोई निशान नहीं थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता सियांदा मनाना ने कहा, अभी हम मौत के कारणों की पुष्टि नहीं कर सकते हैं। हम मौत के उचित कारण का पता लगाने के लिए जल्द से जल्द शवों का पोस्टमार्टम कराएंगे।

पुलिस मंत्री भेकी सेले ने बताया कि इन किशोरों की उम्र 13 से 17 साल के बीच थी, जिससे यह सवाल उठता है कि कम उम्र होने के बावजूद इन्हें शराब क्यों परोसी गई। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति इन युवकों के इस तरह वहां एकत्रित होने को लेकर चिंतित हैं, जहां 18 वर्ष से कम आयु के लोगों के आने पर रोक होनी चाहिए।

इस घटना में जान गंवाने वालों की संख्या पहले 20 बताई गई थी, जो अब बढ़कर 21 हो गई है। क्लब के मालिक सियाखंगेला नदेवु ने स्थानीय प्रसारक ईएनसीए को बताया कि उन्हें रविवार सुबह घटनास्थल पर बुलाया गया था। नदेवु ने कहा, मुझे अब भी नहीं पता कि वास्तव में क्या हुआ था, लेकिन जब मुझे सुबह बुलाया गया तो बताया गया कि कुछ लोग जबरन वहां घुसने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, मौत के कारण के बारे में जानने के लिए हम पुलिस की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## उत्तरी मैक्सिको में घात लगाकर किए गए हमले में छह पुलिस अधिकारियों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के उत्तरी सीमावर्ती राज्य नुएवो लियोन में रविवार को कथित तौर पर भारी हथियारों से लैस 10 देसी बख्तरबंद वाहनों में आए एक मादक पदार्थ गिरोह द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में छह पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। नुएवो लियोन राज्य की पुलिस ने बताया कि हमला कोलंबिया सीमा के पास एक राजमार्ग पर रविवार तड़के किया गया। हमलवारों की संख्या गश्ती दल के अधिकारियों से अधिक थी, हालांकि अधिकारियों ने हमले का डटकर सामना किया। राज्य के अभियोजकों ने बताया कि मृतकों में एक महिला अधिकारी भी शामिल है। हमलावरों की पहचान के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन पास के शहर नुएवो लारेडो में लंबे समय से नॉर्थईस्ट गिरोह का दबदबा रहा है।

## अमेरिका यूक्रेन को एंटी-एयर रक्षा प्रणाली मुहैया करा रहा है : सूत्र

**एल्माऊ( जर्मनी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन यह घोषणा करने वाले हैं कि उनका देश यूक्रेन को अत्याधुनिक, सतह से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइल प्रणाली के साथ कई अन्य हथियार दे रहा है। इसका उद्देश्य यूक्रेन में चार महीने से चल रहे युद्ध में उसकी मदद करना है। मामले से अवगत एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि अमेरिका मध्यम से लंबी दूरी की, सतह से हवा में मार करने वाली, नॉर्वे की कंपनी द्वारा विकसित विमान रोधी प्रणाली नासाम्स (एनएएसएएमएस) खरीद रहा है। नासाम्स वही प्रणाली है जिसका उपयोग अमेरिका द्वारा वाशिंगटन में व्हाइट हाउस और यूएस कैपिटल (संसद भवन) के आसपास के संवेदनशील हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए किया जाता है। व्यक्ति ने बताया कि यूक्रेन के डोनबास में रूस के हमले के खिलाफ दी जा रही अतिरिक्त सहायता में यूक्रेन की सेना के लिए अधिक हथियार के साथ बैट्री रोधी रडार शामिल हैं। यह घोषणा ऐसे वक्त में होने वाली है जब बाइडन इस सप्ताह जर्मनी में सात देशों के समूह जी-7 की बैठकों में सहयोगियों के साथ यूक्रेन के समर्थन पर चर्चा कर रहे हैं। मैड्रिड में उनकी नाटो देशों के नेताओं के साथ भी वार्षिक बैठक होने वाली है।

## बुलेट ट्रेन इंजन से टकराई, एक की मौत

**प्राग।** चेक गणराज्य के उत्तर-पूर्वी बोहुमीन प्रांत के एक रेलवे स्टेशन पर सोमवार को तड़के एक बुलेट ट्रेन एक इंजन से टकरा गई। इस हादसे में ट्रेन चालक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। चेक रेलवे ने बताया कि पेंडोलिनो ट्रेन सोमवार को तड़के बोहुमीन से राजधानी प्राग के लिए रवाना होने के कुछ देर बाद ही हादसे का शिकार हो गई। खबरों के मुताबिक, इस हादसे में बुलेट ट्रेन का चालक मारा गया, जबकि इंजन केबिन में मौजूद चेक रेलवे के चार कर्मचारी सहित पांच लोग घायल हो गए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि हादसे के समय इंजन चल रहा था या फिर स्थिर था।

# पंजाब में 2022-23 के लिए आप सरकार का पहला बजट पेश

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सोमवार को यहां राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आप सरकार का पहला बजट पेश किया। चीमा ने कागज रहित बजट को पढ़ते हुए कहा, पहले साल में हमारा ध्यान तीन मुख्य बातों पर होगा - बिगड़ती राजकोषीय सेहत को ठीक करना, सार्वजनिक धन का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करके सुशासन के वादों को पूरा करना और स्वास्थ्य तथा शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना। बजट में एक जुलाई से प्रत्एक घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं। इस साल मार्च में आम आदमी पार्टी (आप) के सत्ता में आने के बाद भगवंत मान सरकार का पहला बजट पेश करते हुए चीमा ने कहा कि एक जुलाई से राज्य के प्रत्एक घर में हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं। चीमा ने यह भी कहा कि आप सरकार सुशासन का एक मॉडल स्थापित करेगी। हमारी सरकार भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी... हमारी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से शुरू हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकारी पोर्टल और ई-मेल के माध्यम से 20,384 सुझाव मिलने के बाद बजट तैयार किया गया है और इसमें कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। बजट में पंजाब युवा उद्यमी कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया है, जिसके तहत 11वीं कक्षा के छात्र अपने व्यावसायिक प्रस्तावों को दे सकेंगे। राज्य सरकार इस कार्यक्रम के तहत प्रति छात्र 2,000 रुपए की राशि देगी। चीमा ने यह भी घोषणा की कि सरकार पांच वर्षों में 16 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करेगी। सरकार 117 मोहल्ला क्लीनिक भी स्थापित करेगी, जिसके लिए 77 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा, मैं 2022-23 के लिए।,55,860 करोड़ रुपए के बजट व्यय का प्रस्ताव करता हूं, जो 2021-22 की तुलना में 14.20 प्रतिशत अधिक है।

# जीएसटी परिषद की बैठक कल से: राज्यों को क्षतिपूर्ति, कर दरों में बदलाव पर होगी चर्चा

**भाषा।** नई दिल्ली

**जीएसटी** परिषद की चंडीगढ़ में मंगलवार से शुरू होने वाली बैठक में कुछ वस्तुओं की कर दरों में बदलाव किया जा सकता है। इसके अलावा राज्यों को क्षतिपूर्ति की व्यवस्था और छोटे ई-कॉमर्स आपूर्तिकर्ताओं के पंजीकरण नियमों में राहत जैसे मुद्दों पर भी बैठक के दौरान चर्चा होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की जीएसटी परिषद की 47वीं बैठक 28-29 जून को होने वाली है। परिषद की बैठक छह महीने बाद हो रही है। बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने के अलावा विपक्ष शासित राज्य क्षतिपूर्ति के भुगतान पर चर्चा कर सकते हैं। कर दरों पर आधिकारियों की समिति या फिटमेंट कमेटी द्वारा प्रस्तावित दरों पर विचार किया जाएगा। समिति ने कृत्रिम अंगों और आर्थोपेडिक प्रत्यारोपण पर एक समान पांच प्रतिशत जीएसटी दर लागू करने की सिफारिश की है। समिति ने रोपवे यात्रा पर जीएसटी दर को वर्तमान में 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की भी सिफारिश की है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर जीएसटी दरों पर एक स्पष्टीकरण जारी किया जा सकता है, जिसके मुताबिक ईवी, चाहे बैटरी से लैस हों या नहीं, पर पांच प्रतिशत की दर से कर लगेगा। जीएसटी परिषद में राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह की दो रिपोर्टें भी पेश की जाएंगी। जीएसटी परिषद की बैठक में विपक्ष शासित राज्य राजस्व घाटे की क्षतिपूर्ति को जारी रखने की पुरजोर वकालत करेंगे। दूसरी ओर केंद्र ऐसे किसी कदम को तंग राजकोषीय स्थितियों का हवाला देते हुए रोकना चाहेगा। जीएसटी (माल एवं सेवा कर) क्षतिपूर्ति कोष में कमी को पूरा करने के लिए केंद्र ने 2020-21 में 1.1 लाख करोड़ रुपए और 2021-22 में 1.59 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया और राज्यों को जारी किया। उपकर संग्रह में कमी की वजह से ऐसा किया गया। लखनऊ में जीएसटी परिषद की 45वीं बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि राज्यों को राजस्व की कमी के लिए मुआवजे का भुगतान करने की व्यवस्था अगले साल जून में समाप्त हो जाएगी। देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को एक जुलाई 2017 से लागू किया गया था और राज्यों को जीएसटी के कार्यान्वयन के कारण होने वाले किसी भी राजस्व के नुकसान के एवज में पांच साल की अवधि के लिए क्षतिपूर्ति का भरोसा दिया गया था। बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ के सकल राजस्व पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के प्रस्ताव पर चर्चा होने की संभावना है। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की अध्यक्षता में गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की तरफ से पेश रिपोर्ट पर जीएसटी परिषद की बैठक में विचार किया जा सकता है। जीओएम ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि ऑनलाइन गेमिंग के समूचे मूल्य पर कर लगाया जाना चाहिए, जिसमें खेल में भाग लेने पर खिलाड़ी द्वारा भुगतान किया जाने वाला प्रवेश शुल्क भी शामिल है। वहीं घुड़दौड़ के मामले में जीओएम ने सुझाव दिया है कि दांव लगाने के लिए जमा की गई पूरी राशि पर जीएसटी लगाया जाए। परिषद दो लाख रुपए और उससे अधिक मूल्य के सोनोकीमती पत्थरों की राज्यों के बीच आवाजाही के लिए ई-वे बिल और ई-चालान अनिवार्य करने पर भी विचार करेगी। यह व्यवस्था 20 करोड़ रुपए से अधिक वार्षिक कारोबार वाली कंपनियों के लिए होगी। इसके साथ ही जीएसटी परिषद ई-कॉमर्स मंच का उपयोग करने के लिए छोटे व्यवसायों को अनिवार्य पंजीकरण मानदंडों से छूट दे सकती है।

# कैप्टिव 5जी नेटवर्क नियमों को मंत्रिमंडल के फैसले के अनुरूप लागू किया जाए: बीआईएफ

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रौद्योगिकी** कंपनियों के संगठन ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) ने सोमवार को कहा कि निजी इस्तेमाल के लिए कैप्टिव 5जी नेटवर्क से संबंधित नीतिगत दिशानिर्देशों को मंत्रिमंडल के फैसले के अनुरूप अक्षरशः लागू किया जाना चाहिए।

बीआईएफ ने बयान में कहा कि प्रत्यक्ष स्पेक्ट्रम आवंटन में किसी भी देरी का उद्यमों पर अनुचित असर पड़ेगा। उद्यम निजी कैप्टिव 5जी नेटवर्क लगाने के लिए किस कंपनी के साथ साझेदारी करना चाहते हैं, इसका उनको अधिकार दिया जाना चाहिए। यह विकल्प उन्हें नेटवर्क की शुरुआत के साथ ही दिया जाना चाहिए।

प्रौद्योगिकी कंपनियां एवं दूरसंचार ऑपरेटरों के बीच कैप्टिव निजी 5जी नेटवर्क के मुद्दे पर टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। नई पीढ़ी के दूरसंचार नेटवर्क को ए कंपनियां कारोबार के नजरिए से खासा आकर्षक मानकर चल रही हैं। दूरसंचार कंपनियों का कहना है कि खुदरा क्षेत्र से ज्यादा राजस्व उद्यम क्षेत्र से मिलने की संभावना है।भारती एयरटेल और रिलायंस जियो जैसे दूरसंचार ऑपरेटरों को 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की जाने वाली है। इसी के साथ कुछ समय के लिए उद्यमों एवं प्रौद्योगिकी फर्मों को अपने निजी इस्तेमाल के लिए गैर-सार्वजनिक नेटवर्क रखने की भी छूट होगी। गूगल, अमेजन, मेटा और टीसीएस जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों के संगठन बीआईएफ ने कहा कि सरकार शुरू में उद्यमों को पट्टे पर स्पेक्ट्रम देने की छूट पर विचार कर रही है। उसने कहा कि उद्यमों को अपने भागीदार के बारे में चयन करने का बुनियादी अधिकार दिया जाना चाहिए।

# सेंसेक्स 433 अंक के उछाल से दो सप्ताह के उच्चस्तर पर

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में मजबूती के रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में लाभ रहा और बीएसई सेंसेक्स 433.30 अंक चढ़कर पिछले दो सप्ताह के उच्चस्तर पर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से भी बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 433.30 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53,161.28 अंक पर बंद हुआ, जो 10 जून के बाद इसका शीर्ष स्तर है। कारोबार के दौरान यह 781.52 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 132.80 अंक या 0.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,800 अंक के स्तर के ऊपर 15,832.05 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में पिछले तीन से जारी तेजी से सेंसेक्स में 2.56 प्रतिशत यानी।,378 अंक जबकि नि2398ीटी में 2.73 प्रतिशत या 418 अंक का उछाल आया है। जियोजीत फाइनेंशल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जिंस कीमतों में नरमी के साथ घरेलू शेयर बाजारों में हाल के सत्रों के दौरान उछाल आया है। विश्लेषकों के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुस्ती की आशंका के कारण निवेशकों को अमेरिका, चीन और यूरोप में मांग घटने से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी की उम्मीद है। सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो का शेयर सबसे अधिक 2.69 प्रतिशत चढ़ गया। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और सन फार्मा के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं, दूसरी तरफ कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और टाइटन के शेयर गिरावट लेकर बंद हुए। इसके अलावा बीएसई स्मॉलकैप 1.57 प्रतिशत और मिडकैप 0.87 प्रतिशत चढ़ गया। विश्लेषकों के कहा कि वैश्विक कारण घरेलू बाजार की दिशा तय करते रहेंगे। इसके अलावा जीएसटी परिषद की आगामी बैठक पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। अमेरिकी शेयर बाजार में बढ़त के साथ एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कंपोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी भी मजबूती के साथ बंद हुआ। वहीं, यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में लाभ में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.13 प्रतिशत गिरकर 112.93 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार पूंजी बाजार में निकासी कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को 2,353.77 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## शक्तिशाली चिपसेट का स्मार्ट फोन बाजार में

**मुंबई।** भारत के तीसरे सबसे बड़े ऑनलाईन स्माटफोन ब्रांड पोको ने ज एफसीरीज में अपना अगला स्माटफोन,पोको एफ 4 5 जी विश्व के बाजार में उतरा पोको एफ4 5जी निरंतर पीक परफ ॉर्मेस के साथ फ्लैगशिप स्मार्टफोन के सभी गुण प्रस्तुत करता है। स्नैपड्रैगन 870 प्रोसेसर, एलपीडीडीआर-5 रैम, यूएफएस 3.1 स्टोरेज और डॉल्बी विजन डॉल्बी एटमॉस एवं ओआईएस जैसी विशेषताओं के साथ पोको एफ4 5जी हर उम्मीद पर खरा उतरने के लिए बनाया गया है। इस लॉन्च के बारे में हिमांशु टंडन कंट्री हेड पोको इंडिया ने कहा कि पोको में हम सबसे अनूठा व अद्भुत फ्लुड एवं शक्तिशाली अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। पोको एफ4 5जी दो बेहतरीन रंगों नेबुला ग्रीन और नाईट ब्लैक में तीन स्टोरेज विकल्पों में 27,999 रु से 29,999 रु व 33, 999 रु में मिलेगा।

## मैक्सलाइफ देगा टैक्स फ्री गारंटीड रिटर्न

**मुंबई।** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मैक्स लाइफस्मार्ट फिक्स्ड रिटर्न डिजिटल प्लान यूआईएन रू 104,123,01, एक नॉन लिंक्ड नॉन पार्टीसिपेटिंग व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत योजना पेश की गई है। उपभोक्ता दृष्टिकोण के अध्ययन के आधार पर विकसित नया उत्पाद, पांच साल की मिनिमम पॉलिसी टेन्योरके साथ उपभोक्ताओं के शॉर्ट टर्म वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करता है। यह प्लान 6.14 प्रतिशत तक की गारंटीड टैक्स.फ्री रिटर्न के साथमात्र 3000 रूपये की मासिक प्रीमियम पर जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान करता है, और यह मैक्स लाइफकी वेबसाइट और पॉलिसीबाजार डॉट कॉम पर खरीदने के लिए भी उपलब्ध है। मैक्स लाइफके डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर वी विश्वानंद ने कहा कि ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों का विकास करना हमेशा मैक्स लाइफ की प्राथमकिता रही है, और हम बाजार में आकर्षक औरडिजिटल रूप से सक्षम फ्लेक्सीबल जीवन बीमा उत्पादों को पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्मार्ट फिक्स्ड रिटर्न डिजिटल प्लान उस पीढ़ी के लिए डिज़ाइन किया गया है जो जीवन बीमा के साथ टैक्स-फ्री रिटर्न के साथ एक शॉर्ट टर्म गारंटीकृत उत्पादचाहता है।

## फिच ने गेल की बीबीबी- रेटिंग को कायम रखा

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल की स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- रेटिंग को कायम रखा है।

# ब्रिटेन, ईयू के साथ एफटीए घरेलू निर्यातकों के लिए नए अवसर खोलेगा: फियो

**भाषा।** तिरुपुर (तमिलनाडु)

**ब्रिटेन,** यूरोपीय संघ (ईयू) और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) समेत अन्य प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से इन बाजारों में भारत के निर्यात को बढ़ावा देने के नए अवसर खुलेंगे। फियो के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने यह बात कही। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने यह भी कहा कि सरकार की इस पहल से देश को बेहतर निर्यात दर हासिल करने में मदद मिलेगी। निर्यात क्षेत्र पर एक कार्यक्रम में शक्तिवेल ने कहा, ‘ब्रिटेन, ईयू, जीसीसी आदि के साथ निर्यात के लिए चल रही बातचीत से भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खुलेंगे’। जीसीसी की स्थापना 1981 में हुई थी। इसके छह सदस्य संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन हैं। भारत इन देशों और ब्लॉकों के साथ एफटीए पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। यूरोपीय संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार और निवेश समझौते पर भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए नई दिल्ली आया है।

## नितिन गुप्ता सीबीडीटी के नए चेयरमैन बने

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी नितिन गुप्ता को सीबीडीटी का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। गुप्ता आयकर संवर्ग के 1986 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं, और बोर्ड में सदस्य (जांच) के रूप में कार्यरत हैं और अगले साल सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इस संबंध में 25 जून को जारी आदेश में कहा गया, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने नितिन गुप्ता, आईआरएस (आईटी:86), सदस्य केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को चेयरमैन, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी है। जे बी महापात्रा के 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद सीबीडीटी प्रमुख का पद बोर्ड सदस्य और 1986 बैच की आईआरएस अधिकारी संगीता सिंह अतिरिक्त क्षमता में संभाल रही थीं।

## एमएसएमई को ऋण पहुंच सुगम बनाने के प्रयास जारी: सचिव

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के सचिव बी बी स्वैन ने सोमवार को कहा कि सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर के उद्यमियों के लिए ऋण की पहुंच को सुगम बनाने की दिशा में काम कर रही है। स्वैन ने अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की तरफ से आयोजित एक शिखर सम्मेलन में कहा कि किफायती ऋण तक पहुंच सभी के लिए एक चुनौती बनी हुई है।



वृंदावन में सोमवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कृष्णा कुटीर भ्रमण के दौरान

## बांदा में जलकुम्भी हटाओ तालाब बचाओ अभियान



**बांदा।** जनपद में जल कुम्भी हटाओ.तालाब बचाओ अभियान के तहत जनपद के 50 तालाबों में नोडल अधिकारी नामित करते हुये वृहद सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा ब्लॉक प्रमुख बड़ोखर श्री स्वर्ण सिंहष्ष् सोनू उपायुक्त मनरेगा राघवेन्द्र तिवारीए यादुवेन्द्र सिंह सुश्री श्वेता साहू एवं श्री विकास यादवए डिप्टी कलेक्टर ;प्रशिक्षुद्धए जिला युवा कल्याण अधिकारी बृजेन्द्र कुमारए खण्ड विकास अधिकारी बड़ोखर अरूण पाण्डेयए उमाशंकर पाण्डेयए सदस्य जल प्रबन्धन समितिए नीति आयोगए भारत सरकार ग्राम प्रधान डिंगवाही सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग के साथ ग्राम पंचायत डिंगवाही में गोद लिये बड़ा तालाब में तालाब के अन्दर जाकर लगातार 04 घण्टे तक लगातार तालाब से जल कुम्भी को निकाल कर तालाब की सफाई की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर आज जनपद के 82 अमृत सरोवरों को चिन्हित किये गये है और उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आज ष्जल कुम्भी हटाओ.तालाब बचाओष् अभियान के अन्तर्गत 50 तालाबों जिनमे अत्यधिक जल कुम्भी से पटे हुये है उनकी सफाई एवं जीर्णोद्धार हेतु सफाई अभियान चलाया गया। सभी 50 तालाबों में जनपद के जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुये ष्जल कुम्भी हटाओ.तालाब बचाओष् अभियान के तहत तालाबों से जल कुम्भी को हटाने हेतु सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि जल कुम्भी तालाब के पानी को सोख लेती है और अपने को हरा भरा कर लेती है। जिसके कारण धीरे.धीरे तालाब सूख जाता है। तालाबों के सूख जाने के कारण पशुओं के पीने के लियेए ग्रामवासियों के सिंचाई के लिये आदि के लिये पानी नहीं मिल पाता है। साथ ही कहा कि तालाबों से जल कुम्भी हट जाने के बाद पर्यावरण भी स्वच्छ होगा और वर्षा का जल एकत्र होगा और तालाब की भूमि को सीचिंत करेगा। प्रधानमंत्री और सीएम ने टिवट्र पर अभियान की सराहना की है।

## बाघ के हमले में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के दुधवा बफर जोन में रविवार शाम बाघ के हमले में एक युवक की मौत हो गई। वन विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि नरेंद्र नगर बेली गांव का रहने वाला नागेंद्र सिंह (33) रविवार शाम घास काटने के लिए जंगल में गया था, तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। दुधवा बफर जोन के उपनिदेशक सुंदरेश घटना के बाद मौके पर पहुंचे और बाघ का पता लगाने के लिए टीमें तैनात कीं। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना जिस जगह पर हुई, वह दुधवा बफर जोन के मंझरा पूरब इलाके के नजदीक है। इस इलाके में 17 जून से ही बाघ का आतंक है। गौरतलब है कि 17 जून को बाघ ने क्षेत्र में मोहन दास नाम के एक स्थानीय पुजारी पर हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। वहीं, 23 जून को बाघ ने 13 साल के एक बच्चे पर हमला कर उसे मार डाला था।

## बाघिन ने महिला की जान ले ली

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के दुधवा बाघ अभयारण्य के बफर जोन के खैरतिया इलाके में पिछले कई सप्ताह से घूम रही एक बाघिन के हमले में 43 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिकुनिया थाना क्षेत्र के खैरतिया के खैरी गौड़ी गांव की रहने वाली मिंदर कौर सोमवार दोपहर अपने धान के खेत में गई थी, जहां बाघिन ने उस पर हमला करके उसे पास के गन्ने के खेत में खींच लिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों ने बाघिन का पीछा किया लेकिन उन्हें महिला मृत अवस्था में मिली। दुधवा के फील्ड डायरेक्टर संजय कुमार पाठक ने बाघिन के हमले में महिला की मौत की पुष्टि की है।

## एंटी रोमियो अभियान में शोहदों की तलाश

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। कोतवाली की एंटी रोमियो टीम द्वारा नगर के सार्वजनिक स्थान सहित प्रमुख मार्गों एवं रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाते हुए आवारा किस्म के युवाओं की खोजबीन की गई। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं व युवतियों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। सोमवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली की एंटी रोमियो टीम द्वारा नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रेलवे रोड, फतेहगढ़ रोड, रेलवे स्टेशन सहित विद्यालयों के आसपास अभियान चलाया गया। जिससे आवारा किस्म के युवाओं में हड़कंप मच गया। महिला पुलिस कर्मियों ने आने जाने वाली महिलाओं एवं छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु एंटी रोमियो अभियान से जागरूक कराते हुए आपातकाल में पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए वूमेन पावर लाइन 1090, डायल यूपी 112 आदि नंबरों की जानकारी देते हुए ऑपरेशन कबच के बारे में अवगत कराया।

## बच्चों के झगड़े को लेकर पति-पत्नी को पीटा

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। बच्चों के झगड़े के विवाद को लेकर दंपति के साथ गांव के ही एक परिवार के दो सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रजलामऊ निवासी अमित कुमार पुत्र भगवान सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार को वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव केएक परिवार ही के दो सदस्यों ने बच्चों के झगड़े के विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

## दूषित भोजन खाने से दो सगी बहनों की मौत

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के तालग्राम क्षेत्र में सोमवार को संदिग्ध रूप से दूषित भोजन खाने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इसकी जनकारी दी। अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि तालग्राम क्षेत्र के कायस्थान मुहल्ले में राम नारायण, उनकी बहू पिंकी और उनकी पोतियों रिया (11) और रितिका (सात) तथा परिवार के कुछ अन्य सदस्यों ने रविवार की रात पूड़ी, सब्जी और दाल खाई थी।
उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह रिया और रितिका को उल्टीदस्त शुरू हो गए, कुछ ही देर बाद दोनों की घर में ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में पिंकी और राम नारायण गम्भीर रूप से बीमार हो गए और उन्हें फुर्खाबाद के अस्पताल में भेजा गया है जबकि बाकी चार सदस्यों को कन्नौज जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुमार ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम को जांच के लिए मौके पर भेजा गया है।

## नेपाली किशोरियों से सामूहिक दुष्कर्म, चारों आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले के हरैय्या थाना क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदने के लिए पड़ोसी देश नेपाल से आई दो किशोरियों के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के मुताबिक, नेपाल के दांग जिले में रहने वाली दो किशोरियां सीमावर्ती क्षेत्र मणिपुर बाजार में साप्ताहिक बाजार से सामान खरीदने आ रही थीं, तभी रास्ते में बलरामपुर के हरैय्या क्षेत्र में पड़ने वाले जंगल में चार लोगों ने उन्हें रोककर उनके साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि किशोरियों ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। कुमार के अनुसार, परिजन नेपाल पुलिस के पास गए, जो दोनों किशोरियों को लेकर हरैय्या थाने पहुंची। उन्होंने बताया कि हरैय्या पुलिस ने चारों आरोपियों रामचंद्र, राजेंद्र, राकेश और पिंटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है। कुमार के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्वाई की जाएगी तथा यह मुकदमा फास्ट ट्रैक अदालत में चलाया जाएगा।

## कांग्रेसियों का सत्याग्रह

**कोंच**'(जालौन)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव/उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी के आह्वाहन पर भारतीय सेना के सम्मान में युवा विरोधी अग्निपथ योजना के विरुद्ध कोंच माधौगढ़ विधान सभा के बरिष्ठ कांग्रेसियों ने सत्याग्रह के तहत दिन सोमवार को तहसील परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ सरिता आनंद अग्रवाल पूर्व प्रत्याशी माधौगढ़ विधान सभा सिद्धार्थ दिवोलिया नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष सन्तोष,देवेंद्र शर्मा सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# रोटी के विवाद में युवक की-पीटकर हत्या

**बरेली।** बरेली जिले में रोटी नहीं देने के विवाद में होटल मालिक और उसके साथियों ने एक युवक की कथित रूप से पीट-पीटकर कर हत्या कर दी। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामला दो समुदायों से जुड़े होने की वजह से मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) रवींद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि रविवार को सनी नामक युवक ने अपने जन्मदिन की दावत के लिए जीशान नामक व्यक्ति के होटल में 150 रोटियों का आर्डर दिया था , जीशान ने उस वक्त उसे 40 रोटी देते हुए कहा कि बाकी रोटियां बाद में मिलेंगी। उन्होंने बताया कि रात करीब साढे 10 बजे जीशान ने सनी को फोन करके कहा कि अब रोटियां नहीं मिल पाएंगी जिसपर सनी अपने भाई बबलू के साथ होटल पहुंचा। पुलिस के अनुसार आरोप है कि रोटी ना देने को लेकर जीशान और सनी के बीच झड़प हो गई तथा जीशान तथा उसके साथियों ने सनी और उसके भाई बबलू की लाठियों से पिटाई की। पुलिस अधीक्षक के अनुसर सनी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 26-27 जून की मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे उसकी मौत हो गई। कुमार ने बताया कि इस मामले में जीशान के चचेरे भाइयों मुजीब और वहीद तथा होटल कर्मी झावर को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि जीशान की तलाश की जा रही है। सनी के शव का आज पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामला दो संप्रदाय के लोगों के बीच का होने के कारण इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा युवक

**मेरठ।** मेरठ नगर के मोहनपुरी इलाके में सोमवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) विनीत भटनागर ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित मोहनपुरी इलाके के निवासी अजित नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सीमा (32) की गला दबाकर हत्या कर दी और थाने पहुंचकर समर्पण कर दिया। भटनागर ने बताया कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है। अजीत की सीमा से शादी करीब 10 साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं।

**बुजुर्ग की हत्या, आरोपी बेटा हिरासत में:** बलिया। बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या के मामले में उसके बड़े बेटे को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के भाटी ग्राम पंचायत के अहिरपुरवा गांव निवासी लल्लन चौधरी (60) की रविवार देर रात धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक, घटना के समय लल्लन चौधरी अपने भाई रामप्रवेश यादव के दरवाजे पर रोजाना की तरह सो रहे थे। उन्होंने बताया कि सोमवार तड़के चारपाई पर लल्लन चौधरी का सिर कटा शव देख परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक लल्लन चौधरी ने छोटे पुत्र संजय चौधरी की पत्नी के नाम से जमीन का बैनामा कर दिया था, जिसे लेकर उनका बड़ा बेटा अजय चौधरी व उसकी पत्नी नाराज चल रहे थे। तिवारी के अनुसार, पुलिस ने अजय चौधरी को पिता की हत्या के आरोप में हिरासत में ले लिया है और वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया है।

## सिलेंडर फटने से मकान ध्वस्त, एक महिला की मौत, सात अन्य घायल

**मेरठ।** मेरठ जिले के लिसाड़ी थानाक्षेत्र के समर गार्डन इलाके स्थित एक मकान में सोमवार दोपहर एक रसोई गैस सिलेंडर फटने से पूरा मकान ध्वस्त हो गया और एक महिला की मौत हो गई जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के जनसंपर्क अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि थानाक्षेत्र लिसाड़ी के समर गार्डन इलाके में 60 फुटा रोड स्थित एक मकान में आज दोपहर रसोई गैस सिलेंडर फटने से पूरा मकान धराशाई हो गया। उन्होंने बताया कि धमाका इतना तेज था कि आसपास के दो मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने आठ लोगों को मलबे से निकाला। उन्होंने बताया कि इनमें एक महिला शमीमा (28) की मौत हो गई,जबकि सात अन्य घायल हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से एक को बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है।पुलिस अधिकारी के अनुसार, हालांकि सभी लोग निकाले जा चुके हैं फिर भी कहीं कोई अंदर ना फंसा हो इसके लिए अभी तलाश अभियान जारी है।

**अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर जमकर नारेबाजी की, ज्ञापन सौंपा**

उरई(जालौन)। उप जिलाधिकारी अंकुर कौशिक और तहसीलदार नरेंद्र कुमार तहसील कालपी को हटाने की मांग को लेकर आज जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर जमकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी चांदनी सिंह को ज्ञापन सौंपा।डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उदय शंकर द्विवेदी महासचिव उपेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया इस दौरान कालपी एसडीएम और तहसीलदार को हटाने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की बाद में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

## अटाला हिंसा के मुख्य आरोपी जावेद की पत्नी की याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रयागराज के अटाला में 10 जून को हुई हिंसा के मुख्य आरोपी जावेद मोहम्मद की पत्नी परवीन फातिमा द्वारा याचिका पर सुनवाई सोमवार को टाल दी। परवीन फातिमा ने अपने मकान के ढहाए जाने के खिलाफ याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की पीठ ने जावेद मोहम्मद की पत्नी परवीन फातिमा और बेटी सुमैया फातिमा द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने इस मामले में सुनवाई टालते हुए कहा, इस मामले को दूसरी पीठ के समक्ष पेश किया जाए जिसमें हम लोगों में से एक (सुनीता अग्रवाल) सदस्य ना हों। इस मामले को नए सिरे से कल दूसरी पीठ के समक्ष रखा जाए। याचिका के मुताबिक, वह मकान जावेद मोहम्मद का नहीं था, बल्कि उसका स्वामित्व उसकी पत्नी फातिमा के पास था जो फातिमा को शादी से पूर्व ही उनके माता पिता से तोहफे के रूप में मिला था। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया और जो नोटिस मकान पर चस्पा किया गया था वह परवीन फातिमा के नाम नहीं था, बल्कि उसके पति जावेद मोहम्मद के नाम था जिन्हें प्रयागराज में कथित तौर पर हिंसा के लिए उकसाने के आरोप में 10 जून को गिरफ्तार किया गया। इससे पूर्व, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के मकान के ध्वस्तीकरण के खिलाफ वकीलों के एक समूह द्वारा दायर पत्र याचिका को स्वीकार नहीं किया था।

**बलिया में किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार:**बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीया किशोरी को कथित रूप से अगवा कर उसके साथ बलात्कार करने का मामला सामने आया है। इस मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बांसडीह के पुलिस उपाधीक्षक राजेश तिवारी ने सोमवार को बताया कि मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी को गत 17 जून की दोपहर सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले गोविंद (19) ने अगवा कर लिया तथा इसके बाद उसे बांसडीह ले गया। उन्होंने बताया कि गोविंद ने शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ बलात्कार किया। किशोरी के भाई की तहरीर पर गोविंद के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता व पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धारा में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी गोविंद को रविवार को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने किशोरी को जिला अस्पताल में जांच के लिए भेज दिया है।

## नोटिस पर भी नहीं हटा अतिक्रमण

# जाम से लोग हो रहे परेशान

**नवाबगंज** फर्रुखाबाद । फुटपाथ पर हो रहे अतिक्रमण से मुख्य मार्ग पर अक्सर जाम की स्थित बनी रहती है। लोग घंटों चिलचिलाती धूप में जाम में फंसे रहते हैं। अधिशासी अधिकारी ने नोटिस जारी कर पांच दिन में फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की हिदायत भी दी थी। नोटिस के एक सप्ताह बाद भी स्थिति जस की तस है। मुख्य चौराहे व तिराहा अचरा रोड पर सड़क किनारे बनी दुकानों के बाहर टिनशेड व पन्नी तानकर और फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा सामान रखकर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्राहकों की बाइकों के भी फुटपाथ पर खड़े होने से मुख्य चौराहे व तिराहे पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार दोपहर बाद तिराहा अचरा रोड पर दुकानों के बाहर रखे सामानए फलों आदि की ठेलियां खड़ी होने व आढ़तों के आगे सड़क पर खड़े ट्रैक्टरों से जाम लग गया। निकलने की जगह न होने से वाहन सड़क किनारे खड़े हो गए। तिराहा अचरा रोड पर लगभग पांच सौ मीटर लंबे जाम की स्थिति बन गई। अचरा नवाबगंज मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। चिलचिलाती धूप में बाइक सवार भी जाम में फंसकर पसीना पोंछते नजर आए। नगर पंचायत द्वारा दुकानदारों को एक सप्ताह पूर्व नोटिस देकर पांच दिन में सड़क किनारे दुकानों के बाहर पड़ी टीनशेडए पन्नी आदि हटाकर फुटपाथ खाली रखने की हिदायत दी गई थी। इसके बाद भी दुकानदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

## जनरथ बस व थाने में दंपति ने नशे में किया हंगामा

**कमालगंज फर्रुखाबाद ।** रोडवेज की जनरथ बस में नशे की हालत में हरिद्वार जाने के दौरान हंगामा कर रहे दंपती की शिकायत यात्रियों ने परिचालक से की। जिस पर उसने थाने के सामने बस रोककर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दंपती को उतारकर बस को रवाना कर दिया। थाने में भी दंपती ने हंगामा किया। कानपुर से देहरादून जाने वाली जनरथ बस के परिचालक नरेंद्र दुबे ने थाना गेट पर शाम करीब छह बजे बस रोक दी। परिचालक ने पुलिस को बताया कि कानपुर से हरिद्वार के लिए सवार हुए दंपती बस के अंदर नशे की हालत में यात्रियों से अभद्रता कर रहे हैं। पुलिस ने बस के अंदर जाकर दंपती को समझाने का प्रयास कियाए लेकिन वह नहीं माने। जिस पर पुलिस ने दंपती को नीचे उतार लिया। नशे की हालत में मिले यात्री ने बताया कि वह कानपुर के बिठूर थाना क्षेत्र का निवासी है। वह अपनी पत्नी के साथ हरिद्वार जा रहा है। मनोरंजन करने के उद्देश्य उसने नशा किया है। थाने के अंदर महिला ने भी जमकर हंगामा किया। महिला सिपाहियों ने उसे समझा.बुझाकर शांत किया। दंपती की बैग में शराब के चार पौआ भी मिले। दंपती ने आरोप लगाया कि बस चालक परिचालक ने टिकट होने के बावजूद उसे नीचे उतार दिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दंपती को छोड़ दिया।



## जय बाबा बर्फानी के उद्घोष के बीच अमरनाथ रवाना हुआ जत्था

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम व हर्षोल्लास से जय बाबा बर्फानी के उदघोष के साथ नगर भ्रमण के बाद श्रद्धालुओं का जत्था भगवान भोलेनाथ के पावन तीर्थ स्थल अमरनाथ जाने के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सम्पूर्ण नगर शिवमय हो गया। इससे पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी ने सपत्नी सहित नागरिकों के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया। रविवार की शाम सनातन धर्म के पावन तीर्थ स्थल अमरनाथ रवाना होने से पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी उर्मिला गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर अमरनाथ जाने वाले यात्रियों को तिलक लगाकर एवं फूल मालायें पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद वरिष्ठ समाजसेवी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों ने जय बाबा बर्फानी के उदघोष के साथ नगर भ्रमण किया। जिससे सम्पूर्ण नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं उत्साहित युवाओं ने डीजे की धुनों पर बज रहे भक्तिगीतों पर जमकर नृत्य किया। वही कई स्थानों

# टीम की तैयारियों से संतुष्ट हैं कोच द्रविड़

● इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच को तैयार

**भाषा।** लीसेस्टर

**भारतीय क्रिकेट** टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच से पहले लीसेस्टरशर के खिलाफ चार दिवसीय अभ्यास मैच में टीम ने अपनी सभी समस्याओं को सुलझा लिया है। श्रेयस अय्यर, विराट कोहली, शुभमन गिल, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने ड्रॉ हुए इस अभ्यास मैच में अर्धशतक जड़ा। द्रविड़ ने लीसेस्टरशर फॉक्सेस की ओर से ट्विटर पर जारी वीडियो में कहा, शुक्रवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच से हमें जो भी चाहिए था हमने इस मैच से उसे हासिल किया। मुझे लगता है कि हम इस सप्ताह में जो कर पाए उससे काफी खुश है। इंग्लैंड के हालात में खेलने की चुनौती के बारे में पूछे जाने पर द्रविड़ ने कहा, जब आपके पास सिर्फ एक मैच खेलने के लिए हो तो इन चीजों के लिए ज्यादा समय नहीं होता है। आपको कम समय के अंदर मैदान में उतर कर प्रदर्शन करना होता है। मुझे उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी इस टेस्ट मैच के पहले दिन से ऐसा कर पाएंगे। भारत के इस पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, ऐसी स्थिति में गलती करने का ज्यादा विकल्प नहीं होता है। हमारे लिए हालांकि यह अच्छा सप्ताह रहा। मुझे लगता है कि मैच के दौरान शुरुआती दो दिनों तक पिच चुनौतीपूर्ण रहेगी और फिर सामान्य हो जाएगी। पांचवां टेस्ट पिछले साल ही खेला जाना था लेकिन भारतीय खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।



## इंग्लैंड का पलड़ा भारीः स्वान

**मुंबई।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि भारत के खिलाफ बर्मिंघम में खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट मैच में उनकी टीम का पलड़ा भारी होगा क्योंकि इस टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेली है। इंग्लैंड ने सोमवार को तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। स्वान ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स के द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, इंग्लैंड की टीम अच्छी स्थिति में है और इस श्रृंखला (न्यूजीलैंड के खिलाफ) के कारण उनका पलड़ा भारी होगा। दूसरी ओर भारतीय टीम ने इंग्लैंड में सिर्फ एक अभ्यास मैच में भाग लिया है, हाल में उन्होंने कोई टेस्ट मैच भी नहीं खेला है और इससे टीम को नुकसान हो सकता है स्वान ने नए कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रैंडन मैकुलम की अगुवाई में टीम की आक्रामक खेल खेलने के लिए सराहना करते हुए कहा कि इंग्लैंड का सामना करने के लिए यह सही समय नहीं है। इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जिस तरह का खेल दिखाया उससे उनके खिलाफ खेलने का यह मुश्किल समय होगा। आप ऐसी टीम का सामना करेंगे जिसमें जो रूट अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में है और ओली पोप का टेस्ट क्रिकेट में सबसे अच्छा समय चल रहा है। बेन स्टोक्स ने टीम में सकारात्मकता भरी है। मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली मुख्य खिलाड़ी होंगे।

## रोहित शर्मा के कवर के तौर पर इंग्लैंड में भारतीय टेस्ट टीम से जुड़ेंगे मयंक



**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को कप्तान रोहित शर्मा के कवर के तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ एडबस्टन टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण रोहित का इस टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। लीसेस्टरशर के खिलाफ ड्रॉ रहे अभ्यास मैच में रोहित पहले दिन खेले थे लेकिन उसके बाद से पृथकवास पर है। रैपिड एंटीजेन टेस्ट में उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। मयंक को एक जुलाई से शुरू हो रहे टेस्ट में 15 सदस्ईय टीम मे जगह नहीं मिली थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से पहले केएल राहुल के चोटिल होने और अब रोहित के कोरोना संक्रमित होने के कारण उन्हें मौका मिला है। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने कप्तान रोहित शर्मा के कवर के रूप मे पांचवें टेस्ट के लिए मयंक अग्रवाल को भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया है। रोहित को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया था। मयंक इंग्लैड के लिए रवाना हो गए है और बर्मिंघम मे टीम के साथ जुड़ेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , मयंक आज रोहित के कवर के तौर पर रवाना हो रहे है और जरूरत पड़ने पर टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। ब्रिटेन के कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार आरटी पीसीआर टेस्ट नेगेटिव आने पर पृथकवास में रहने की जरूरत नहीं है। पांचवां टेस्ट पिछले साल अधूरी रह गई श्रृंखला का निर्णायक टेस्ट भी है। भारतीय खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आने के कारण पांचवां टेस्ट स्थगित कर दिया गया था। भारत श्रृंखला में 2-1 से आगे है। मयंक ने अभी तक 21 टेस्ट में 41 . 33 की औसत से 1488 रन बनाए है। उन्होंने आखिरी बार मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेला था।

# खराब मौसम के बीच भारत को अपने युवा सितारों के चमकने की उम्मीद

● आयरलैंड से दूसरा मैच आज

**भाषा।** मालाहाइड (आयरलैंड)



उमरान इस मौके को जरूर भुनाना चाहेंगे

**आयरलैंड के** खिलाफ मंगलवार को दूसरे और आखिरी टी-20 में भारत को उमरान मलिक जैसे अपने युवा खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन और मौसम के साफ रहने की उम्मीद होगी। बारिश के कारण पहला मैच 12 . 12 ओवर का ही कर दिया गया था। कल भी मौसम खराब रहने का अनुमान है जिसका असर इस मैच पर भी पड़ सकता है। चोट के कारण रूतुराज गायकवाड़ रविवार को बल्लेबाजी नहीं कर सके और उनके पूरी तरह से फिट नहीं होने पर टीम में यही बदलाव होगा। अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में पूरी मजबूत टीम उतारी जानी है लिहाजा आयरलैंड के खिलाफ यह मैच युवा खिलाड़ियों के पास अपनी क्षमता दिखाने का अवसर है। तेज गेंदबाज उमरान इस मौके को जरूर भुनाना चाहेंगे। उनका आकलन रविवार के मैच में महंगे रहे एक ओवर के दम पर करना सही नहीं होगा। वह पारी का छठा ओवर था और हैरी टेक्टर ने उमरान की रफ्तार का पूरा फायदा उठाया। कप्तान हार्दिक पंड्या पहले ही कह चुके हैं कि उमरान पुरानी गेंद से बेहतर गेंदबाजी करता है लिहाजा उसे पावरप्ले के बाद मौका दिया गया। भुवनेश्वर गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराने के अपने हुनर के कारण आयरलैंड के बल्लेबाजों को परेशान करने में कामयाब रहे। आवेश खान डैथ ओवरों में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे। भारतीय गेंदबाजों को टेक्टर के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा जो टी20 क्रिकेट में बेखौफ बल्लेबाजी के लिए मशहूर हो रहे हैं। एक और शानदार पारी उन्हें आईपीएल का अनुबंध दिला सकती है। हार्दिक ने कहा था , उसके कुछ शॉट्स दर्शनीय थे। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने तो निराश नहीं किया लेकिन उसके गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज लय हासिल करने के लिए जूझते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों ने मनचाही दिशा में चौके छक्के लगाए। आयरलैंड जैसी टीम को भारत जैसी टीम के खिलाफ खेलने का मौका बार बार नहीं मिलता और वे इस मौके को भुनाने की फिराक में जरूर होंगे। हार्दिक और हुड्डा ने पारी की शुरूआत करते हुए आफ स्पिनर एंडी मैकब्रायन की जमकर धुनाई की और अब वह बेहतर होमवर्क के साथ इन बल्लेबाजों के सामने उतरेंगे।

### ड्रैग फ्लिक से भारतीय हॉकी टीम बेहतर स्थिति में: संदीप सिंह

**नई दिल्ली।** ड्रैग फ्लिक की मुश्किल कला के महारथी माने जाने वाले पूर्व कप्तान संदीप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय टीम में पेनल्टी कार्नर के कई विशेषज्ञों के उभरने से आने वाले अहम टूर्नामेंटों में भारतीय टीम बेहतर स्थिति में है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम में हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार और अमित रोहिदास जैसे बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर है। तो वहीं संजय, अरिजीत सिंह हुंदल और सुदीप चिरमाको जैसे जूनियर प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। ड्रैग-फ्लिक मुश्किल कौशल है जिसमें में महारत हासिल करने के लिए कई वर्षों के अभ्यास की जरूरत होती है।

### योग प्रशिक्षकों का सम्मान

**लखनऊ।** उप्र नॉन ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय दीप सिंह सेनि द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 10 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर को सफलतापूर्वक संचालित करने वाले प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। अतिथि समाजसेवी उत्तराखण्ड केपीएस राठौर सेनि अभियन्ता प्रदान की गयी। रवि सिंह,सृजन यादव,संस्कृति पाण्डेय, विक्रमादित्य सिंह, सुरेश कुमार, नितिन चन्द्रा, आशीष कुमार, साधना पाण्डेय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांशु मीडिया प्रभारी भाजापा व अतुल जयसवाल ,महेश लाल सचिव जिला स्पोर्टस योग एसोसिएशन तथा ए के सक्सेना महासचिव उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय स्नूकर: रेयान, सौरव ने जीत के साथ शुरूआत की

**मुंबई।** रेयान राज्मी और सौरव कोठारी ने यहां एनएससीआई अखिल भारतीय स्नूकर ओपन 2022 के पहले दिन अपने ग्रुप मुकाबले 4-0 के समान अंतर से जीते। ग्रुड डी में दो बार के जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन महाराष्ट्र के रेयान ने अपने ही राज्य के विशाल गेहानी को 4-0 (70-30, 85-12, 79-41 और 81-8) से शिकस्त दी। ग्रुप ई में 37 साल के सौरव ने हरियाणा के 19 साल के दिग्विजय कादियान को 4-0 (65-58, 75-31, 61-58 और 125-0) से हराया।

### दो जूडो खिलाड़ी और एक कोच को स्पेन से वापस बुलाया गया

**नई दिल्ली।** स्पेन दौरे पर गए जूनियर एशियाई चैम्पियनशिप के पदक विजेता सहित दो जूडो खिलाड़ी और एक कोच को स्थानीय महिला खिलाड़ियों के साथ झड़प के आरोप में देश वापस बुला लिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जुड़े एक राष्ट्रीय कोच ने दावा किया कि एक जूडो खिलाड़ी महिला खिलाड़ियों के एक समूह से विवाद में उलझ गया और फिर बाद में उसके कमरे में एक महिला मिली। अभी यह पता नही चल पाया है कि ए महिला खिलाड़ी भी जूडो से जुड़ी थी या नही।

### दीपक को अंडर-23 एशियाई कुश्ती में कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया ने किर्गिस्तान के बिशकेक में चल रही अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 86 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कजाखस्तान के मकसात सेतीबाल्दी को हराकर कांस्य पदक जीता। हरियाणा के 23 साल के पूनिया को रविवार को पहले दो दौर में उज्बेकिस्तान के फाजुलाइव के खिलाफ 3-7 और किर्गिस्तान के नूरतिलक केरिपबाएव के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

# श्रीलंका ने भारत को क्लीनस्वीप से रोका

● चामरी के अर्धशतक से भारत को अंतिम टी20 में 7 विकेट से हराया

**भाषा।** दाम्बुला



**कप्तान चामरी** अटापट्टू की 48 गेंद में नाबाद 80 रन की पारी से श्रीलंका ने सोमवार को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट की जीत के साथ भारत को श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने से रोक दिया। चामरी ने अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का जड़ा और इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2000 रन पूरे करने वाली श्रीलंका की पहली क्रिकेटर बनीं। श्रीलंका की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले पुरुष क्रिकेटर तिलकरत्ने दिलशान हैं जिनके नाम 1889 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। क्लीनस्वीप से बचने के लिए भारत के 139 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने तीन ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 141 रन बनाकर सांत्वना भरी जीत दर्ज की। भारत ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 2-। से जीती। हरमनप्रीत कौर की 33 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से नाबाद 39 रन की पारी के बावजूद पांच विकेट पर 138 रन ही बना सकी थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने पहले ओवर में ही विश्मी (05) का विकेट गंवा दिया। हर्षिता (13) ने चामरी के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया लेकिन राधा ने पांचवें ओवर में उन्हें आउट कर दिया। चामरी को निलाक्षी (28 गेंद में 30 रन) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। श्रीलंका की कप्तान ने सिर्फ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका की ओर से सबसे तेज अर्धशतक है। चामरी 42 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रही जब जेमिमा ने मिडविकेट बाउंड्री पर दौड़ते हुए उनका कैच टपका दिया। उन्होंने इसके बाद लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया। श्रीलंका को अंतिम पांच ओवर में सिर्फ 18 रन की जरूरत थी और चामरी ने टीम को घरेलू सरजमीं पर भारत पर पहली टी20 जीत दिला दी। भारत का क्षेत्ररक्षण एक बार फिर निराशाजनक रहा। टीम ने रन आउट के कुछ मौके भी गंवाए। इससे पहले भारतीय टीम ने बीच के ओवरों में धीमी बल्लेबाजी की। स्मृति (21 गेंद में 22 रन) और घना (26 गेंद में 22 रन) के विकेट लगातार ओवरों में गंवाने से भारत का स्कोर तीन विकेट पर 51 रन हो गया। पहले ओवर में शेफाली वर्मा (05) का विकेट गंवाने के बाद मंधाना और मेघना ने 41 रन जोड़े लेकिन रन गति बढ़ाने में नाकाम रहे।

### आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सकते हैं मोर्गन

**लंदन।** इंग्लैंड की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे इयोन मोर्गन मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। मोर्गन ने 16 साल के अपने करियर के दौरान वनडे अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में मिलाकर 10 हजार से अधिक रन बनाए। स्काई स्पोर्ट्स की खबर के अनुसार डबलिन में जन्मे 35 साल के मोर्गन आस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में इंग्लैंड की अगुआई करना चाहते थे लेकिन पिछले 18 महीने में फॉर्म और फिटनेस से जूझने के बाद उनका मन बदल गया। मोर्गन ने इस महीने नीदरलैंड के खिलाफ शुरुआती दो वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में इंग्लैंड की कप्तानी की लेकिन दोनों ही मौकों पर वह खाता खोलने में नाकाम रहे। वह ग्रोइन की चोट के कारण तीसरे मैच में नहीं खेले। उप कप्तान बटलर को उनकी जगह सीमित ओवरों के प्रारूप में इंग्लैंड का नया कप्तान बनाया जा सकता है और कप्तान के रूप में उनकी पहली श्रृंखला भारत के खिलाफ हो सकती है। मोर्गन ने 2006 में आयरलैंड की ओर से पदार्पण किया ।

# मप्र के पहले रणजी खिताब की नींव में हैं संघर्ष, सब्र और समर्पण की कहानियां

**भाषा।** इंदौर



**कोई जीत के** जुनून में नौ साल से घर नहीं गया तो किसी ने शादी के बाद हनीमून की जगह अभ्यास को तरजीह दी। ऐसी न जाने कितनी संघर्ष, सब्र और समर्पण की कहानियां छिपी है मध्यप्रदेश को साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में मिली खिताबी जीत के पीछे जिसके सूत्रधार रहे कोच चंद्रकांत पंडित। मध्यप्रदेश के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया, हम अपने कोच चंद्रकांत पंडित के मार्गदर्शन में पिछले दो साल से रणजी ट्रॉफी स्पर्धा की सख्त तैयारी कर रहे थे और हमारा पूरा ध्यान इस मुकाबले पर था। श्रीवास्तव ने बताया, मेरी साल भर पहले ही शादी हुई है। मैंने कोच (पंडित) से कहा कि मुझे शादी के लिए बस दो-चार दिन का समय दे दीजिए। उनकी मंजूरी मिलते ही मैं शादी के तुरंत बाद फिर मैदान पर लौटकर खेल की तैयारियों में जुट गया था। 28 वर्षीय क्रिकेटर ने कहा कि वह अपनी शादी के बाद पत्नी के साथ लम्बी छुट्टी पर नहीं गए हैं। उन्होंने कहा, रणजी खिताब जीतना हमारे लिए एक मिशन की तरह था। चूंकि अब यह मिशन पूरा हो गया है। लिहाजा मैं जुलाई में खेल से 10-20 दिन का विराम लेकर परिवार के साथ वक्त बिताऊंगा। मध्यप्रदेश के कप्तान ने कोच पंडित को मुश्किल कामों को अंजाम देने में माहिर बताते हुए कहा, सख्त अनुशासन पसंद करने वाले कोच की अगुवाई में हमारे लिए हर चीज काफी व्यवस्थित थी।

### विजय के नायकों का राज्य वापसी पर जोरदार स्वागत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पहला रणजी खिताब जीतने वाली राज्य की टीम का सोमवार रात इंदौर में जोरदार स्वागत किया गया। आदित्य श्रीवास्तव की अगुवाई वाली टीम ने 41 बार रणजी चैंपियन रह चुकी मुंबई टीम को घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े मुकाबले में रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पटखनी देकर इतिहास रचा था। चश्मदीदों ने बताया कि इंदौर लौटी मध्यप्रदेश की विजेता टीम तथा इसके पहले रणजी खिताब के प्रमुख शिल्पकार कोच चंद्रकांत पंडित को हवाई अड्डे पर फूल मालाएं पहनाई गईं और उन्हें मिठाई खिलाकर इस जीत का जश्न मनाया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर, भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे। मध्यप्रदेश की पहली रणजी विजय के नायकों को फूल मालाओं से सजी एक बस के जरिए होलकर स्टेडियम स्थित एमपीसीए मुख्यालय ले जाया गया। टीम के स्टेडियम पहुंचते ही आतिशबाजी की गई और कोच व खिलाड़ियों पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। इस दौरान एमपीसीए के सदस्य ढोल की थाप पर थिरकते दिखाई दिए। होलकर स्टेडियम पहुंचने से पहले, टीम ने शहर के खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

# जोकोविच ने जीत के साथ शुरू किया विम्बलडन का अभियान

**भाषा।** लंदन

शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को यहां क्वोन सून-वू के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान को शुरू किया। एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के जोकोविच ने सेंटर कोर्ट में दो घंटे 27 मिनट तक चले पुरुष एकल मैच में कोरिया के सून-वू को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 शिकस्त दी। रैंकिंग में 81वें स्थान पर काबिज कोरिया के खिलाड़ी ने तीन बार के गत विजेता को दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। लेकिन अपना सातवां विम्बलडन खिताब जीतने उतरे जोकोविच ने इसके बाद सून-वू को वापसी का मौका नहीं दिया। ऑल इंग्लैंड क्लब में जोकोविच की यह 80वीं जीत है और वह चारों ग्रैंड स्लैम में 80 या इससे अधिक मैच जीतने वाले पुरुष और महिला वर्ग के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले साल फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार के बाद जोकोविच का यह पहला मुकाबला था। फ्रेंच ओपन के उपविजेता कैसपर रूड को अलबर्ट रामोस विनोलास से शुरुआती दो सेट में कड़ी टक्कर मिली लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त नार्वे के खिलाड़ी ने 7-6, 7-6, 6-2 से जीत दर्ज की। इसके अलावा पुरुषों के ड्रा में, ब्रिटेन के कैम नोरी, जॉर्जिया के निकोलोज

● ब्योर और एलिसन रिस्के भी दूसरे दौर में

बेसिलाशविली, अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो और टॉमी पॉल भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त औंस जब्योर और एलिसन रिस्के भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। अमेरिका की 28वीं वरीयता प्राप्त रिस्के ने स्विट्जरलैंड की यलेना इन-अलबोन को आसानी से 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। ट्यूनिशिया की जब्योर ने स्वीडन की क्वालीफायर खिलाड़ी मिर्जम ब्योर्कलुंड को एकतरफा मैच में 6-।, 6-3 से



हराया। रैंकिंग में 29वें पायदान पर काबिज यूक्रेन की अनहेलीना कलिनिना ने अन्ना बोंदर को 4-6, 6-2, 6-4 से हराया। दूसरे दौर में उनके सामने हमवतन लेसिआ सुरेंको की चुनौती होगी। सुरेंको ने स्थानीय खिलाड़ी जोडी अन्ना बरेज को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया।

### खिलाड़ियों का चयन सिर्फ स्कोर की तुलना करना जितना सामान्य नहीं : उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए खिलाड़ियों का चयन कई कारकों पर निर्भर करता है और यह व्यक्तिगत प्रदर्शन के स्कोर की तुलना करना जितना सामान्य नहीं है। अदालत ने कहा कि चयन प्रक्रिया को लेकर दायर होने वाले मामलों से खिलाड़ियों की तैयारी और प्रदर्शन बाधित और प्रभावित हो सकता है। देश की राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में जगह नहीं मिलने के खिलाफ टेबल टेनिस खिलाड़ियों मानुष शाह और स्वस्तिका घोष की याचिका खारिज कर अदालत ने जोर देते हुए कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करने और भाग लेने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक खिलाड़ी के पास शारीरिक और साथ ही मानसिक और भावनात्मक मजबूती और चपलता होनी चाहिए और इस प्रकार यह महत्वपूर्ण है कि उनके दिमाग में कोई अनिश्चितता नहीं होनी चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने आग्रह किया था कि राष्ट्रमंडल खेल 2022 के लिए टेबल टेनिस टीम के लिए चार चयनित खिलाड़ियों की सूची में उनके नाम शामिल करने का भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) को निर्देश दिया जाए।

### इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को तीसरे टेस्ट में सात विकेट से हराकर क्लीनस्वीप किया

**लीड्स।** जो रूट और जॉनी बेयरस्टो के नाबाद अर्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट की शतकीय साझेदारी से इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को यहां न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। पहला सत्र बारिश की भेंट चढ़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में सिर्फ 15.2 ओवर में जरूरी 113 रन जुटाकर जीत दर्ज की। पूर्व कप्तान जो रूट (नाबाद 86) ने ओली पोप (82) के साथ तीसरे विकेट के लिए 134 और बेयरस्टो (नाबाद 71) के साथ चौथे विकेट के लिए 111 रन की अटूट साझेदारी की। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 183 रन पर से की और पोप का विकेट गंवाने के बाद तीन विकेट पर 296 रन बनाकर जीत दर्ज की। पोप को टिम साउथी ने बोल्ड किया। उन्होंने 108 गेंद का सामना करते हुए 12 चौके मारे। रूट ने दिन की शुरुआत 55 जबकि पोप ने 81 रन से की। इंग्लैंड ने दिन की पांचवीं गेंद पर ही पोप का विकेट गंवा दिया।

### रोहित शर्मा को टी20 की कप्तानी से फारिग किया जा सकता है : सहवाग

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि रोहित शर्मा को टी20 टीम की कप्तानी से आराम दिया जा सकता है ताकि वह अपने कार्यभार का बेहतर प्रबंधन कर सकें। रोहित कप्तान बनने के बाद से चोटों और कार्यभार प्रबंधन के कारण खेल नहीं सके हैं। सहवाग ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा , यदि भारतीय टीम प्रबंधन के जेहन में टी20 कप्तान के तौर पर किसी और का नाम है तो रोहित को उससे फारिग किया जा सकता है। इससे वह कार्यभार प्रबंधन और मानसिक थकान से बेहतर ढंग से निपट सकेगा। खासकर उसकी उम्र को देखते हुए।

# भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सिंधू व प्रणय

● मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन आज से

**भाषा।** कुआलालंपुर



**भारत की स्टार** खिलाड़ी पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया में पहले दौर में मिली हार से उबरने की कोशिश करेंगी जबकि एचएस प्रणय की नजरें प्रदर्शन में निरंतरता बरकरार रखने पर टिकी होंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को इसी महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में चीन की ही बिंग जियाओ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी और वह इस बार से उबरकर थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। सिंधू ने चोचुवोंग के खिलाफ पांच मुकाबलों में जीत दर्ज की है जबकि तीन मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय खिलाड़ी को हालांकि पिछले पांच मैच में तीन बार थाईलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। सिंधू को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने पर चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेई से भिड़ना पड़ सकता है। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल भी सिंधू के हाफ में हैं और वह अपना अभियान अमेरिका की आइरिस वैंग के खिलाफ शुरू करेंगी। इस मुकाबले में जीत दर्ज करने पर उन्हें पूर्व विश्व चैंपियन और जापान की छठी वरीय नोजोमी ओकुहारा से भिड़ना पड़ सकता है। काम के बोझ को देखते हुए साइना ने इंडोनेशिया चरण में हिस्सा नहीं लिया था और वैंग के खिलाफ पिछले साल हुए एकमात्र मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी ने तीन गेम में जीत दर्ज की थी। पुरुष एकल में प्रणय लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और पिछले साल विश्व चैंपियन के बाद से कई टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुके हैं। उन्होंने थॉमस कप में भारत की एतिहासिक खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और फिर जकार्ता में सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। खिताब के पांच साल के सूखे को खत्म करने पर नजरें टिकाए बैठे प्रणय को मलेशिया के अनुभवी डेरेन ल्यू का सामना करना पड़ा जिन्होंने इस साल मई में थाईलैंड ओपन में भारतीय खिलाड़ी को हराया। तोक्यो ओलंपियन बी साई प्रणीत को छठे वरीय इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग जबकि समीर वर्मा को इंडोनेशिया के ही सातवें वरीय जोनाथन क्रिस्टी से पहले दौर में भिड़ना है। चोट के बाद वापसी कर रहे राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक पारुपल्ली कश्यप पहले दौर में कोरिया के हियो क्वांग ही के खिलाफ उतरेंगे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी फिटनेस मुद्दों के कारण पिछले दो टूर्नामेंट से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही है। इस जोड़ी को मैन वेई चोंग और केई

### रोच के 250 विकेट, बांग्लादेश के छह विकेट पर 132 रन

**ग्रोस आइलेट।** केमार रोच के 250 टेस्ट विकेट पूरे हो गए और इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट में पारी से हार को टालने के लिए जूझ रही बांग्लादेश पर तीसरे दिन शिकंजा भी कस लिया है। बांग्लादेश ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर दूसरी पारी के छह विकेट 132 रन पर गंवा दिए थे। अभी भी वह मेजबान के पहली पारी के स्कोर से 42 रन पीछे है। रोच ने पहले दिन विकेट लिए और दूसरी पारी में 10 ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उनके 73 टेस्ट में अब तक 252 विकेट हो गए हैं। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तामिम इकबाल (चार) उनका 250वां शिकार बने जिन्होंने विकेट के पीछे कैच थमाया। रोच अब वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में छठे स्थान पर है।

# ट्रकों की टक्कर में चालक और क्लीनर की मौत, दो घायल

● कानपुर-सागर हाइवे पर गुजेला के पास की है घटना, एक अन्य हादसे में वाइक सवार अधेड़ की गयी जान

संवाददाता। घाटमपुर



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक पायनियर

**रविवार** देर रात कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर बिपरीत दिशा से आ रहे दो ट्रकों टक्कर हो गयी जिससे एक ट्रक के चालक व दूसरे ट्रक के क्लीनर की मौत हो गयी, जबकि एक का चालक व दूसरे का क्लीनर घायल हो गये जिसे सजेती पुलिस इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ हालत गम्भीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हैलट के लिये रिफर कर दिया है। बताया जाता है कि हमीरपुर के रमेड़ी मुहल्ला निवासी राजकुमार ( 33 ) ट्रक लेकर हमीरपुर से कानपुर की ओर जा रहा था ट्रक में आशिफपुत्र लालू निवासी रामपुर सजेती क्लीनर था, अर्ध रात्रि के करीब ट्रक जैसे ही गांव गुजेला के पास पंहुचा कि तभी कानपुर से हमीरपुर की ओर जा रहे खाली ट्रक से सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों का अगला हिस्सा एक दूसरे में चिपक गया। सूचना पर पंहुची सजेती पुलिस ट्रको में फंसे चालकों व क्लीनरों को कड़ी मशक्त के बाद केबिन से निकाल कर सीएचसी भेजा जहाँ डाक्टरों ने रफीक पुत्र ईदू (22 ) निवासी नौबस्ता पश्चिमी घाटमपुर व राजकुमार पुत्र बलबीर ( 35 ) को मृत घोषित कर दिया। जबकि कमरुद्दीन व आशिक को हैलअ रिफर कर दिया है। उधर रबिवार देर रात ही सड़क हादसे की एक अन्य घटना मूसानगर रोड पर गांव हथेरुआ के सामने हुई जिसमें वाइक सवार को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि थाना सजेती क्षेत्र के गांव मकरंन्दपुर निवासी महेंन्द्र निषाद ( 55 ) रबिवार शांम घाटमपुर के मुहलला अशोक नगर दक्षिणी ( गोपालपुर रोड) निवासी अपने एक मित्र के यहाँ आयोजित मंगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था, बताते हैं कार्यक्रम खत्म होने के बाद महेंन्द्र वापस गांव मकरंन्दपुर लौट रहा था कि देर रात्रि करीब 9.30 बजे जैसे ही वो हथेरुआ गांव के सामने स्थित एक ढ़ाबे के पास पंहुचा कि तभी भोगनीपुर से घाटमपुर की ओर बा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, हादसे में वाइक चकनाचूर हो गयी, और महेंन्द्र की मोके पर मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर चौकी इन्चार्ज जाजपुर केके कश्यप पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पुहंचे तथा शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। चौकी इंन्चार्ज केके कश्यप ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्ट मार्ट के लिये भेजा गया है।

# नवागत एसपी के न आने से फरियादी मायूस होकर लौटे

● नाबालिग गैंगरेप पीड़िता ने पिता के साथ सीओ से लगायी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद के** रूरा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हुयी गैंग रेप की घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये एसपी के यहॉ गुहार लगाने गयी पीडिता व उसका पिता निराश लौटे। पीडित पक्ष ने सीओ के यहॉ शिकायत कर आरोपियों की गिरफ्तारी व माननीय न्यायालय में बयान दर्ज कराने की मॉग की है।

पीडिता के पिता ने बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री के साथ विगत 17 जून को तीन लोगों ने सामूहिक रूप से दुष्कर्म की घटना को अँजाम दिया था। मेरी शिकायत पर रूरा थाने में 20 जून को गैंगरेप, पास्को सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था।

घटना के 10 दिन बीतने के बाद भी आरोपी पकडे नहीं गये है, आरोपी व उसके परिजन खुलेआम मुझे व मेरी पुत्री को जान माल की धमकी दे रहे है। सोमवार को नवॉगुतक एसपी सुनीति से न्याय की आस लिये एसपी आफिस अपनी पीडित पुत्री के साथ आया था, परन्तु एसपी के चार्ज न सँभालने पर सीओ से न्याय की गुहार लगायी है। सीओ प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि रूरा पुलिस को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी प्रकार रूरा थाना क्षेत्र के ही गहोलिया व रेरी गॉव से पास्को व छेडखानी के पीडित पक्ष एसपी के कार्यभार न ग्रहण न करने से न्याय प्राप्त न होने पर निराश हो वापस लौट गये।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर में काफी समय से बीमार चल रहे 40 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। जिस पर पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बड़नपुर गांव निवासी स्व. चतुरा प्रसाद का पुत्र सोनापति शराब पीने का आदी था। लगभग छह माह से बीमार चल रहा था। जिसका इलाज भी चल रहा था। बीती रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भतीजे हरिश्चंद्र उर्फ गुडडू पुत्र दिनेश प्रसाद ने दी है।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

● बाढ़ संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण करें लापरवाही पर होगी कार्यवाहीः डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात



डीएम नेहा जैन बाढ पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक करती हुयी

**जिलाधिकारी** नेहा जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिलों में बाढ़ राहत बचाव के मद्देनजर उपलब्ध संसाधनए सामग्री के टेंडरए तटबंधों की सुरक्षाए बचन राहत दल का गठनए सड़कों की मरम्मतए संपूर्ति पोर्टल पर बाढ़ प्रभावित परिवारों की सूचीए पशुचारा व दवा की व्यवस्था आदि पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को संभावित बाढ़ आपदा को लेकर सभी तैयारी पूरी कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही सभी उपलब्ध संसाधनों की सूची बना कर जहां अगर किसी चीज की कमी नजर आ रही हैए उसे समय रहते पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। बाढ़ आपदा की तैयारी को लेकर किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगीए जिलाधिकारी ने तहसील भोगनीपुर एवं सिकंदरा क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने.अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवो का सर्वे कर ले तथा संपूर्ण तैयारी पहले से ही पूर्ण कर लेए जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा नाविको का निबंधन करा लेए उनके साथ वार्ता कर ले उनका नंबर एवं सूची तैयार कर लेंए कहीं किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाएए चौकियों का डाटा तैयार कर ली तथा जहां कमी है वहां और चौकियां स्थापित करने हेतु कार्यवाही करेंए अपने.अपने क्षेत्रों में कंट्रोल रूम पहले से ही बनाए जाने की कार्रवाई करेंए इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ताए सभी उप जिला अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश



**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता मिशन की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत समस्त ग्राम वासियों को हर घर नल से जल उपलब्ध कराने हेतु पेयजल योजना निर्माण की कार्यवाही प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित की जाने वाली पेयजल योजनाओं के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश कार्यदाई संस्था को दिया। बैठक मे जिलाधिकारी ने कार्रवाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि शीघ्र डीपीआर तैयार कर परियोजना को पूर्ण करेंए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# विधायक ने बांटे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रमाणपत्र

● सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**बिंदकी/फतेहपुर।** क्षेत्रीय विधायक द्वारा प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना के प्रमाण पत्र लाभार्थियों को दिए गए। इस मौके पर सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और कहां गया कि केंद्र व राज्य सरकार की तमाम लाभकारी योजनाएं चल रही है लोगों को योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

नगर के तहसील रोड स्थित बारात शाला में सोमवार को नगर पालिका परिषद द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बिंदकी क्षेत्र के विधायक तथा पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह जैकी ने प्रधानमंत्री निधि योजना के प्रमाण पत्र लाभार्थियों को सौंपा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जनता के हितों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं उन्हीं में से एक यह योजना है जिसमें छोटे व्यापारी या रोजगार करने वाले को सहायता राशि प्रदान की जाती है जिसके चलते छोटे व्यापारी अपना उद्योग धंधा कर सके और आत्मनिर्भर हो सके। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य तमाम योजनाएं हैं ऐसे लोगों को लाभ लेना चाहिए। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मुन्ना लाल सोनकर ने कहा कि नगर के लगभग 444 लाभार्थियों को इस योजना के तहत लाभ दिया गया है ताकि वह अपना व्यापार ठीक से कर सकें। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी निरूपमा प्रताप ने कहा जो लोग रह गए हैं उन्हें आगे भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के प्रधान लिपिक मनोज कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक रविंद्र कुमार के अलावा बीजेपी नेता कैलाश नारायण शर्मा, शुभम सिंह, संगीता तिवारी, सभासद अनीस डायमंड, कमलेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आपातकाल को भाजयुमो ने काला दिवस के रूप में मनाया

● लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कर कांग्रेस को बताया सत्तालोभी

संवाददाता। फतेहपुर



**भारतीय** जनता युवा मोर्चा द्वारा आज तानाशाह कांग्रेस सरकार द्वारा 25 जून 1975 में लगाए गए आपातकाल के विरोध में पार्टी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन कर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया साथ ही साथ लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस सरकार का कच्चा चिट्ठा मुख्य अतिथियों द्वारा खोला गया। आपातकाल के दिन को काला दिवस के रूप में युवा मोर्चा ने बताया। मुख्य अतिथि के रूप में लोकतंत्र सेनानी मूलचंद सिंह पटेल एवं विमल सिंह ने युवाओं को बताया कि किस प्रकार घरों से लोगों को उठा कर जबरन जेल में ठूंसा जा रहा था, कैसे खेती कर रहे किसान को उठा कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा था, किस प्रकार मूल अधिकारों की हत्या कांग्रेस अपने आप को सत्ता में काबिज रखने के लिए कर रही थी। उन्होंने बताया कि वह एक समय ऐसा था जब केवल इंदिरा गांधी का नाम विरोध में लेने पर ही राष्ट्रद्रोह लग जाया करता था। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे दुर्गेश शुक्ला ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा शक्ति के बल पर ही कांग्रेस मौजूदा समय में अस्तित्व विहीन होने की दिशा में है तथा प्रखर राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत भारतीय जनता पार्टी समाज की सेवा में तत्पर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युवा ही समाज को सही दिशा एवं दशा प्रदान करने में सक्षम है। वहीं जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल ने भी भाजपा ही देशहित के लिए सही है तथा कांग्रेस को घरवाद की पार्टी करार देते हुए भ्रष्टाचारियों का दल बताया। वही जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने बताया कि लोकतंत्र की हत्या का वह काला दिन कभी भुलाया नहीं जा सकता है। यह केवल भारत के लिए ही नहीं अपितु समूचे विश्व में सत्तालोभियों के लिए परिचायक था। वर्तमान समय में प्रखर राष्ट्रवादी युवा शक्ति ही भाजपा के साथ है और आगे भी साथ ही रहेगी। मंच का कुशल एवं सफल संचालन जिला महामंत्री प्रसून तिवारी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कुलदीप मौर्य, जिला उपाध्यक्ष विमलेश पांडे, गौरव अग्रहरी, जिला मंत्री शुभम त्रिपाठी, सुयश अंबेडकर, नीरज यादव, हिमांशु त्रिपाठी, आयुष अग्रहरी, गौरव अग्रहरी, शिवम ओमर, किशन शुक्ला, हिमांशु सिंह, संदीप त्रिवेदी, रोहित मौर्य आदि तमाम युवा साथी मौजूद रहे।

# डॉ. अनुपम के 4.5 करोड़ के गुरु शरणम होटल को कर लिया कुर्क



**फर्रुखाबाद।** बसपा नेता अनुपम दुबे का ठंडी सड़क स्थित गुरु शरणम पैलेस होटल प्रशासन ने सोमवार को कुर्क कर लिया। 4.5 करोड़ के आलीशान होटल में ताले डलवाकर सील लगा दी गई। कार्रवाई के दौरान पूरा इलाका छावनी बना रहा। फतेहगढ के कसरट्टा मोहल्ला निवासी बसपा नेता अनुपम दुबे, मैनपुरी की जेल में इंस्पेक्टर रामनिवास यादव और ठेकेदार शमीम की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। उस पर रासुका, गैंगस्टर समेत 45 मुकदमे दर्ज हैं।

बसपा नेता अनुपम दुबे का ठंडी सड़क स्थित गुरु शरणम पैलेस होटल प्रशासन ने सोमवार को कुर्क कर लिया। 4.5 करोड़ के आलीशान होटल में ताले डलवाकर सील लगा दी गई। कार्रवाई के दौरान पूरा इलाका छावनी बना रहा। फतेहगढ के कसरट्टा मोहल्ला निवासी बसपा नेता अनुपम दुबे, मैनपुरी की जेल में इंस्पेक्टर रामनिवास यादव और ठेकेदार शमीम की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। उस पर रासुका, गैंगस्टर समेत 45 मुकदमे दर्ज हैं।

# गला रेतकर ग्रामीण की निर्मम हत्या

संवाददाता। कायमगंज/फर्रुखाबाद



**खूनी** खेल की यह घटना कोतवाली कायमगंज के गांव रायपुर खास में घटित हुई है। जहां आज सवेरे एक ग्रामीण का गला रेता हुआ रक्त रंजित शव चक मार्ग पर पड़ा पाया गया। इसी गांव के निवासी 35 वर्षीय पप्पू उर्फ रामदास पुत्र रामस्वरूप जाटव की गला काटकर निर्मम हत्या रात में किसी समय कर दी गई। बताया गया है कि मृतक पप्पू शराब पीने का आदी था। बीते दिवस ही वह अपनी बहन मीना पत्नी तेज सिंह के घर कासगंज से लौटकर रायपुर था। मृतक के चाचा दिनेश ने बताया है कि पप्पू उर्फरामदास पिछले काफी समय से अपनी पत्नी नीतू एवं 5 वर्षीय पुत्र के साथ वही कासगंज में रहता था। ग्राम बहलोलपुर एवं रायपुर मार्ग पर स्थित कुंडा के पास चकरोड पर पप्पू का शव मिला। सुबह जब मृतक के चाचा दिनेश अपने खेत पर पानी लगाने जा रहे थे। तब उसने शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना उसने अपने परिजनों को दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गयी। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार मिश्रा एवं सीओ सोहराब आलम तथा मंडी चौकी प्रभारी मय फोर्स के पहुंचे। जहां उन्होंने शव तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने लिए। एसओजी प्रभारी भी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।जहां उन्होंने घटना की परिस्थिति को बारीकी से समझने का प्रयास किया । बताया गया है कि मृतक पप्पू उर्फ रामदास के हिस्से में लगभग 7 बीघा जमीन थी।उसने बहन मीना तथा परिवार के अन्य लोगों ने यह रहते हुए, बड़ी बहन मीरा निवासी बरेली के नाम कुछ जमीन का बैनामा कर दिया था । लगभग 4 वर्ष पूर्व मीरा के नाम यह बैनामा किया गया। दाखिल खारिज ना होने की वजह से 2 बीघा जमीन मृतक ने अपने दो भाइयों के नाम कर दी। इसी बात को लेकर मीरा ने अपने भाई प्रेमचंद्र धनीपाल तथा मृतक के विरुद्ध मुकदमा कर दिया। जिसमें यह लोग जेल भी गए। बताया गया है कि पिछले चार-पांच माह से मृतक अपनी पत्नी नीतू एवं अपने बच्चे के साथ कासगंज वाली बहन मीना के घर रह रहा था ।बीते दिवस ही यह वापस अकेला यहां गांव रायपुर आया था। जिसे शाम के समय खेतों की तरफ परिवार के ही लोगों ने जाते हुए देखा था। और सवेरे उसका रक्त रंजित गला कटा हुआ शव पड़ा मिला।

घटना से चंद कदमों की दूरी पर ग्राम मंसूर नगर है। जहां पर कच्ची शराब का अवैध कारोबार बिना रोक-टोक चलता है। बताया जा रहा है कि शराब पीने के लिए मृतक भी वहां गया था। मृतक का अपने भाइयों से भी जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है । इसी विवाद को लेकर कुछ ग्रामीण आशंका जताते हुए कह रहे थे ,कि कहीं जमीन के विवाद में ही भाइयों ने पप्पू की हत्या कर दी हो । इसी तरह की चर्चाएं वहां जमा भीड़ मे भी हो रही थी । उसके अनुसार लोग कह रहे थे कि पप्पू की हत्या जमीनी विवाद के कारण ही की गई होगी। हत्या किसने की और क्यों की इस बात का सही पता तो निष्पक्ष एवं गहन जांच के बाद ही चल सकेगा ।

## क्विक न्यूज

### लापता युवक का नहीं लगा कोई सुराग

**रूरा, कानपुर देहात।** विगत 17 जून को धर से लापता हुये युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। लापता युवक के परिजनों ने थाने में शिकायत कर पुलिस से बरामदगी की गुहार लगायी है। थाना क्षेत्र के बलेथा गॉव निवासी सुमेर सिंह ने बताया कि उसका भतीजा मनमोहन 17 जून को घर से लापता है, मैंने सभी सॅभावित स्थानों व रिश्तेदारियों में खोजबीन के अलावा रूरा थाने में शिकायत की थी, परन्तु दस बीतने के बाद भी मेरे भतीजे मनमोहन का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि लापता युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है सभी सॅभावित स्थानों पर खोजबीन के प्रयास किये जा है।

### किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**रूरा।** थानाक्षेत्र के सिमरामऊ गांव में एक किसान ने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।वहीं भतीजे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सोमवार को सिमरामऊ गांव के किसान संजय उर्फरामप्रताप सिंह (32) ने घर के कमरे के अंदर छत के कुंडे से गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।वहीं भतीजे विश्वजीत के आने पर घटना की जानकारी मिली ।भतीजे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भतीजे ने पुलिस को बताया कि मृतक घर मे अकेला था।वहीं पत्नी बच्चों को लेकर मायके गई थी ।थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-2 में रविवार की देर शाम साइकिल से घर आ रहे 42 वर्षीय युवक को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दलाबला खेड़ा गांव निवासी चंद्रभान सिंह का पुत्र रूद्रपाल सिंह रविवार की शाम साइकिल से रिश्तेदारी में गया था। वापस लौटते समय जब वह औंग थाने के अंतर्गत एनएच-2 पर पहुंचे उसी समय पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंडन समारोह में आए 38 वर्षीय युवक की हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ओम घाट भिटौरा में नहाते समय डूब जाने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना बिधनू तौडापुर गल्ला मंडी निवासी रामशंकर का पुत्र संजय सविता परिवार सहित थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिश्तेदारी के मुडन समारोह में आया था। बताते हैं कि रविवार की सुबह वापस लौटते समय सभी लोग ओम घाट पहुंच गए तभी गंगा नदी में नहाते समय संजय सविता डूबने लगा। जब तक लोग मौके पर पहुंचे तब तक उसकी गंगा में डूब जाने से मौत हो गई। लगभग एक घंटे बाद गोताखोरों ने शव बरामद किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा सेना भर्ती के लिये लाई गई अग्निपथ योजना के विरुद्ध आज फतेहपुर कि 6 विधानसभाओं में सत्याग्रह आन्दोलकन किया गया। फतेहपुर विधान सभा मे सत्याग्रह का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने धरना देकर योजना का विरोध किया। धरने में जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि यह योजना सेना व युवाओं का मनोबल तोड़ने वाली योजना है। सरकार तत्काल अग्निपथ योजना बन्द कर पुरानी भर्ती से सेना में युवाओं को स्थान दे। उन्हें पेंशन व चिकित्सा सुविधा आदि बहाल करें। आज के धरने की अगुवई जिलाध्यक्ष के साथ शहर अध्यक्ष मोहसिन खान, सुधाकर अवस्थी, संतोष कुमारी शुक्ला, विकास मिश्र, राम शंकर शुक्ल, अमरनाथ कैथल, शिवाकांत तिवारी, चंद्र प्रकाश लोधी, बीरेंद्र सिंह चौहान, संदीप साहू, उदित अवस्थी, राजन तिवारी, कैलाश अवस्थी आदि लोग रहे।

### हिमालया वैलनेस का नया ईक्विटी कैम्पेन

**कानपुर।** वैलनेस ब्रांड्स में से एक हिमालया वैलनेस कंपनी ने एक नया ईक्विटी कैम्पेन लॉन्च किया हैए जो हर आयु समूह के लोगों को सेहत व स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह कैम्पेन वैलनेस इन एवरी होम हैप्पीनेस इन एवरी हार्ट (हर घर में सेहत, हर दिल में खुशी) के हिमालया के उद्देश्य को जीवंत करता है। पिछले नौ दशकों में हिमालया सेहत व स्वास्थ्य के लिए काम कर रहा है, जो पूरी दुनिया के ग्राहक चाहते हैं। इस नए अभियान के बारे में राजेश कृष्णमूर्ति, बिज़नेस डायरेक्टर . कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीज़न हिमालया वैलनेस कंपनी ने कहाए ष् हिमालया में हमारा मानना है कि सेहत में ही असली खुशी है। इस ब्रांड फिल्म स्वस्थ व प्रसन्न जीवन के लिए सेहत के महत्व के प्रति जागरुकता बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। हिमालया ने ग्राहकों के लिए सिर से पैर तक संपूर्ण देखभाल करने के लिए अनेक उत्पादों का अन्वेषण व विकास किया हैए जिससे हर घर में सेहतए हर दिल में खुशी पहुँचाने का हमारा उद्देश्य प्रदर्शित होता है। दामोदरन नायर प्रेसिडेंट एवं हेड ऑफ ऑफिस ने कहाए ष् पिछले कुछ सालों में हम सभी ने स्वास्थ्य और सेहत के महत्व को किसी न किसी रूप में जाना है। हिमालया जैसे ब्रांड के लिए यह समय सही है, जब यह सेहत का प्रणेता बन अपनी 90 सालों से ज्यादा समय की विरासत स्थापित कर रहा है और हमारे दैनिक जीवन में स्वास्थ्य की भूमिका पर बल दे रहा है।

### सात सालों से फरार चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार की सुबह धाता पुलिस ने सात वर्षो से फरार चल रहे शातिर चार अपराधियों को मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा। जिनके खिलाफकानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार धाता कस्बा के नरिहाईपर निवासी अर्जुन पुत्र स्व. नन्ही, भीम सोनकर पुत्र अर्जुन, गुलजार सोनकर पुत्र स्व. बुधिया, बुद्दन सोनकर पुत्र मुन्ना सोनकर सात वर्षो से हत्या का प्रयास, बलवा, वसूली, मारपीट, सेवन सीएल एक्ट के मामले में फरार चल रहे थे। आज सुबह थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह अपने सहयोगी उपनिरीक्षक राहुल कुमार पांडेय, कांस्टेबल सतीश कुमार, प्रभुनारायण, अजीत कुमार व दिलीप सरोज के साथ कस्बे में वांछित अपराधियों की टोह में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कस्बा के समीप रोड किनारे से कहीं भागने की तैयारी कर रहे चारों शातिर अपराधियों को घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। जिनके खिलाफपुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से लोडर में सवार महिलाएं घायल

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** बालक का अन्नप्राशन कराने जा रहीं महिलाओं से भरी लोडर में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर में सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिलाओं को ग्रामीणों ने टेंपो में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गांव जीरागौर निवासी कल्लू के बेटे सूरज का अन्नप्राशन संस्कार कराने परिवार की महिलाएं लोडर से जनपद कन्नौज कोतवाली गुरसहायगंज के गांव मुगौर मडैय्यन जा रही थीं। भटपुरा गांव के मोड़ के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने लोडर में टक्कर मार दी। जिससे उस पर सवार मानसिंह की 51 वर्षीय पत्नी सत्यवती तथा अशोक कुमार की 32 वर्षीय पत्नी मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। उसी दौरान कुछ लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी।

### तीन माह तक तहसील में रखा रहा कुर्की आदेश, डीएम की नाराजगी पर हुई कार्रवाई

**फर्रुखाबाद।** गैंगस्टर के मुकदमे में जिलाधिकारी के जिस आदेश पर बसपा नेता अनुपम दुबे का होटल सोमवार को कुर्क किया गया वह तीन माह पहले जारी हुआ था। जिलाधिकारी ने रविवार रात अचानक कड़ा रुख अपना लिया और तहसीलदार की फटकार लगाई। इसी के बाद रात में ही टीम गठित हुई और दुकान खुलवाकर ताले मंगवाए गए। रसोईघर में रखी खाद्य सामग्री को सील खोलकर निकलवाया गया बाद में रसोई को फिर सील कर दिया गया। ।गैंगस्टर के मुकदमे में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने चार अप्रैल 2022 को अनुपम दुबे की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया थाए लेकिन यह आदेश तहसील में धूल फांकता रहा। पता चला है कि जिलाधिकारी ने कार्रवाई न होने पर देर शाम तहसीलदार से कड़ी नाराजगी जताई। इसके बाद रात में ही कुर्की कार्रवाई के लिए टीम गठित की गईए नए ताले भी मंगवाए गए। होटल का एक.एक कमरा राजस्व कर्मियों व पुलिस ने चेक किया। रसोईघर से गैस सिलिंडर निकलवाकर अलग रखवाए गए। बिजली के सभी स्विच बंद कर दिए गए। रसोईघर में सील लग चुकी थी। इसके बाद बसपा नेता की पत्नी मीनाक्षी दुबे ने कहा कि रसोईघर में रखी खाद्य सामग्री पनीर, मक्खन, आइसक्रीम आदि खराब हो जाएगी। पहले तो तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय ने सील खोलने से मना कर दिया लेकिन बाद में मान गईं। सील खोलकर खाद्य सामग्री बाहर निकलवाकर फिर सील लगा दी गई। टेंट हाउस का सामान भी वाहनों पर लादकर बाहर ले जाया गया। होटल मैनेजर गौरव मिश्रा ने बताया कि फिलहाल विवाह समारोह की बुकिंग नहीं है। कुछ माह बाद की बुकिंग हैं जो निरस्त कर दी जाएंगी।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 28 जून, 2022



# डीएम की अध्यक्षता में हुई शिक्षा बोर्डों के प्रधानाचार्यों की बैठक

संवाददाता। अमेठी



जिले के कॉलेजों के प्रधानाचार्य व प्रबंधकों के साथ बैठक में भाग लेते हुए जिलाधिकारी

**समस्त शिक्षा बो**र्डो के प्रधानाचार्यो की बैठक आज अपरान्ह् 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जिसमें जनपद के समस्त शिक्षा बोर्ड के 314 विद्यालयों के सापेक्ष 286 विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा 28 विद्यालयों के प्रधानाचार्य प्रतिनिधि ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित समस्त शिक्षा बोर्ड के प्रधानाचार्यो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लागू की गयी सभी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण/पिछ?ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सरकार की योजनाओं के सम्बन्ध में मुख्य रूप से बेटी बचाओ-बेटी प?ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मिशन शक्ति, इन्सपायर अवार्ड योजना, छात्रवृत्ति से सम्बन्धित योजनाओं प्रोजेक्ट अलंकार, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान आदि के सम्बन्ध में विस्तृतत जानकारी दी गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभाग की समस्त योजनाओं के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए सरकार के अन्य कार्यक्रम ''हर घर तिरंगा'' 11 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2022 तक फहराये जाने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समस्त प्रधानाचार्यो को निर्देश दिया गया, साथ ही विभाग की समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सम्बन्ध में अपने विद्यालय के समस्त शिक्षकों के माध्यम से छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को अवगत कराने पर जोर दिया गया तथा यह भी निर्देशित किया गया कि प्रधानाचार्य एवं शिक्षक इन सभी योजनाओं को आत्मसात करते हुए अपनी दैनिक गतिविधियों में शामिल करते हुए प्रार्थना सभा एवं अतिरिक्त कक्षा में समस्त छात्र/छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त जिला विद्यालय निरीक्षक, अमेठी द्वारा अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात समस्त शिक्षा बोर्डो के प्रधानाचार्यो की संगोष्ठी कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 30 जून तक केवाईसी न कराने वालों के खाते में नहीं आयेगी पेंशन

संवाददाता। तिलोई,अमेठी

**30जून तक** केवाईसी न कराने वाले किसान व बृद्धावस्था पेंशन धारकों के खाते में पेंशन की जुलाई में किस्त नहीं आयेगी यह जानकारी समाज कल्याण के प्रभारी सहायक विकास अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने दी। एडीओ समाज कल्याण ने बताया कि तिलोई में ऐसे पेंशन धारकों की संख्या पांच हजार से अधिक है सहायक विकास अधिकारी ने कहा है कि सभी लाभार्थी ग्राम पंचायतों में नियुक्त पंचायत सहायक के पास पंचायत भवन में जाकर तीन दिनों में यह कार्य पूर्ण करा लें यदि पंचायत सहायक से केवाईसी कराने में कोई दिक्कत हो तो किसी भी जन सुविधा केंद्र पर जाकर लाभार्थी केवाईसी करा सकते हैं केवाईसी के लिए अधार कार्ड,पासबुक लेकर जनसुविधा केंद्र या गांव के पंचायत भवन पर पंचायत सहायक के पास जाना होगा।

# रोजगार मेला व कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का किया गया आयोजन

संवाददाता। अमेठी

**प्रभारी जिला** सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि आज सोमवार को सोशल डिस्टेसिंग को ध्यान में रखते हुए रोजगार मेला एवं कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी द्वारा किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को सम्बोधित कर बताया कि विश्व सम्भावनाओं से परिपूर्ण है, रोज नये-नये कॅरियर विकल्पों का आगाज हो रहा है। उन्होंने बताया आपकी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यह है कि अपने कौशल व अभिरूचि के अनुसार कॅरियर का चुनाव करें, यहाँ मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। इस सम्बन्ध में नियोजकों से संवाद करें व सेवा शर्तो के बारे में पता करें तथा उसी नियोजक के यहाँ चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सके। उन्होंने बताया रोजगार मेले में कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी की सेवा शर्तो के बारे में जानकारी दी गयी तथा आयोजित रोजगार मेले में 03 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी जिसमें 152 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु कुल 81 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 द्वारा 20, पूजा इलेक्ट्रानिक्स द्वारा 25 व वर्द्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड द्वारा 36 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आयोजित रोजगार मेले में प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी अनुपमा रानी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज अमेठी के प्रधानाचार्य मनीष पाल, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र/जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजीव कुमार पाठक व एम0जी0एन0एफ0 मनीष कुमार गुप्ता द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।


काउंसलिंग के लिए लाइन में लगे अभ्यर्थी गण

## क्विक न्यूज

### किशोर गंभीर रूप से घायल

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे लल्लू पांडेय मजरे खरौली गाँव में आम तोड़ते वक्त पेड़ से गिरकर एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गाँव निवासी राकेश कुमार का बेटा आदित्य कुमार 13 वर्ष घर से कुछ दूरी पर एक बाग में सोमवार की दोपहर आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वो नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि घायल अवस्था में युवक सीएचसी आया था जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है

### केन्द्र सरकार की योजना अग्निपथ के विरोध में कांग्रेसियों ने सत्याग्रह किया

**ऊंचाहार।** क्षेत्र के चंडरई चौराहे पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवाहन पर केन्द्र सरकार की योजना अग्निपथ के विरोध में कांग्रेसियों ने सत्याग्रह आन्दोलन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि मोदी सरकार अग्निपथ योजना के नाम पर नौजवानों को गुमराह करने का काम कर रही है,जैसे और विभागों में संविदा कर्मी के नाम पर सरकारी भर्ती करती है,उसी तरह अब मोदी सरकार देश के नौजवानों को 4 साल के लिए संविदाकर्मी की तरह सेना में भर्ती करने का काम कर रही है,जो पूरी तरह से देश के नौजवानों के साथ एक धोखा है,छलावा है।श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार से सिर्फ़कांग्रेस पार्टी ही लड़ सकती है।मोदी सरकार द्वारा ईडी के माध्यम से राहुल गांधी जी को परेशान किया जा रहा है।कांग्रेस पार्टी के करोड़ो कार्यकर्ता किसी से डरने वाले नही है।वहीं इस आंदोलन की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कांग्रेसी बाबा भीखम सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार आर्मी को खत्म करने का काम कर रही है,देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है।इसके अलावा आयोजित सत्याग्रह आन्दोलन को वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडेय,ब्लॉक अध्यक्ष शम्भू शरण पाल,,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मेहंदी हसन,शैलेंद्र सिंह आदि लोगों ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर प्रमुख रुप से रामदत्त पांडेय,आनंद तिवारी, मो अनवर, यूथ कांग्रेस नेता साजू नकवी, रेखा विश्वकर्मा, मो आजम, राकेश यादव, विमलेंद्र बाजपेयी, जयमल सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध अवस्था में नहर में मिला अधेड़ का शव

**लालगंज-रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरेपांडेय गांव के रहने वाले एक अधेड़ व्यक्ति का शव नहर की पुलिया के समीप पानी से बरामद हुआ है। परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस ने श्मामला दर्ज कर शव को विच्छेदन के लिए जिलाचिकित्सालय भेज दिया है। बताया गया है कि पांडेय का पुरवा निवासी रामबालक सिंह (50) शाम को घर से निकले थे और दोसड़का स्थित बाजार आये थे। रात में वे घर नहीं पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि नहर की पुलिया के पास थोड़े से पानी में ही उनका शव पड़ा था। लोगों का मानना है कि यह शराब के नशे में गिर गये और रात भर पड़े होने के कारण उनकी मौत हो गयी। सुबह लोगों ने उनके शव को देख पुलिस को इत्तला दी। घटना की सूचना पर गांव के ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया।

### बाइकसवार अधेड़ समेत दो लोग घायल

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर पूरे किशुनी मोड़ के पास दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार अधेड़ समेत दो लोग घायल हो गये, जिसमें गंभीर रूप से घायल अधेड़ को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्षेत्र के हरबन्धन पुर गाँव निवासी मनोज कुमार मिश्रा 48 वर्ष सोमवार की दोपहर बाद बाइक से एनटीपीसी प्लांट में ड्यूटी के लिए जा रहे थे तभी पूरे किशुनी मोड़ के पास अनिल कुमार सरोज 22 वर्ष पुत्र अर्जुन कुमार निवासी मनार बाला का पुरवा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ की बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गये, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मनोज कुमार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोग सीएचसी आये थे जिसमें एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## गला रेतने का मामला

# 36 घंटे बाद भाई ने दो लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी

संवाददाता। ऊंचाहार (रायबरेली)

**युवक को** घर से बुलाकर शराब पीने के बहाने उसका गला रेत दिए जाने के मामले में 36 घंटे बाद भाई ने दो लोगों को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर दी है । उधर घायल का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है और वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है ज्ञात हो कि कोतवाली क्षेत्र के हटवा गांव निवासी युवक लालबहादुर को शनिवार की रात दो लोग बुलाकर ले गए थे । जहां उसको शराब पिलाने के बाद उसका गला रेत दिया गया था और हमलावर भाग गए थे । घटना के बाद घायल युवक किसी तरह अपने घर पहुंचा था । उसको लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है । जहां उसका इलाज चल रहा है और युवक अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है । इधर घटना के 36 घंटे बाद घायल युवक के भाई राजेंद्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी है । जिसमे अभिषेक कुमार निवासी खौसनहा मजरे सूची थाना सलोन और नत्थू निवासी पूरे भीखा मजरे सराय दामू थाना भदोखर को नामजद किया गया है । तहरीर में घटना के कारण का उल्लेख नहीं किया गया है ।

### आशनाई है असली वजह

तहरीर में घटना के कारण का उल्लेख नहीं है , किंतु घटना के मूल में आशनाई है । पुलिस पूरे मामले की तह तक पहुंच चुकी है । इसीलिए 36 घंटे तक मामले में टाल मटोल करने के बाद पुलिस ने मनमाफिक तहरीर घायल के भाई से लिखवाई है । बताता जाता है कि एक लड़की से घायल युवक से संबंध है । जिसको लेकर उसका अपनी पत्नी से भी विवाद हुआ था और कुछ पूर्व उसकी पत्नी परेशान होकर दिल्ली चली गई थी । घटना में जिन दो लोगों को आरोपित किया गया है , वह भी उसी लड़की के आशिक बताए जा रहें है । लड़की को लेकर ही यह घटना हुई है । अब पुलिस इस मामले की कहानी अपने मुताबिक गढ़कर खुलासा करेगी । सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि घटना में जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। हमलावरों को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा ।

# उमस भरी भीषण गर्मी के चलते विद्यालय में सुलेख लिखते समय छात्र हुआ अचेत

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली



**शिवगढ़ क्षेत्र** के कम्पोजिट विद्यालय बेड़ारु में उस समय अफरा तफरी मच गई जब कक्षा चार का छात्र उमस भरी भीषण गर्मी के चलते सुलेख लिखते समय अचानक गिरकर अतेत हो गया। गौरतलब हो कि सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय बेड़ारु में शिक्षक शिक्षण कार्य करा रहे थे। जिसके अंतर्गत कक्षा चार के बच्चे सुलेख लिख रहे थे तभी प्रात: साढ़े 8 बजे सुलेख लिखते समय अचानक उमस भरी भीषण गर्मी के चलते कक्षा चार का छात्र अभिषेक कुमार पुत्र उमाशंकर अचानक गिरकर अचेत हो गया। जिसे देखकर स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चे का मुंह धुलाया किंतु कोई फायदा नहीं हुआ,जिससे शिक्षक घबरा गये। मामले को गम्भीरता से लेते हुए विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आनंद कुमार शुक्ला ने छात्र के घर में सूचना देने के साथ ही बच्चे को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 नम्बर डायल कर एंबुलेंस बुला ली। सूचना मिलने के कुछ ही देर बाद एंबुलेंस विद्यालय पहुंच गई। विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रविशंकर ने बच्चे को गोदी में उठाकर उसे एंबुलेंस में लिटाया और परिजनों के सहयोग से बच्चे को अचेत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया। जहां करीब 2 घंटे तक चले इलाज के बाद पूरी तरह से होश में आए बच्चे को दवाएं देकर परिजनों के साथ उसे घर भेज दिया गया। बच्चे के स्वास्थ्य के विषय में जब सीएचसी अधीक्षक डॉ.अमित सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गर्मी के चलते बच्चे का अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ था बच्चे की हालत में सुधार हुआ है जिसे दवाएं देकर घर भेज दिया गया है। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि लाइट नहीं आ रही थी जिसके चलते बच्चे उमस भरी गर्मी से व्याकुल थे। छात्र अभिषेक कुमार को अचेत अवस्था में देखकर उसका मुंह धुलाया गया किंतु उसे होश नही आया। जिसके बाद एंबुलेंस बुलाकर बच्चे को अस्पताल भेजा गया।

# नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में नामित सदस्यों से परहेज

संवाददाता। डलमऊ



**रायबरेली नगर** पंचायत डलमऊ बीते दिनों में नई नई परिभाषा लिखने की आतुरता में दिखाई पड़ रही है जहां बोर्ड की महत्त्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सदस्यों का बहिष्कृत कर दिया गया जबकि नामित सदस्य सुधीर जायसवाल के कथनानुसार ऐसा कोई आदेश शासन द्वारा पारित नही किया गया.इसी क्रम में नामित सभासद सुधीर जायसवाल ने उपजिलाधिकारी डलमऊ द्वारा जिलाधिकारी रायबरेली को ज्ञापन देकर बोर्ड बैठक में पारित कार्यवृति पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए बताया की दिनांक 4 जून 2022 को बोर्ड की बैठक संपन्न की गई जिसमें सभी नामित सभासदों को नगर पंचायत कार्यालय द्वारा बैठक संबंधित कोई सूचना नही दी गई समाचार पत्रों में बैठक से संबंधित विवरण प्रकाशित होने पर उक्त प्रकरण जानकारी में आई इस संदर्भ में जब नगर पंचायत अध्यक्ष से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि सभी नामित सभासद का कार्यकाल सरकार द्वारा समाप्त कर दिया गया है इस संबंध में उच्च अधिकारियों से दूर भाग द्वारा वार्ता की गई जहां अधिकारियों ने अवगत कराया ऐसा कोई आदेश सरकार द्वारा पारित नहीं किया गया है एवं नगर पंचायत द्वारा उठाया गया कदम व्यक्तिगत है इसी के सापेक्ष दिए गए ज्ञापन में नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ के खिलाफ72 घंटे के अंदर जांच करा कर विज्ञापन व बोर्ड की बैठक काव्य व्यक्तिगत रूप से वसूलने की मांग की है जांच ना होने की स्थिति में सभी नामित सभासद निर्धारित समय के पश्चात आंदोलनात्मक कार्यवाही करने को बाध्य होंगे.इस प्रकरण पर अधिषासी अधिकारी ने बताया कि शासनादेश संबंधी कोई जानकारी हमारे पास नही है ।

# एनटीपीसी में कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। ऊंचाहार



**एनटीपीसी परियोजना** न केवल ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही है। साथ ही साथ भारत सरकार के कौशल विकास मिशन से प्रभावित होकर परियोजना के आसपास के गांवों एवं परियोजना परिसर के विभिन्न समूहों के कौशल को निखारने का अभिनव प्रयास कर रही है। हाल ही में आसपास के गांवों की प्रतिभाशाली बालिकाओं को सशक्तिकरण अभियान के तहत जहां उनके कौशल को निखारकर उन्हें बुलंदी के नए पंख दिए वहीं इस समय आवासीय परिसर के बच्चों, महिलाओं तथा कर्मचारियों के लिए थिएटर एवं डांस कार्यशाला संचालित की जा रही है। एक पखवाड़े के लिए संचालित इस कार्यशाला को चार चरणों में बांटा गया है, जिसमें विशेषज्ञ फैकल्टी के द्वारा छोटे तथा बड़े बच्चों के दो समूहों के साथ-साथ महिलाओं व कर्मचारियों के समूह बनाए गए हैं। इन समूहों को बॉलीवुड डांस के साथ-साथ नृत्य की विविध कलाओं से पारंगत किया जा रहा है। मानव संसाधन विभाग की प्रमुख वंदना चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित हुए कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुतीकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे उनकी प्रशिक्षण दक्षता उभरकर सामने आएगी। श्रीमती चतुर्वेदी ने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यशाला में प्रशिक्षित हुए कलाकारों को नृत्य के क्षेत्र में भी अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा को भी प्रदर्शित करने का एक अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि इस कार्यशाला से ज्यादा-से-ज्यादा लाभ लें तथा अपने अंदर छिपी प्रतिभा को भरपूर अवसर उपलब्ध कराएं। वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) मेघा घई ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान1 से 31 जुलाई तक, सभी तैयारियां पूरी

संवाददाता। अमेठी

**जिले में 01** जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 जुलाई के मध्य दस्तक अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई है उक्त जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी भिखुल्लाह ने दी।

उन्होंने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनपद की 1820 आशा डोर टू डोर जाकर लोगो के स्वास्थ्य की जानकारी लेगी, एवं टीबी की जांच भी करेगी। उन्होंने बताया कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के विरुद्ध ल?ाई जारी है। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे ब?ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 01 से 31 जुलाई, 2022 तक संचालित किया जाएगा।इस दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम यथावत संचालित किया जाएगा। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाएगा। निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य करेगी और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे जांच व इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र रेफेर किया जाएगा। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा । साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग व शुद्ध पेयजल के लिए लगातार कार्य किया जायेगा। संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों, नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में नगर विकास, पंचायतीराज, आई0सी0डी0एस0, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना का संक्रमण कमजोर हुआ है, लेकिन समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए पूरी सतर्कता और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। एवं कोरोना गाइडलाइन का पूरा पालन किया जाएगा।

# अग्निपथ के विरोध में कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह




संवाददाता। गौरीगंज,अमेठी

**जिले में** अग्निपथ के विरोध में कांग्रेसियों ने कांग्रेस कार्यालय में सत्याग्रह आंदोलन किया। सत्याग्रह में पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अग्निपथ के विरोध में नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा सरकार के इस फैसले से युवाओ के मनोबल पर बहुत बुरा प्रभाव प ? रहा है।हम सरकार के इस फैसले का विरोध करते हैं।जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय गौरीगंज पर आज जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में अग्निपथ के विरोध में सत्याग्रह का आंदोलन किया गया। कांग्रेसियों ने सत्याग्रह के आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए जमकर नारेबाजी की। सैक?ों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में प्रदर्शन में किया। जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि यह जो सरकार ने अग्निपथ योजना लागू की है इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रही है। ये युवाओं के लिए जो चार साल सेना में भर्ती कर रही है यह ठीक नही है। इससे जो नौजवान हैं उनका मनोबल गिरेगा। हम इसका विरोध करते हैं।अग्निपथ योजना जो मोदी सरकार द्वारा लाई गई है। देश के भविष्य और नव युवको के साथ इतना बड़ा अन्याय किया गया है जिसकी कोई सीमा नही है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्र अपने साथियों के साथ गौरीगंज में जामों तिराहे पर धरने पर बैठे और योजना का विरोध किया ᳮ श्री मिश्र ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नौजवानो के साथ खड़ी हैं और इस न्याय की लड़ाई को आर-पार लड़ने के मूड में है। कांग्रेस पार्टी चाहती है कि जिस तरह पहले सेना में नौकरी दी जाती थी और रिटायरमेंट होता था। वही प्रोसीजर चलता रहे जिससे देश सीमा और सेना दुरुस्त रहे और देश सुरक्षित रहे।

## अग्निपथ योजना के विरोध में राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर कांग्रेस पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन

**बछरावां रायबरेली** । जहां एक तरफसंपूर्ण राष्ट्र में विभिन्न विपक्षी दलों एवं संगठनों द्वारा सरकार द्वारा सैन्य बल में सैनिक भर्ती के लिए शुरू की गई अग्निपथ योजना का विरोध किया जा रहा है। वही दूसरी तरफबछरावां विकासखंड ब्लॉक परिसर में राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में अग्निपथ योजना के विरोध में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किया गया धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक ढंग से किया गया। उक्त धरने में जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह चौधरी, विधानसभा के प्रत्याशी एवं उत्तर प्रदेश महासचिव सुशील पासी, जिला सचिव कृपा शंकर शुक्ला, दिनेश यादव शिवगढ़, जिला सचिव संतोष पासी, महाराजगंज ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, ब्लॉक उपाध्यक्ष नीरज अवस्थी, ब्लॉक महामंत्री अवनीश बाजपेई, ब्लॉक सचिव कुसुम कोरी सहित समस्त न्याय पंचायतों के अध्यक्ष गण,

# ये करते रहे हेरफेर और भटकते रहे मजदूर

संवाददाता। बस्ती

● बस्ती में निकली मनरेगा श्रमिकों को 100 दिन रोजगार देने की हवा ● श्रमिक पांच लाख चार हजार से अधिक, रोजगार मिला 13442 को ● खर्च हो गए दो अरब 61 करोड़ चार लाख से अधिक ● जिले के मात्र 3.75 फीसद श्रमिकों को ही मिला 100 दिन का काम ● फर्जी जॉब कार्ड ने छीन लिया लोगों का रोजगार ● काम का तो विस्तार हुआ मगर इसका कोटा नहीं हुआ जारी, पलायन कर गए श्रमिक

**...सवाल** उठ रहा है, जिस जिले में मनरेगा के पांच लाख चार हजार से अधिक श्रमिक पंजीकृत है, उसे जिले के मात्र 13442 श्रमिकों को ही 100 दिन का रोजगार मिला, जब कि सरकार हर पंजीकृत श्रमिक को साल में 100 दिन के रोजगार देने की गांरटी देती है। श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार मिल सके, इसी लिए सरकार ने योजना का नाम महात्मा गांधी राष्टीय रोजगार गारंटी अधिनियम रखा है। सवाल इस योजना के उन जिम्मेदारों के लिए हैं, कि काम का विस्तार से हुआ, मगर श्रमिकों को काम क्यों नहीं मिला? अगर नहीं मिला तो उन लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, जिनके जिम्मे 100 दिन रोजगार देने की जिम्मेदारी है? सीधा सा जबाव है, कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिम्मेदारों ने 100 दिन के रोजगार दिलाने में दिलचस्पी लेने के बजाए उनमें अधिक रुचि ली जिसके जरिए अधिक से अधिक भ्रष्टाचार किया जा सके, तभी तो इस जिले को भ्रष्टाचार में अव्वल और 100 दिन का रोजगार देने में फिसड्डी कहा जाता है। हैरान करने वाली है, कि सरकार ने इस योजना पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में दो अरब 61 करोड़ चार लाख से अधिक खर्च कर दिया, मगर 3.75 फीसद श्रमिकों को ही 100 दिन का रोजगार मिल सका। यही कारण है, कि सैकड़ों श्रमिकों को रोजगार के लिए गांव से पलायन करना पड़ा, जब यह योजना श्रमिकों के पलायन को रोकने के लिए ही बनी है। किसी भी बीडीओ, सेक्रेटरी, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक और प्रधानों को इस बात की जरा भी चिंता नहीं रहता कि उसके ब्लॉक या फिर गांव से श्रमिक पलायन कर रहे है। इन लोगों को इस बात की चिंता रहती है, कि कैसे उनकी कार्ययोजना मंजूर हो और कैसे उस कार्य योजना के सहारे सरकारी धन की लूट की जा सके। जिस तरह जिले में फर्जी जॉब कार्ड की बाढ़ आई हैं, एक अपुष्ट आकड़े के मुताबिक जिले में लगभग दो लाख फर्जी जॉब कार्ड रन कर रहे हैं, और इसके लिए ब्लॉकों में मानदेय पर कार्यरत् कम्प्यूटर आपरेटरों को प्रधानों से अधिक जिम्मेदार माना जा रहा है। एक तरह इन लोगों ने जिले को भ्रष्टाचार में झोंकने का काम अपने लाभ के लिए किया, चूंकि अभी तक एक भी आपरेटर के खिलाफ न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही उनका तबादला ही हुआ। षिकायतें इस बात की गवाही दे रही हैं, कि वास्तविक श्रमिकों को काम ही नहीं दिया जा रहा है। जबकि मरे हुए श्रमिक के नाम पर एक-एक साल में 100 दिन से अधिक का मस्टरोल निकला। यहां तक कि जिन श्रमिकों का निधन हुए दो से तीन साल हो गए, उनके नाम पर भी मस्टरोल निकल रहा है, और वह मस्टरोल मृतक श्रमिक की महिला प्रधान निकाल रही है। ऐसे-ऐसे श्रमिकों के नाम कार्ड बना दिए गए, जो गांव और देष तो छोड़ दीजिए विदेष में काम करते है। जाहिर सी बात है, कि ऐसे जिले और यहां के जिम्मेदारों को क्या कहेगें और क्या समझेगें? अब जरा अंदाजा लगाइए अगर एक ग्राम पंचायत में 100 से 150 कार्ड तक हो तो, पूरे ब्लॉक क्षेत्र में कितना होगा? षासन और प्रषासन की ओर से हर योजना के सत्यापन के लिए अभियान चलाया जाता है, मगर अभी तक फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड को निरस्त करने के लिए कोई भी अभियान नहीं चलाया गया। अब आप इसे क्या कहेगें। दावा किया जा रहा है, कि अगर अभियान चल गया तो लगभग एक से डेढ़ लाख फर्जी जॉब कार्ड निरस्त हो सकते हैं, यही वह फर्जी कार्ड हैं, जिसे आधार मानकर प्रधानी और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में करोड़ों खर्च करने को तैयार रहते है। देखा जाए तो ग्राम पंचायतों और क्षेत्र पंचायतों के लिए फर्जी जॉब कार्ड मोटी कमाई कर जरिया बनाता जा रहा है। नियमानुसार एक परिवार में एक ही जॉब कार्ड बनाने का प्राविधान हैं, मगर यहां पर तो पति के नाम अलग पत्नी के नाम अलग-अलग कार्ड बनाए गए। कहा भी जा रहा है, कि अगर मनरेगा जॉब कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कर दिया जाए तो काफी हद तक फर्जीवाड़ा रुक सकता है।

## ग्राम पंचायतों में मची रही मनरेगा में लूट-खसोट

**वित्तीय** वर्ष 2021-22 को मनरेगा में लूट के लिए याद किया जाएगा। आकड़े गवाह है, कि मनरेगा को किस तरह ग्राम पंचायतों ने लूटा। एक साल में दो अरब 61 करोड़ और चार लाख से अधिक खर्च होने के बाद भी श्रमिकों को पलायन करने से नहीं रोका जा सकी। सवाल उठ रहा है, कि आखिर इतनी बड़ी रकम से श्रमिकों और गांव वालों को क्या मिला? देखा जाए तो अधिकतर विकास धरातल पर न होकर कागजों में हुआ। 100 दिन का काम देने वालों में पहले स्थान पर गौर जैसे बड़े ब्लॉक क्षेत्र रहा यहां पर मात्र 154 श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार मिला, जब कि खर्च हुआ दस करोड़ 77 लाख, दूसरे स्थान पर कप्तानगंज का ब्लॉक रहा, यहां पर खर्च हुआ 13.20 और 248 श्रमिकों को 100 दिन का काम मिला। तीसरे स्थान पर हर्रैया रहा खर्च किया 20.17 करोड़, 409 को काम मिला। चौथे स्थान पर सदर रहा, खर्च 9.27 करोड़, काम मिला 454 को, पांचवें स्थान पर साउंघाट रहा खर्च 12.73 करोड़ एवं 483 को काम मिला। छठें स्थान पर कुदरहा रहा खर्च किया 25.78 करोड़ काम 597 को मिला। सातवें स्थान पर रामनगर रहा खर्च 15.86 करोड़ काम 785 को मिला। सबसे अधिक 100 दिन का रोजगार देने वालों में पहले स्थान पर विक्रमजोत रहा खर्च किया 119.49 करोड़ काम मिला 2156 को, दूसरे स्थान पर बनकटी रहा खर्च किया 32.29 करोड़ काम 1807 को मिला, तीसरे स्थान पर सल्टौआ रहा खर्च किया 15.20 करोड़ काम मिला 1557 को, चौथे स्थान पर परसरामपुर रहा खर्च किया 25.41 करोड़ काम मिला 1551 को, पांचवें स्थान पर बहादुरपुर रहा खर्च किया 26.97 करोड़ काम 1300 को मिला। छठें स्थान पर दुबौलिया ब्लॉक रहा खर्च किया 18.08 करोड़ काम मिला 1143 को और सातवें स्थान पर रुधौली ब्लॉक रहा खर्च किया 13.20 करोड़ और 100 दिन का रोजगार 798 को मिला।

# राजकीय जिला पुस्तकालय का शुभारम्भ



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा** स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय का माननीय सलाहकारए पूर्वांचल विकास बोर्डए योजना विभाग उत्तर प्रदेश सरकार साकेत मिश्रा विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेयए जिलाधिकारी नेहा प्रकाशए मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह एवं अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सलाहकार ने उपस्थित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र.छात्राओं से वार्ता कर उनके लक्ष्य के बारे में भी जानकारी ली जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र.छात्राओं के अध्ययन हेतु सलाहकार ने जनपद वासियों से राजकीय जिला पुस्तकालय में पुस्तक दान करने की अपील भी की ताकि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र.छात्राएं ज्ञानार्जन हासिल कर अपने भविष्य को संवार सके। इस अवसर पर सलाहकार ने कहा कि ज्ञान के पुनर्विकास के लिए यह पहला कदम है मुझे आशा है कि सभी छात्र.छात्राएं इसका लाभ लेकर न केवल जीवन में सफलता को प्राप्त करेंगेए साथ ही साथ अच्छे जीवन के लिए मार्गदर्शन भी प्राप्त करेंगे। यह जनपद शिक्षा के क्षेत्र में अन्तिम पायदान पर है। इसलिए उन्होंने जनपद वासियों से अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि बेटों के साथ.साथ बिना भेदभाव अपनी बेटियों को भी शिक्षित कर उन्हें आगे बढावेंए ताकि वे पढ.लिखकर अपने जिले का नाम रोशन कर सके और इससे निश्चित ही शिक्षा के प्रतिशत दर में गुणात्मक सुधार आयेगा और जनपद का चहुंमुखी विकास होगा। पुस्तकालय के संचालन से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र.छात्राओं को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होने यह भी कहा कि बड़े से बड़ा कार्य जनसहयोग से ही सम्पन्न किया जा सकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पुस्तकालय में कंप्यूटर व इंटरनेट की सुविधा हो जाने से यहां आने वाले प्रतियोगी छात्र.छात्राए व अन्य पाठक लाभान्वित होंगे। राजकीय जिला पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों के साथ.साथ हिन्दी एवं अंगेजी साहित्य की पुस्तकें भी उपलब्ध होगी। उन्होने कहा कि जिले में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे ऐसे छात्र.छात्राएं जिनके पास इण्टरनेट की सुविधा नहीं थी। उन छात्र.छात्राओं की समस्या को देखते हुए उन्हें डिजिटल रूप से तैयारी करने हेतु इण्टरनेट से लैस कम्प्यूटरों की भी व्यवस्था की गई हैए ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र.छात्राएं कम्प्यूटर के माध्यम से सभी प्रकार की सूचनाओं से निरन्तर अपडेट रहे। इस दौरान जिलाधिकारी से कई छात्र.छात्राओं ने यू0पी0एस0सी0 की तैयारी के लिए जानकारी मांगी। जिस पर जिलाधिकारी ने उनको बेहतर ढंग से तैयारी करने हेतु टिप्स भी दिये।

# परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करवाने को भटक रही महिला

● प्रधान का काम काज देखने वाले पर लगाया नाम कटवाने का आरोप

**बस्ती।** कुदरहा ब्लॉक का ग्राम पंचायत परेवा कई मायने में अनियमितता का केंद्र बनता जा रहा है। इस गांव की जितनी षिकायत है, षायद उतनी षिकायत अन्य ग्राम की नहीं है। यही वह गांव हैं, जहां पर नाबालिग को बालिग बनाकर डाटा इंटी आपरेटर की फर्जी नियुक्ति कर दिया गया, जांच हुई, उसके बाद प्रधान, खंड षिक्षा अधिकारी, सेक्रेटरी और एडीओ पंचायत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिष की गई। लक्ष्मी देवी पत्नी अनिल कुमार के षिकायत पर डीएम ने कुदरहा के बीडीओ को महिला का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज करने का आदेष दिया। अब यह महिला अपना नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराने के लिए भटक रही है। डीएम को लिखे षिकायत में कहा कि प्रधान का कामकाज देखने ओमप्रकाष नामक व्यक्ति उसका नाम परिवार रजिस्टर से कटवा दिया। कहा कि वह कई बार प्रार्थना पत्र दे चुकी है, मगर उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। तहसील समाधान में भी 18 जून को दिया। उससे कहा जाता है, कि जिस सेक्रेटरी ने नाम काटा वही दर्ज भी करेगा। बताया कि दबाव में उसका नाम सेक्रेटरी परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं कर रहे हैं। कहा कि परिवार रजिस्टर के मकान संख्या 48/2 पर से बिना किसी आदेष के नाम कटवा दिया। बताया कि महिला और अषिक्षित होने का लाभ विरोधी उठा रहे है।

# लामाकामा के साथ डीसी मनरेगा हाल बनकटी के खड़ौवा पहुंच ली जानकारी

● फर्जीवाड़ा देख बीडीओ, एडीओ पंचायत सेक्रेटरी, टीए, रोजगार सेवक और प्रधान को लगाई फटकार

● कहा -अभी तक हमने ऐसा फर्जीवाड़ा नहीं देखा, मची हुई है धन की लूट



खड़ौवा में पंचायत भवन का निरीक्षण करते डीसी मनरेगा पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**विकास** खंड बनकटी के ग्राम पंचायत खड़ौवा में सोमवार को डीसी मनरेगा कमलेष सोनी लामाकामा के साथ पहुंचे। पंचायत भवन और खड़जें को देखा। नाराज डीसी मनरेगा ने बीडीओ, एडीओ पंचायत, प्रधान, सेक्रेटरी, तकनीकी सहायक और रोजगार सेवक को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा फर्जीवाड़ा उन्होंने आजतक नहीं देखा, काम हुआ नहीं और लाखों का भुगतान हो गया, बीडीओ से कहा कि आप लोगों के गांव में न जाने से भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, सेक्रेटरी और प्रधान मिलकर सरकारी धन का जैसा चाह रहे हैं, वैसा दुरुपयोग कर रहे है। गांव वालों ने एक बार फिर डीसी मनरेगा के सामने खुलकर कहा कि बीडीओ और उनकी टीम भ्रष्टाचार को मिटाने के बजाए और बढ़ा रहे है। डीसी मनरेगा पायनियर की खबर को संज्ञान में लेकर जांच करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान षिकायतकर्त्ता आषीष उपाध्याय, अजय कुमार, निरंकार, सुनील, बृजेष, षिवप्रसाद, अनुरोग सहित अन्य मौजूद रहे। गांव वालों ने बताया कि इस ग्राम पंचायत में सरकारी संपत्तियों के तोड़फोड़, तालाब को अवैध रुप से सूखाना, बिजली चोरी करना, फर्जी तरीके से अपने ही परिवार के लोगों को मनरेगा मजदूर बनाकर धन का बंदरबांट करना आम हो गया है। बताया कि एक तरफ सरकार जल संचयन के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही हैं, और इस ग्राम पंचायत में जल जमीन आदि का दोहन किया जा रहा है। षिकायतकर्त्ताओं का कहना है, कि कहना है, कि वह लोग ग्राम पंचायत को भ्रष्टाचार मुक्त कराके ही दम लेगें। मगर षायद वर्तमान बीडीओ के रहते संभव न हो।

## गौरी शुक्ला ने दो दम्पत्तियों के विवादों को सुलझाया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे। साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के क्रम में सोमवार को प्रभारी चौकी रिपोर्टिंग थाना धनघटा उ0नि0 श्रीमती गौरी शुक्ला के नेतृत्व में 02 मामले में लम्बे समय से चल रह रहे विवाद को सफलता पूर्वक निस्तारित करते हुए सुलह समझौता कराकर विवाद का निस्तारण कराया गया। सोमवार को महिला रिपोर्टिंग चौकी धनघटा पर लंबे समय से पति पत्नी और ससुराली जन में चले आ रहे विवाद कंचन पुत्री रामकेश निवासी हैंसर थाना धनघटा व द्वितीय पक्ष ज्ञानदास पुत्री रामकेश निवासी उतरावल थाना कोतवाली खलीलाबाद पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद था। प्रीति द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार प्रभारी रिपोर्टिंग चौकी द्वारा दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाकर दोनों पक्षों के मध्य व्याप्त मनमुटाव को दूर कराते हुए सुलह समझौता कराया गया। प्रियंका पुत्री तिलकधारी निवासी छितौनी थाना धनघटा द्वितीय पक्ष रोहित पुत्र साधू निवासी हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद था।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र के आवास पर पुलिस का पहरा

● तहसीलदार ने लिया ज्ञापन

● अग्निपथ योजना के विरोध में आज कांग्रेसियों का था प्रदर्शन

संवाददाता। संतकबीरनगर



ज्ञापन लेते तहसीलदार पायनियर

**अग्निपथ** योजना के विरोध में प्रदर्शन करके राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन देने की तैयारी कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय को उनके आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ शहर कोतवाल ने घर पर नजर बंद रखा। कोतवाल के काफी मनाने के बाद जिलाध्यक्ष ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए जिलाध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कहा कि अग्निपथ योजना देश युवाओं के भविष्य साथ खिलवाड़ है। ऐसे युवा जो देश की सेवा के लिए अपनी पूरी जवानी कुर्बान करने को तैयार है। मोदी सरकार उनके मनोबल को तोड़ने का काम कर रही हैं हम कांग्रेस के लोग उनके मनोबल को कभी टूटने नहीं देंगे। हम अपनी परंपरा के अनुसार सत्याग्रह केक माध्यम से उनकी लड़ाई राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ते रहेगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले में मेरे कार्यकर्ताओं को जगह-जगह रोका गया हम डरने वाले नहीं है और देशहित में अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। मीडिया प्रभारी सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि अग्निपथ के इस योजना के तहत सेना की भर्ती में बड़े और दूरगामी बदलाव एक साथ किए गए हैं। अग्निवीर नाम इन अस्थाई युवाओं को न तो कोई रैंक दिया जाएगा और न ही चार साल के बाद कोई ग्रेच्युटी या पेंशन तथा चार साल की सेवा समाप्त होने के बाद इनमें से एक चौथाई या उससे भी कम को ही सेना में पक्की नौकरी दी जाएगी। उन्होंने मांग किया है कि किसी भर्ती के लिए आवेदकों से ऐसा हलफनामा लेने की शर्त न रखी जाय जो उन्हें लोकतांत्रिक प्रदर्शन के अधिकार से वंचित करती हो। इस दौरान सुनील कुमार पाण्डेय, विकास पाल, संजय चौरसिया, विजय गुप्ता, फूलचंद यादव, शमशाद, राजीव गोंड, तरंरप खान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पूर्वांचल विकास बोर्ड के सलाहकार ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**श्रावस्ती।** जन-जन के विकास के लिए देश एवं प्रदेश की सरकार प्रतिबद्ध है। जिसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा अनेक जन.कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारकर हर पात्रजनों को लाभान्वित किया जाए। और यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी गरीबए असहाय एवं बेसहारा व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित न रहने पावे। उक्त विचार कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान माननीय सलाहकारए पूर्वांचल विकास बोर्डए योजना विभागए उत्तर प्रदेश सरकार श्री साकेत मिश्रा ने व्यक्त किया। उन्होने जोर देते हुए कहा कि इस जनपद में विकास की अपार संभावनाएं है। जिलाधिकारी ने जो जिले के चहुंमुखी विकास के लिए जो खाका तैयार किया है वो सराहनीय है। भारतवर्ष के महत्वाकांक्षी जनपदों में से जनपद श्रावस्ती को शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान आने पर नीति आयोग द्वारा जिलाधिकारी की सराहना की गई है। इसके लिए जिलाधिकारी निश्चित ही प्रशंसा की पात्र है। इस अवसर पर जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि अशिक्षा देश के विकास में बाधक रही है। इस लिए शत.प्रतिशत लोगों को शिक्षा से जोड़े बिना सम्पूर्ण विकास की कल्पना नही की जा सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य बेहतर होगा तो निश्चित ही जिले का चहुंमुखी विकास सम्भव होगा। जिले में शिक्षाए स्वास्थ्य बेहतरी के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे है।

# असुरक्षित गर्भपात से गर्भवती महिलाओं को जान का जोखिम

**संतकबीरनगर।** महिलाओं और किशोरियों में असुरक्षित गर्भपात के जोखिम को ध्यान में रखते हुए, मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ़ प्रेगनेंसी (संशोधित) एक्ट, 2021 को समझने की ज़रुरत है जिनमें समाज और धार्मिक नेता भी शामिल हैं ताकि महिलाओं को असुरक्षित गर्भपात से बचाया जा सके। अनचाहे गर्भ से बचने के लिए कई अस्थायी व स्थायी साधनों की मौजूदगी के बाद भी असुरक्षित गर्भपात की स्थिति बनना मातृ स्वास्थ्य के लिए जोखिम से भरी हो सकता है। यदि किन्हीं कारणों से अनचाहा गर्भ ठहर भी जाता है तो सुरक्षित गर्भपात करवाना ही उचित होता है जिससे महिला की जान को जोखिम से बचाया जा सकता है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी परिवार कल्याण डॉ0 मोहन झा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में हर वर्ष कुल गर्भधारण में लगभग आधे गर्भधारण अनचाहे होते हैं। इनमें 10 में से छह अनचाहे गर्भधारण और सभी 10 में से तीन गर्भधारण गर्भपात में समाप्त होते हैं। डब्ल्यूएचओ का साफ़ मानना है कि गर्भपात तभी सुरक्षित हो सकता है जब वह प्रशिक्षित डॉक्टर की मदद से सही तरीके और सही समय पर कराया जाए। अगर गर्भपात सुरक्षित न हो तो ऐसी स्थिति में यह शारीरिक, मानसिक विकार के साथ महिला या किशोरी की मौत का कारण भी बन सकता है। इससे मातृ मृत्यु दर में भी कमी लायी जा सकती है। इसके अलावा किशोरावस्था में अनचाहे गर्भ से मुक्ति पाने और सामाजिक उलाहना से बचने के लिए भी किशोरियों को कतई असुरक्षित गर्भपात का रास्ता नहीं अपनाना चाहिए क्योंकि यह उन्हें शारीरिक व मानसिक दिक्कतों के साथ ही उनकी जान को भी जोखिम में डाल सकता है। असुरक्षित गर्भपात से होने वाली कुल मौतों में 97 प्रतिशत मौत विकासशील देशों में होती हैं। विकसित देशों में जहाँ एक लाख पर 30 महिलाओं की मृत्यु होती है वहीं विकासशील देशों में 220 महिलाओं की जान चली जाती है। विकासशील देशों में करीब 70 लाख महिलाएं हर साल असुरक्षित गर्भपात के कारण अस्पतालों में भर्ती होती हैं।

# तीन किलो 4 सौ ग्राम गांजे के साथ टापटेन अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। संतकबीरनगर



पुलिस की गिरफ्त में अवैध मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश राय द्वारा गठित टीम द्वारा सोमवार को बाघनगर से बस्ती जाने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन अस्पताल के पास से 03 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ 02 अभियुक्त सेराज पुत्र बल्लन, इसरार अहमद पुत्र इसहाक निवासीगण साफियाबाद थाना दुधारा को क्रमश: 01 किलो 600 ग्राम व 1 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 198/2022 व 199/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त इसरार अहमद पुत्र इसहाक निवासी साफियाबाद थाना दुधारा को अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गत 29, अप्रैल, 2022 को 06 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था। उक्त आदेश का तामिला अभियुक्त को पूर्व में कराया जा चुका है। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति /आदेश के जिला बदर हेतु पारित आदेश का भी उल्लंघन करते हुए जनपद की सीमा के अन्दर विचरण करते हुए पाया गया।

उक्त आदेश के उल्लंघन पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 200 / 2022 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डागर्दी नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

## मार्ग दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गम्भीर

**संतकबीरनगर।** बीती रात कोतवाली शहर के मुखलिसपुर ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों एवं राहगीरों की मदद से घायल युवकों को अस्पताल भेजवाया जा रहा था कि एक युवक ने मौके पर दमतोड़ दियां जबकि दूसरे घायल युवक को जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे भी रेफर कर दिया। जिसका शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में मृतक के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कर्रवाई की मांग की है। थाना कोतवाली खलीलाबाद के ग्राम व पोस्ट धौरहरा निवासी गोविन्द कुमार पुत्र बाबूलाल ने बताया कि 26 जून को नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 भुजराम (रिश्ते में मेरा चचेरा भाई) गांव के सुनील पुत्र नंदलाल के साथ बाइक से महुली से घर लौट रहा था। कोतवाली शहर के नूर मस्जिद स्थित मुखलिसपुर ओवरब्रिज के पास करीब रात्रि 10.20 बजे पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार करके फरार हो गयी।

# मुंडेरवा थाने से न्याय नहीं मिला तो महिला एसपी के पास पहुंची

संवाददाता। बस्ती



एसपी के यहां फरियाद लेकर पहुंची महिला

**मुण्डेरवा** थाना क्षेत्र के हल्लौरनगरा गांव में अमरूद के बाग से पांच साल के बच्चे के अमरूद तोड़ने के आरोप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कन्यावती देवी पत्नी भीम कहार को जब मुण्डेरवा थाने से न्याय नहीं मिला तो उसने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पत्र में कन्यावती देवी ने कहा है कि उसके पति बाहर जाकर मेहनत मजदूरी करते हैं, उनका पांच साल का बेटा राज अमरनाथ के बगीचे में चला गया। अमरनाथ के बेटे भरत ने उस पर अमरूद तोड़ लेने का आरोप लगाया और राज को बुरी तरह से मारा पीटा, जबकि उसने अमरूद तोड़ा भी नहीं था, इसे लेकर गांव के ही अमरनाथ, बजरंगी और उनके परिवार के सदस्यों ने कन्यावती देवी के घर में घुसकर उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये मारा पीटा। कन्यावती देवी जब न्याय के लिये मुण्डेरवा थाने पर 25 जून को गई तो पुलिस ने उसे थाने पर बैठाये रखा और बाद में कहा कि जाओ अपना इलाज करा लो, ठीक हो जाओगी। कन्यावती देवी के अनुसार उसे बुरी तरह से मारा पीटा गया है। अमरनाथ आदि धमकी दे रहे हैं कि जो भी तुम्हारी मदद करेगा उसे हरिजन उत्पीड़न के मामले में फंसाकर जिन्दगी बरबाद कर दूंगा। पीड़िता कन्यावती देवी ने पुलिस अधीक्षक से दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई, अपने परिवार के जान माल की सुरक्षा तथा डाक्टरी मुआयना कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

# आषाढ़ी अमावस्या मेले के दौरान चाक-चौबंद रहे सुरक्षा : डीएम

संवाददाता। चित्रकूट

● डीएम ने बैठक कर अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश


निर्देश देते डीएम पायनियर

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की आयोजित बैठक में आषाढ़ी अमावस्या को सकुशल सम्पन्न कराने की रणनीति तय की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास की अमावस्या का पर्व 29 जून को पड़ रहा है। जिसका मेला 28 जून से 30 जून तक चलेगा। उपरोक्त अमावस्या मेला के अवसर पर शासन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के लिए मजिस्ट्रेट/ जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। जो 29 जून को मेला क्षेत्र में अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर तैनात रहकर मेला व्यवस्था को सकुशल संपन्न कराएंगे। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से कहा कि मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी सुनिश्चित कराते हुए भ्रमण कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती स्थलों पर उपस्थित व भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि रामघाट, परिक्रमा मार्ग सहित पूरे मेला क्षेत्र में साफ सफाई तथा गोवंश वहां पर न जाएं की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि रामघाट पर साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। कहा कि लाइट तथा पानी की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पूर्व की भांति स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल संस्थान, जल निगम से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा विद्युत विभाग भी विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कर ले अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पूर्व की भांति मां मंदाकिनी गंगा रामघाट में घाट की समुचित साफ-सफाई डूबने से बचाव के लिए बैरिकेडिंग गोताखोर नाव आदि संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं कराएं। इसके अतिरिक्त मंदाकिनी गंगा के जल को प्रदूषण से मुक्त रखने तथा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था सही रहे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर भ्रमणशील रहकर यातायात संबंधी व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए उक्त मेला को सकुशल संपन्न कराएंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र राय, उप जिला अधिकारी कर्वी श्रीमती पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बंदिता श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्वी शीतला प्रसाद पांडेय आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मनरेगा संविदा कर्मी ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली

**उरई (जालौन)।** उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरार खेरा में रहने वाले मनरेगा अकाउंटेंट पद पर तैनात संविदा कर्मी ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय मोहल्ला उमरार खेरा में रहने वाले सारंगपुर निवासी रामकेश साहू 38 वर्ष पुत्र नारायण दास साहू अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रहते हैं झांसी जनपद की गुरसराय ब्लॉक में मनरेगा में अकाउंटेंट के पद पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात है आज सुबह उसने खुद को लाइसेंसी राइफल से गोली से उड़ा दिया गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने रामकेश को मृत अवस्था में देखा सूचना पाकर उरई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रामकेश के पिता का कहना था कि सफाई करने कि कह कर रामकेश ने राइफल निकाली थी लेकिन यह नहीं मालूम था कि इस तरह की घटना हो जाएगी।

## हाईवे पर डिवाइडर बनवाने की मांग को लेकर पत्रकार संघ व सपा ने एसडीम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पत्रकार संघ के सदस्य पायनियर

**हाईवे** में डिवाइडर बनवाने की मांग को लेकर पत्रकार संघ व सपा नेताओं ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

हाईवे रोजाना सड़क दुर्घटना के चलते एक माह में कई लोग जान गवा चुके है, हाल में ही 22 जून को राजमार्ग पर ऑटो व लोडर के बीच हुई भिड़ंत में तीन महिलाओं समेत दस सवारियों की मौत हो चुकी है। इस बड़ी घटना से आहत होकर मौदहा प्रेस क्लब के अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी के नेतृत्व में पत्रकारों ने उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को एक ज्ञापन भेज राजमार्ग को छह लेन का बनवाने के साथ-साथ बीच में डिवाइडर बनवाने की मांग करने के अलावा राजमार्ग में चलने वाले ओवरलोड व डग्गामार वाहनों पर लगाम लगाकर उन्हें नियमानुसार ही सड़क चलवाने की व्यवस्था की मांग की है ताकि इस राजमार्ग में हो रही लगातार घटनाओं पर अंकुश लग सके। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार सलाउद्दीन, अरुण शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, ब्लैक सर, इस्लाम अली, रमैया प्रजापति, अमित दिवेदी व जमाल भाई समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे। इसी प्रकार समाजवादी पार्टी के नेता जावेद पहलवान मेजर ने भी उप जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेज उक्त राजमार्ग को छह लेन का बनवाने के साथ-साथ उसमें अविलंब डिवाइडर बनवाने की मांग की है इसके अलावा सपा नेता ने हाल में ही ऑटो व लोडर के बीच राजमार्ग में हुई भिड़ंत में मरने वालों के परिवारी जनों को बीस लाख रुपए व घायलों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अतीक अहमद, रिहान उद्दीन, रियाजुद्दीन, रमेश वर्मा, किशोरी, इरशाद व रिजवान के अलावा अन्य सपा

## पुलिस ने जेसीबी मशीन व ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के खरौंज गांव में तालाब से मिट्टी की खुदाई कर बिक्री करने की शिकायत पर थाना पुलिस ने मौके पर जाकर जेसीबी मशीन को थाने में खड़ा कराया है। क्षेत्र के खरौंज गांव में आज दोपहर में गांव के पूरन तालाब में जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कर ट्रेक्टर द्वारा बाहर भेजी जा रही थी। इसकी शिकायत ग्रामीणोंने उपजिलाधिकारी से की तथा थाना पुलिस से भी की तब प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुरारा ट्रेनी सी ओ आशीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर गए तथा जेसीबी मशीन को बंद कराया तथा थाने में लाकर खड़ा कराया है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की मिट्टी बिक्री की जा रही है। तथा ग्राम प्रधान की शह पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है बीती रात बेरी तिराहा के पास थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

# सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विद्यालय स्तर पर हो:डीएम

संवाददाता। उरई (जालौन)



**जिलाधिकारी** चाँदनी सिंह ने लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में माध्यमिक शिक्षा विभाग की बैठक की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की जानकल्याण कारी योजनाओं का विद्यालय स्तर पर छात्रों, अभिभावकों की बीच शत-प्रतिशत क्रियान्वित हो छात्रों को मोटिवेशन प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी मात्र आवश्यक नहीं है बल्कि योजनाओं का लाभ समाज के सभी स्तरों को प्राप्त हो। इस बैठक का उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा विभाग से सम्बन्धित समस्त बोर्डों के प्रधानाचार्यों के साथ समन्वय स्थापित कर माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के पूर्ण जानकारी देकर उनके जन प्रचार से सम्बन्धित है। जिला विद्यालय निरीक्षक भगवत पटेल ने आये हुये सभी प्रधानाचार्यों को उपरोक्त योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि समाज में लोगों को जागरूक रहना चाहिये ताकि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को लाभ सभी छात्रों को मिल सके उन्होंने कहा कि जिससे ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ ले कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। स्वास्थ्य विभाग से जिला मलेरिया अधिकारी डा0 स्वर्णकार जी ने संचारी रोगों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी, संचारी रोग अभियान 01 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है, एवं इसके रोकथाम के उपाय बतायें। बैठक में आये हुये जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना की पात्रता एवं लाभ बतायें तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी लाल जी सिंह ने अभ्युदय योजना, छात्रवृत्ति योजना की मात्रतायें विस्तारपूर्वक समझायीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकुर कौशिक, नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# श्रम विभाग ने चौपाल लगाकर व्यापारियों को किया जागरुक

संवाददाता। हमीरपुर


व्यापारियों को विभाग की जानकारी देते श्रम प्रवर्तन अधिकारी

**स्थानीय** श्रम विभाग में आज व्यापारियों की एक चौपाल लगाकर उन्हे जागरुक किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि आजादी के 75वे वर्ष पूरे होने पर ग्यारह अगस्त से सत्रह अगस्त तक प्रत्येक दुकान व प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी असद खान ने व्यापारियों को विभाग की एनपीएस ट्रेडर्स,ई-श्रम,लेवर सेस,बालश्रम,दुकानों का लाइसेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। श्रम विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों के प्रश्नों का समाधान किया। बताया गया कि ग्यारह से सत्रह अगस्त तक प्रत्येक दुकान व प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय ध्वज लगाये,सभी व्यापारियों ने सहयोग करने का भरोसा दिया। इस मौके पर विवेक कुमार गुप्ता महिला अध्यक्ष समेत कई व्यापारी उपस्थित रहे।

## युवक को 24 क्वार्टर शराब में पकड़ा

**जालौन।** चौकी पुलिस ने अवैध रूप से शराब ले जा रहे व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से 24 क्वार्टर शराब और 650 रुपये नगद बरामद किए। कोतवाल शैलेंद्र सिंह को सूचना मिली कि चुंगी नंबर 4 के पास एक व्यक्ति कोई नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई कमल किशोर को मौके पर भेजा।

## क्विक न्यूज

### जिन्दा मछली निगलने से युवक की मृत्यु

**चित्रकूट।** जिन्दा मछली मुंह में दबाने के दौरान वह युवक के पेट में चली गई। परिजन इलाज की बजाय झाड़फूंक के चक्कर में पड गये। सोमवार को हालत खराब होने पर युवक की मौत हो गई। ये घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के सुवरगढा गांव में हुई। बताया गया कि शंकर (18) पुत्र राजू कोल रविवार को दोपहर दो बजे घर से बाजार जाने को निकला था। रास्ते में दोस्त मिलने पर वह बाजार न जाकर बंधा में नहाने चला गया। वहां नहाते समय मछली पकडने लगा। इसी बीच उसने एक बाम मछली को पकडकर मुंह में दबा लिया। ये देख उसके दोस्त हंसने लगे। शंकर भी उन्हें देखकर हंसने लगा। इसी बीच जिन्दा मछली उसके पेट में चली गई। मछली पेट में जाने से बेचैनी होने पर शंकर की तबियत खराब होने पर परिजन उसे मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। यहां इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शंकर के परिजन जिला अस्पताल न ले जाकर घर में उसकी झाड़फूंक कराने लगे। सोमवार को सवेरे चार बजे शंकर को बेचैनी हुई तो वह उठकर बैठ गया। कुछ देर बाद बाथरुम जाने पर वह गिर गया, उसकी मृत्यु हो गई।

### मेल्टिंग पॉइंट की नई शाखा



**लखनऊ।** दयाल हॉस्पिटैलिटी ने अपने बहुत ही नए और अनोखे उद्यम मेल्टिंग पॉइंट बेकरी के साथ 2019 में दयाल पैराडाइज से शुरू किया और सुशांत गोल्फसिटी के दयाल बाग तक विस्तारित होकर अब 26 जून को किसान बाजार विभूति खंड में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण परिवार के सबसे नए सदस्य पृथ्वीराज सिंह पुत्र पार्थ सिंह मुख्य परिचालन अधिकारी दयाल हॉस्पिटैलिटी और दयाल समूह के संस्थापक श्री राजेश सिंह के पोते द्वारा किया गया था।विभूति खंड में मेल्टिंग पॉइंट बेकरी शहर के मध्य में तीसरा आउटलेट हैए जिसमें पर्याप्त पार्किंग स्थान है। इस उद्यम की निदेशक नैनिका सिंह ने बताया कि यह शहर की सबसे प्रामाणिक बेकरी होगी जो नमकीन और ओपेरा पेस्ट्री परोसेगी।इसमें पूरे दिन का मेन्यू भी शामिल है, जिसमें नाश्ते में ताज़ा बेक किया हुआ क्रॉसिएंट भी शामिल है।

### अज्ञात कारणों से विवाहिता व मजदूर की जान गई

**चित्रकूट।** अलग-अलग दो स्थानों पर दो लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पहली घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के खप्टिहा गांव में हुई। बताया गया कि सुमन देवी की सास-ससुर ने मिलकर हत्या कर दी है। सुमन के पिता जगरुप ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को ससुरालीजन प्रताडित करते थे। रात में गला दबाकर हत्याकर शव फांसी के फंदे से लटका दिया है। सुमन का पति अंशू कुमार निमंत्रण में घर से बाहर गया था। सुमन की शादी एक साल पहले हुई थी। इस बाबत भरतकूप थानाध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम बाद तथ्यों का खुलासा होगा। फिलहाल मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली। पुलिस जांच में जुटी है। दूसरी घटना कोतवाली कर्वी में अज्ञात कारणों के चलते एक मजदूर मंगेश की मृत्यु हो गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंगेश के चचेरे भाई शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि सवेरे प्रतिदिन की भांति कर्वी से शनिवार को कोलगदहिया मजदूरी करने गया था। शाम को घर न लौटने पर मंगेश की मां फूलकुमारी ने पता लगाया तो वह रविवार को पिपरावल पुल के पास मृत अवस्था में मिला। परिजन उसे अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लाईफस्टाइल की प्रतीक्षित सेल की घोषणा

**लखनऊ ।** लेटेस्ट ट्रेंड्स के लिए भारत के अग्रणी फैशन डेस्टिनेशनए लाईफस्टाईल ने अपनी बहुत प्रतीक्षित ष्सेलष् की घोषणा कीए जो अब लाईव चल रही है। लाईफस्टाईल सेल में शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ शीर्ष फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल्स पर कई आकर्षक डील्स मिलेंगी। फैशन शॉपर्स को अपनी वारड्रोब के लिए बेहतरीन स्टाईल खरीदने को मिलेंगे क्योंकि लाईफस्टाईल महिलाए पुरुष और बच्चों की श्रेणियों में सबसे आकर्षक डिस्काउंट प्रदान कर रहा है। ग्राहकों को फोर्साए जिंजरए मेलाँज़ए कैप्पाए कोडए फेम फॉरएवर आदि ब्रांड्स का लाईफस्टाईल के लिए अद्वितीय पोर्टफोलियो और अनेक अग्रणी ब्रांड्स जैसे वेरो मोडाए लेविसए प्यूमाए लॉरिआलए टाईटनए बीबाए ओनलीए लुई फिलिपए टॉमी हिलफिगरए वॉन हॉज़नए यूनाईटेड कलर्स ऑफबेनेटन जैसे ब्रांड्स के बेहतरीन स्टाईल मिलेंगे। लाईफस्टाईल सेल सभी लाईफस्टाईल स्टोर्सए ऑनलाईन सपमिजलसमेजवतमेण्बवउ पर और एन्ड्रॉयड एवं आईफोन यूज़र्स के लिए लाईफस्टाईल ऐप पर उपलब्ध होगी। लखनऊ में लाईफस्टाईल स्टोर वन अवध सेंटर एवं फीनिक्स पैलेसियो में स्थित हैं। अपरेलए ब्यूटीए वॉचए फ्रैग्रेंसए फुटवियरए हैंडबैग्सए और एक्सेसरीज़ में लेटेस्ट ट्रेंड्स के साथ आपको बहुत आकर्षक मूल्य एवं शानदार ऑफर्स का लाभ भी मिलेगा।

# सदर विधायक ने सिंगल स्टेज डोर स्टेप राशन परिवहन को झंडी दिखाई



संवाददाता। उरई(जालौन)

**राष्ट्रीय** खाद सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उपभोक्ताओं को वितरित होने वाले सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान के परिवहन की नवीन सिंगल स्टेज डोर स्टेप परिवहन का सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने एफसीआई डिपो से हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इसी के साथ अब राष्ट्रीय खाद सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्यान भारतीय खाद्य निगम डिपो से सीधे उचित दर विक्रेताओं की उनकी दुकान तक प्रेषित किया जाएगा।इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी डिप्टी आरएमओ विकास तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पेयजल की किल्लत के चलते सपा नेता की अगुवाई में शुरू हुआ क्रमिक अनशन

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



**कस्बे** में भीषण पेयजल किल्लत को देखते हुये आज सुबह से ही जल संस्थान परिसर में सपा यूथ ब्रिगेड के याकूब गड्डी के नेतृत्व में क्रमिक अनशन शुरू हो गया इस अनशन की सूचना पर बड़ी संख्या में कस्बे वासी इन्हें समर्थन देने के लिए अनशन स्थल पर पहुंचने लगे इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता श्रीनाथ ने पत्रकारों से कहा कि जब प्यास लगे तब ही कुँवा खोदा जाए यह कहां का इंसाफ है। महीनों से लोग पानी माग रहे हैं अब नगर पालिका ने नलकूपों के लिए जो पैसा दिया उसमें भी एक नलकूप फेल हो गया है एक करोड़ सत्तर लाख रुपये में सिर्फ दो नलकूप ही खोदे जा सके उनमें भी ढाई इंच पानी देना बताया जा रहा है। इस हिसाब से देखा जाए तो तीस हजार रुपये में एक इंच नलकूप का पानी पड़ता है। उसने यह भी कहा कि सैकड़ों की तादाद में हैंडपंप खराब पड़े हैं फ्रीजर ध्वस्त हो गए हैं। समरसेबल अधिकाश खराब पड़े है। सरकार के पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है। अगर यही स्थिति रही तो क्रमिक अनशन आमरण अनशन भी में बदल सकता है। आज शुरू हुए इस क्रमिक अनशन के पहले दिन याकूब गड्डी, साकिब सिद्दीकी, नाहिद शेरू, फिरोज खान, अनशन स्थल पर बैठ गए। यह अनशन तब तक जारी रहेगा तब तक मांगे नहीं मानी जाती अनशन स्थल पर समर्थन के लिए शाहिद सिद्दीकी, बटलर खान, महबूब जुलूस, मोबीन पहलवान, जुनेद, बिल्लू, इसलामुल्लाह, मिंटू, शिबू खान, फैसल मामा, राशिद चौधरी,पिंटू,जावेद महतो के अलावा कांग्रेश के राजू शफकत उल्लाह सहित कुछ नेताओं ने भी इनके इस कार्य की मांगे जाएज ठहराई इस संबंध में जल संस्थान के अवर अभियंता विश्वलेंद्र नाथ ने कहां की हैंडपंप ठीक कराए जा रहे हैं। जो हैंडपंप खराब है। वह ज्यादातर रिबोर के हैं। इनके लिए पहले ही लिखा जा चुका है। वही नए नलकूपों के लिए नगर पालिका परिषद ने जल निगम को धन भी उपलब्ध करा दिया है। तथा किल्लत वाली जगह में टैंकर भेजे जा रहे हैं। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि तीन नलकूपों को पैसा जल निगम को पहले ही दिया जा चुका है और एक नए बोर का नलकूप भी कराए जाने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। तथा एक और नया नलकूप लगाने के लिए स्थान चयनित कर धन मुहैया करा दिया जाएगा वही जल संस्थान से हैंडपंप ठीक कराने के लिए मिस्त्री मांगे गए हैं और सूची बनाई जा रही है।

# कांग्रेसियों ने अग्निपथ योजना के विरोध में किया सत्याग्रह

संवाददाता। चित्रकूट



**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में अग्निपथ योजना के विरोध में दोनों विधानसभा के कांग्रेसियों ने कचहरी परिसर स्थित पार्क में योजना वापस लेने की मांग को लेकर सत्याग्रह किया। सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने सत्याग्रह स्थल पर कहा कि भाजपा सरकार आम जनता को लूट रही है। महंगाई, बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। अग्निपथ योजना नौजवानों के साथ छलावा है। युवकों के भविष्य के साथ खिलवाड है। सरकार से मांग है कि अग्निपथ योजना वापस लेकर सेना में पहले की भांति भर्ती कर नौजवानों को पेंशन दी जाये। चेताया कि कांग्रेस नौजवानों के हितों को सदन से लेकर सडक तक संघर्ष करेगी। वन रैंक वन पेंशन की बात करने वाली सरकार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड कर रही है। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेसी इस योजना का पुरजोर विरोध करते रहेंगे। दो करोड युवाओं को रोजगार देने की बात करने वाली सरकार आज युवाओं को चार साल का रोजगार देने की बात कर रही है। भाजपा जब से सत्ता में आई बेरोजगारी, महंगाई चरम पर है। नौजवान, किसान, व्यापारी परेशान हैं। इस मौके पर गज्जू प्रसाद फौजी, भइयालाल फौजी, कामता द्विवेदी, जगजाहिर पटेल, महेन्द्र सिंह, बोधनराम त्रिपाठी, सत्यनारायण कोल, राजेश, अरुणेन्द्र मिश्रा, शिवशंकर खंगार, धर्मेन्द्र वर्मा, रामऔतार, राकेश वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद, रमादत्त मिश्रा, श्रवण शुक्ला, यमुना शुक्ला, उमाशंकर पाण्डेय, सुनीता, रेखा, गीता, श्यामकली आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 17 जुआरियों को दबोचा

**कालपी (जालौन)।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खेत में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे जुआरियों को कालपी कोतवाली पुलिस व एसओजी ने सर्विलांस टीम की मदद से छापा मारकर 17 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जुये के अड्डे से पुलिस पुलिस के द्वारा एक लाख एक हज़ार रुपए नगदी, 6 मोटरसाइकिलें तथा 17 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़गुवा के बाहर ओमप्रकाश निवासी ग्राम सरसेला का खेत है। खेत में लगे नीम के पेड़ के नीचे जुएं का अड्डा चल रहा था। सूचना पाकर कोतवाल सन्तोष सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नन्हेलाल सिंह, ज्ञानभारती चौकी इंचार्ज अमर सिंह व एसओजी ने सर्विलांस टीम की मदद से गढ़गुवां के जंगल में घेराबंदी करके छापा मारा। इस दौरान पुलिस टीम ने हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 17 आरोपियों अजब सिंह निवासी ग्राम बैरई कालपी, शेरसिंह ग्राम शाहजहांपुर कालपी, मानवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अण्डा कोंच, जोल्हूपुर में देशी ठेका का सेल्स उदय सिंह निवासी ग्राम खुर्द भिंड मध्यप्रदेश, लोकेन्द्र सिंह निवासी ग्राम उरकराकलां कालपी, भानू प्रताप सिंह निवासी ग्राम नशीरपुर चुर्खी, श्रीमन नारायण विश्वकर्मा निवासी नसीरपुर चुर्खी, प्रतिपाल सिंह उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम नूरपुर चुर्खी, मनीष वर्मा निवासी मोहल्ला भगौरा उरई, आकाश दिवाकर निवासी ग्राम महेरा भोगनीपुर कानपुर देहात, सरूप सिंह उर्फ धाँधू निवासी ग्राम गढगुवां कालपी, अमित कुमार निवासी ग्राम महेवा कालपी, संजय कुमार निवासी ग्राम उरकराकलां कालपी, हरिशचन्द्र सिंह निवासी ग्राम शाहजहांपुर कालपी, संजय सिंह निवासी पटेल नगर उरई, रविकान्त यादव निवासी ग्राम निपनिया सिरसा कलार, प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम अनवा राजपुर को पकड़ लिया।

# पीएम कुसुम योजना का लाभ उठाकर कृषक करें ऊर्जा का संरक्षण: बाल गोविंद यादव

● उपकृषि निदेशक ने कृषकों से की योजना का लाभ उठाने की अपील


बाल गोविंद यादव

**चित्रकूट।** उपनिदेशक कृषि बाल गोविंद यादव ने समस्त किसान भाइयों से कहा है कि सिंचाई लागत को कम करने एवं विद्युत रहित क्षेत्र में उपलब्ध डीजल पंप अथवा सिंचाई के अन्य साधनों के स्थान पर सोलर पंप से सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम योजना लागू की गई है। जिसमें पीएम किसान/पारदर्शी किसान सेवा योजना में पंजीकृत कृषक 'पहले आओ पहले सोलर पंप पाओ' आधार पर विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन टोकन बुकिंग कर सोलर पंप का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उक्त साइड पर ऑनलाइन बुकिंग का संचालन एक जुलाई से उत्तर प्रदेश में प्रारंभ की गई है। जिसमें जनपद चित्रकूट को बुकिंग के लिए 3 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के उपरांत किसान को चालान के माध्यम से कृषक अंश की धनराशि एक सप्ताह के अंदर किसी भी इंडियन बैंक की शाखा में जमा करानी होगी। अन्यथा उसका चयन स्वत: निरस्त हो जाएगा और प्रतीक्षारत सूची में अगले कृषक को अवसर मिलेगा। जनपद में कुल 82 सोलर पंप स्थापना के लिए लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें 03एचपी डीसी 15, 03 एचपी एसी 30,05एचपी एसी 30,7.5 एचपी एसी 04, एवं 10 एचपी एसी फोर लक्ष्य प्राप्त है। जिस को शत प्रतिशत स्थापना कराया जाना है।बताया कि सोलर पंप की योजना को प्राप्त करने के लिए किसान भाई के पास तीन एवं 5 एचपी के लिए 6 इंच तथा 7.5 एवं 10 एचपी के लिए 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है तथा 150 फिट तक की गहराई पर उपलब्ध जल स्तर के लिए 3एचपी एवं 200 फिट गहराई पर उपलब्ध जल स्तर के लिए 5 एचपी तथा 300 फिट तक 7.5 एवं 10 एचपी के सोलर पंप के लिए उपयुक्त रहेगा। योजना में कृषक अंश 3 एचपी डीसी का 77806, तीन एचपी एसी 77384, पांच एचपी एसी 1092 55, साढ़े पांच एचपीएसी 1488 50 एवं 10 एचपी एसी 18 57 22 निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कृषक उक्त प्रक्रिया को अपनाकर सोलर पंप योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाये।